सूर्योदय 5:25 सूर्यास्त 7:30

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16 न्यू | 21 अधि |
| धर्मशाला | 23 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,433 |
| निफ्टी | 25,461 |
| सोना | 97,142 |
| चांदी | 1,07,367 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 6 जुलाई 2025 | 22 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 188, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



मंडी के बाखली रोप-वे से यात्रा व सामान ढुलाई होगी मुफ्त: मुकेश

पृष्ठ 3 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### पुंछ में आतंकी ठिकाना ध्वस्त, हथियार बरामद

**एजेंसी, पुंछ।** पुंछ में सुरनकोट तहसील के बैहराम गल्ला के डैर क्षेत्र में पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान एक आतंकी ठिकाना ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई में सुरक्षा बलों को भारी मात्रा में हथियार और सामान बरामद हुए हैं। सुरक्षाबलों ने बताया कि इस ठिकाने से तीन हैंडग्रेनेड, गोलियां, चार्ज लीड, सरिया राड, वायर कटर, चाकू, पैंसिल सैल, लाइटर सहित कई अन्य सामग्री बरामद की गई है। यह तलाशी अभियान इलाके में सुरक्षा हालात की समीक्षा और आतंकवादियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के तहत चलाया गया था। (अनंत ज्ञान)

### लालू 13वीं बार बने आरजेडी के अध्यक्ष

**एजेंसी, पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के



संस्थापक लालू प्रसाद यादव 13वीं बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए। अब वो 2028 तक आरजेडी के अध्यक्ष बने रहेंगे। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव में सभी फैसले लेने के लिए लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव को अधिकृत किया गया। पटना में शनिवार को लालू प्रसाद के अध्यक्ष निर्वाचित होने की औपचारिक घोषणा राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचंद्र पूर्वे ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद लालू यादव ने राबड़ी देवी के साथ मंच से कार्यकर्ताओं और नेताओं का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। (अनंत ज्ञान)

### नीरव मोदी का भाई अमेरिका में अरेस्ट

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** पीएनबी घोटाले के आरोपी नीरव मोदी के भाई नेहल मोदी को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह गिरफ्तारी 4 जुलाई को की गई। भारत के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नेहल के प्रत्यर्पण की अपील की थी। नेहल की जमानत पर सुनवाई 17 जुलाई को नेशनल डिस्ट्रिक्ट ऑफ होनोलूलू में होगी। अमेरिकी न्याय विभाग ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

### सुखबीर सिंह बादल तनखैया घोषित

**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व डिप्टी



सीएम और शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल को एक बार फिर तनखैया घोषित किया गया है। शनिवार को तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब से यह आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि सुखबीर को 2 बार अपना स्पष्टीकरण देने के लिए तलब किया गया था, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचे, जिस कारण उन्हें तनखैया घोषित किया है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- मुख्यमंत्री सुक्खू ने ई-टैक्सियों को दिखाई हरी झंडी -पेज 3
- लोगों की समस्याओं का समाधान ही प्राथमिकता: रोहित ठाकुर -पेज 6
- राहत की राहें कठिन, लेकिन जज्बे को सलाम -पेज 9
- एनएच-305 की बदहाली पर हो कड़ी कार्रवाई: सुरेंद्र शौरी -पेज 11
- एचपीपीसीएल और पटेल कंपनी की लापरवाही से पोवारी मार्ग कटा -पेज 12

# 20 साल बाद एक मंच पर ठाकरे परिवार, भाषा विवाद ने मिटाईं दूरियां

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को लेकर उपजे विवाद के कारण बीते कई दिनों से ठाकरे बंधुओं के साथ आने की बातचीत तेज हो रही थी। ऐसे में शानिवार को मराठी विजय दिवस रैली में दोनों भाईयों ने करीब 20 साल बाद एक साथ मंच साझा कर सारे सवालों का जवाब दे दिया।

**वर्ली में निकाली रैली में एक साथ राजनीति करने के दिए संकेत**

दोनों नेताओं ने मुंबई के वर्ली में एक बड़ी विजय रैली को संबोधित किया। इस मौके पर दोनों की तरफ से आगे साथ में राजनीति करने के संकेत दिए गए। यह रैली महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार की तरफ से स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने वाले फैसले को वापस लेने की खुशी में रखी गई थी।

बता दें कि इससे पहले 2006 में बाला साहेब ठाकरे की रैली में ये दोनों साथ दिखे थे। उद्धव को शिवसेना का मुखिया बनाने के बाद राज ठाकरे ने अलग पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बनाई थी। उस समय दोनों के रिश्ते अच्छे नहीं थे। इसके बाद सालों ये एक-दूसरे से दूर रहे। (अनंत ज्ञान)

### हम मिलकर जीतेंगे महाराष्ट्र की सत्ता: उद्धव ठाकरे

**रैली** को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम साथ आए हैं और अब साथ रहेंगे। हम मिलकर मुंबई की नगर निगम और महाराष्ट्र की सत्ता में वापसी करेंगे। इस बयान पर वहां मौजूद लोगों ने जोरदार तालियां और नारेबाजी की। उन्होंने आगे कहा कि सरकार जब-जब महाराष्ट्र पर हमला करती है, मराठी लोग एकजुट होते हैं, लेकिन बाद में फिर आपस में लड़ते हैं। यह बंद होना चाहिए।



### हिंदी से आपत्ति नहीं, लेकिन इसे थोपा न जाए: राज ठाकरे

**रैली** में राज ठाकरे ने भी राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि तीन भाषा नीति का असली मकसद मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने की साजिश थी। सिर्फ हमारे विरोध मार्च की खबर से ही सरकार को आदेश वापस लेने पड़े। उन्होंने कहा कि हिंदी से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे थोपा नहीं जाना चाहिए। अगर मराठी के लिए लड़ना गुंडागर्दी है, तो हम गुंडे हैं।

### उद्धव ठाकरे ने भाजपा और शिंदे को लिया आड़े हाथ

**वर्ली** में निकाली गई संयुक्त रैली को संबोधित करते हुए शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि बांटेंगे तो काटेंगे का नारा असल में मराठियों को बांटने के लिए था, न कि हिंदू-मुस्लिम के लिए। इसके साथ ही महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे पर भी जमकर निशाना साथा। उन्होंने उनके गुजरात में जय गुजरात बोलने की बात पर तंज कसते हुए कहा कि वह जय गुजरात बोलकर खुद को साबित करने की कोशिश कर रहे हैं।

# आपदा प्रभावित सराज क्षेत्र में अब हालात सामान्य: सीएम

## मंडी प्रशासन को युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी जिले में हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश से प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र में हालात सामान्य होने की बात कही है। उन्होंने जिला प्रशासन को युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में मीडिया से बातचीत करते हुए सीएम ने बताया कि जिन परिवारों के घर आपदा में क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें किराये के रूप में पांच हजार की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने सराज क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि जिनके मकान सुरक्षित हैं, वे अपने अतिरिक्त कमरे प्रभावित परिवारों को किराये पर देकर आश्रय प्रदान करने में मदद करें।

उन्होंने शीघ्र ही प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने की भी बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लगातार जिला प्रशासन से संपर्क में हैं और स्थिति पर निरंतर फीडबैक ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है, जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। दुर्गम क्षेत्रों तक खच्चरों के माध्यम से भी खाद्य सामग्री पहुंचाई जा रही है। सीएम ने कहा कि सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है।

**कहा- सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क**

### जंजैहली व थुनाग के लिए भेजी खाद्य सामग्री



शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**सीएम** ने बताया कि जंजैहली क्षेत्र के लिए 160 और थुनाग क्षेत्र के लिए 176 खाद्य सामग्री किट आज प्रभावित परिवारों में वितरण के लिए भेजी गई हैं। प्रशासन के पास अभी भी 665 किट स्टॉक में हैं, जिन्हें आवश्यकता के अनुसार वितरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि मौसम विभाग ने रविवार के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, और प्रदेश सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शुक्रवार से प्रभावित क्षेत्रों में हैं, जबकि लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह शनिवार से इन क्षेत्रों का दौरा कर राहत और पुनर्वास कार्यों की निगरानी कर रहे हैं।

### 1317 खाद्य सामग्री किटें वितरित

**प्रदेश** सरकार के एक प्रवक्ता ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में मंडी प्रशासन ने 4 जुलाई तक प्रभावित परिवारों को 1317 खाद्य सामग्री किटें वितरित की हैं। इन किटों में 5 किलो आटा, 5 किलो चावल, एक लीटर खाद्य तेल, एक किलो नमक, एक किलो चीनी, दो किलो दाल, 100 ग्राम हल्दी, 100 ग्राम मिर्च पाउडर और 100 ग्राम चाय शामिल है। थुनाग में 197, जंजैहली में 69, बगस्याड़ में 1000, धर्मपुर में 40 व चौंतड़ा में 11 किटें बांटीं हैं।

### प्रदेश के तीन जिलों में आज भारी बारिश का रेड अलर्ट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अगले 5 दिन भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। 6 जुलाई को 3 जिलों कांगड़ा, सिरमौर और मंडी में बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट दिया गया है। वहीं, ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कुल्लू, शिमला और सोलन में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट दिया गया है। 7 जुलाई को किन्नौर और लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य सभी 10 जिलों में ऑरेंज अलर्ट दिया गया है। 8 जुलाई को ऊना, बिलासपुर, मंडी, शिमला और सिरमौर जिला में भारी बारिश की चेतावनी है। हिमाचल प्रदेश के 4 जिलों में अगले 24 घंटे तक फ्लैश फ्लड का अलर्ट जारी किया गया है। यह चेतावनी चंबा, कांगड़ा, मंडी और सिरमौर जिला को दी गई है। वहीं, कौल डैम प्रबंधन ने जलाशय ने बढ़ते जल स्तर को देखते हुए पानी छोड़ने का निर्णय लिया है।

### मानसून सीजन में प्रदेश में अब तक 69 लोगों की मौत

**प्रदेश** में इस मानसून सीजन में अब तक (20 जून से 4 जुलाई) 69 लोगों की मौत हो चुकी है। एक की मौत लैंडस्लाइड, 8 की फ्लैश फ्लड, 14 की बादल फटने, 7 की पानी में डूबने, 2 की सांप के काटने, 3 की बिजली का करंट लगने, 6 की पहाड़ी व ऊंचाई वाली जगह से गिरने, 2 की अन्य कारणों तथा 26 की एक्सीडेंट में मौत हुई है।

## मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अपील

# समाज की समस्याओं को समझते हुए फैसला दें कोर्ट

**एजेंसी, मुंबई**

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भुषण रामकृष्ण गवई



ने शनिवार को कहा कि कानून या संविधान की व्याख्या समाज की जरूरतों को ध्यान में रखकर व्यावहारिक ढंग से की जानी चाहिए। मुंबई में बॉम्बे हाईकोर्ट की तरफ से उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि न्यायालयों को समाज की समस्याओं को समझते हुए फैसले देने चाहिए। मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा, 'कानून या संविधान की व्याख्या आज की पीढ़ी की समस्याओं के संदर्भ में होनी चाहिए। यह व्याख्या व्यावहारिक होनी चाहिए और समाज की जरूरतों के अनुरूप होनी चाहिए।' कॉलेजियम पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर न्यायपालिका की स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया जाएगा।

### न्यायाधीशों को निष्ठा से काम करने की सलाह

**मुख्य** न्यायाधीश गवई ने कहा कि न्यायाधीशों को अपने विवेक, पद की शपथ और कानून के अनुसार काम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि एक बार जब कोई मामला निपट जाए, तो न्यायाधीश को उसका पीछा छोड़ देना चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए।

### कुछ जजों के व्यवहार को लेकर मिलीं शिकायतें

**सीजेआई** गवई ने यह भी खुलासा किया कि हाल ही में उन्हें कुछ न्यायाधीशों के असभ्य व्यवहार की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने सभी न्यायाधीशों से आग्रह किया कि वे इस प्रतिष्ठित संस्था की छवि को बनाए रखें। उनका कहना था, 'न्यायाधीश होना सुबह 10 से शाम 5 तक की नौकरी नहीं है, बल्कि यह समाज और देश की सेवा करने का एक अवसर है। कृपया ऐसा कुछ न करें जिससे न्यायपालिका की छवि को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में नियुक्तियों के दौरान कॉलेजियम इस बात का पूरा ध्यान रखता है कि योग्यता, विविधता और समावेशिता (इन्क्लूसिवनेस) बनी रहे।

### सीजेआई ने की बॉम्बे हाईकोर्ट की तारीफ

**मुख्य** न्यायाधीश ने बॉम्बे हाईकोर्ट की तारीफ करते हुए कहा कि यहां उन्होंने वकील और फिर न्यायाधीश के रूप में सेवा की है और जब लोग इस कोर्ट के फैसलों की तारीफ करते हैं तो उन्हें गर्व महसूस होता है। अंत में उन्होंने सभी न्यायाधीशों से अपील की कि वे अपनी शपथ और कर्तव्य के प्रति सच्चे रहें और इस संस्था की प्रतिष्ठा को बनाए रखें, जो कई पीढ़ियों के वकीलों और न्यायाधीशों की मेहनत से बनी है।

## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण पर पर्यावरण नियमों के उल्लंघन का आरोप

# वन विभाग ने एनएचएआई पर किया केस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश वन विभाग ने हाल ही में चमियाना के पास हुए भीषण भूस्खलन के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के खिलाफ एक कड़ा मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें सरकारी वन भूमि और निजी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। इस भूस्खलन से लगभग 8,550 वर्ग मीटर संरक्षित भूमि नष्ट हो गई, आठ पेड़ उखड़ गए और एक निजी इमारत मलबे में तब्दील हो गई, जिससे अनुमानित पारिस्थितिक क्षति 2.14 करोड़ से अधिक हो गई है। विभाग का आरोप है कि यह आपदा शिमला फोरलेन के निर्माण के दौरान एनएचएआई की देखरेख में हुई लापरवाही और पर्यावरण मानकों की घोर उपेक्षा का सीधा परिणाम है।

**एनएचएआई के कारण 2.14 करोड़ का नुकसान होने का आरोप**

वन विभाग द्वारा प्रस्तुत सबूतों में कैथलीघाट फ्लाईओवर के पास अवैध रूप से मलबा डंपिंग के वीडियो भी शामिल हैं, जो यह दर्शाता है कि यह कोई एक चूक नहीं, बल्कि एक चल रहा पैटर्न है। यह चिंता तब और बढ़ जाती है जब इस परियोजना के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें दर्ज की जा चुकी हैं। 2023 में शिमला के पूर्व डिप्टी मेयर टिकेंद्र पंवार ने भी एनएचएआई के खिलाफ ऐसे ही मुद्दों पर एफआईआर दर्ज कराई थी।

### चेतावनी के बाद भी नहीं माने एनएचएआई के ठेकेदार

**पर्यावरण** कार्यकर्ता नाथूराम चौहान ने एनएच-707 (पांवटा साहिब-शिलाई) निर्माण के दौरान सिरमौर में गलत रूप से मलबा डंपिंग का मुद्दा उठाया था, जिस पर एनजीटी ने संज्ञान भी लिया था। इन पिछली चेतावनियों और कानूनी कार्रवाइयों के बावजूद एनएचएआई और उसके ठेकेदार बिना किसी जवाबदेही के तेज गति से काम जारी रखे हुए हैं।

# हिमाचल में 2592 करोड़ से बन रहे 25 एनएच: नड्डा

## बोले, हिमाचल में एनएचएआई अधिकारियों के साथ मारपीट दुखद और शर्मनाक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 2592 करोड़ के 25 राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण प्रगति पर है। इनमें से 785 किलोमीटर की सड़कें नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, 1238 किलोमीटर की सड़कें सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और 569 किलोमीटर की सड़कें बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा बनाई जा रही हैं। इनका काम 2027 तक पूरा हो जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने शनिवार को बिलासपुर जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की राज्य में चल रही परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी।

बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में उन्होंने शिमला में एनएचएआई अधिकारियों के साथ मारपीट की घटना को दुखद और शर्मनाक बताया। नड्डा ने कहा, 'जिस सरकार में रक्षक ही भक्षक बन जाए, वहां से क्या उम्मीद की जा सकती है? देवभूमि की संस्कृति को इस प्रकार की घटनाएं गहरा धक्का देती हैं।'



बिलासपुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा।

### तय समय में पूरा होंगी फोरलेन परियोजनाएं

**एनएचएआई** परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में नड्डा ने कहा कि हिमाचल में सभी फोरलेन परियोजनाओं को तय समयसीमा में पूरा करने का संकल्प लिया गया है और कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होगा। नड्डा ने बताया कि कैथलीघाट से ढली तक फोरलेन का निर्माण कार्य 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा, जबकि सोलन से कैथलीघाट तक का कार्य इसी वर्ष के अंत तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि किरतपुर से नेरचौक तक फोरलेन का कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं, नेरचौक से पंडोह तक का कार्य अगस्त के दूसरे सप्ताह तक पूरा हो जाएगा।

## सुनवाई — वक्फ बोर्ड ने फाइल इंस्पेक्शन के लिए जिला कोर्ट से मांगा समय

# संजौली मस्जिद केस की सुनवाई 11 तक टली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में विवादित संजौली मस्जिद मामले में शनिवार को जिला कोर्ट में सुनवाई हुई। एडवोकेट जगतपाल ने बताया कि वक्फ बोर्ड ने शिमला नगर निगम आयुक्त कोर्ट के फैसले की फाइल इंस्पेक्शन के लिए कोर्ट से टाइम मांगा है, जिस पर कोर्ट ने 11 जुलाई तक का टाइम दिया है। अब 11 जुलाई को यह मामला दोबारा सुना जाएगा। तभी वक्फ बोर्ड की याचिका पर अदालत का फैसला संभावित है।

पिछली सुनवाई में जिला कोर्ट ने संजौली मस्जिद केस को बहस योग्य माना था और मस्जिद तोड़ने के निगम आयुक्त शिमला के आदेशों पर स्टे दिया था। वक्फ बोर्ड ने शिमला नगर निगम आयुक्त कोर्ट के 3 मई के उन आदेशों को चुनौती दी है, जिसमें आयुक्त कोर्ट ने पूरी मस्जिद को गैर कानूनी बताते हुए तोड़ने के आदेश दिए थे।



**कोर्ट ने पिछली सुनवाई में मस्जिद गिराने पर दिया था स्टे**

### नगर निगम आयुक्त ने 3 मई को दिए थे तोड़ने के आदेश

**नगर** निगम शिमला के आयुक्त भूपेंद्र अत्री ने बीते 3 मई को पूरी मस्जिद को गैर कानूनी बताते हुए इसकी निचली दो मंजिल भी तोड़ने के आदेश दिए थे। ऊपर की तीन मंजिल को तोड़ने के आदेश बीते साल 5 अक्तूबर को दिए जा चुके हैं। इसे तोड़ने के आदेश देने से पहले वक्फ बोर्ड को कई बार मस्जिद की जमीन पर मालिकाना हक के कागज देने और मस्जिद का नक्शा देने का मौका दिया, मगर वक्फ बोर्ड इसके कागज पेश नहीं कर पाया। इसके आधार पर निगम आयुक्त ने मस्जिद को हटाने के आदेश दिए। नगर निगम शिमला आयुक्त के इसी फैसले को वक्फ बोर्ड ने जिला कोर्ट में चुनौती दी है।



## न्यूज ब्रीफ

### सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के साक्षात्कार 10 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 10 जुलाई को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक उपरोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 54 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को 17,500 से लेकर 22 हजार रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी।

### हाई बीपी हृदय रोग व स्ट्रोक का कारण : डॉ. हितेश

**आरके चौधरीख अनंत ज्ञान, रंगस।** मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति को उच्च रक्तचाप होने की संभावना अधिक होती है। उच्च रक्तचाप हृदय रोग और स्ट्रोक का कारण बन सकता है, खासकर यदि मधुमेह के साथ हो। मधुमेह और उच्च रक्तचाप दोनों एक साथ होने पर हृदय रोग का खतरा काफी बढ़ जाता है। यह बात डॉ. हितेश ने जोलसप्पड़ में आयोजित आयुष्मान आरोग्य शिविर के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही। उच्च रक्तचाप और मधुमेह को नियंत्रित करने फल, सब्जियां, साबुत अनाज और कम वसा वाले प्रोटीन का सेवन करना चाहिए तथा हर दिन कम से कम 30 मिनट व्यायाम करना चाहिए। शिविर के दौरान करीब 40 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस अवसर पर सीएचओ आरती कपूर ने आशा वर्कर संतोष कुमारी के सहयोग से निशुल्क लोगों के बीपी और शगूर के टेस्ट भी किए। इनमें 5 लोग बीपी और 3 लोग मधुमेय से पीड़ित पाए गए। जरुरतमंदों को कांउसलिंग के साथ-साथ निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

### हर्षोल्लास से संपन्न हुआ येलो कलर डे



हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में बाल वाटिका-1, 2 एवं 3 के विद्यार्थियों ने 'येलो कलर डे' अत्यंत उत्साह और आनंद के साथ मनाया। यह विशेष दिन हंसी-खुशी, रंगों की चमक और रचनात्मक गतिविधियों से भरपूर रहा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बालकों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। समन्वयक कंचन लखनपाल ने भी बच्चों की कल्पनाशीलता और प्रसन्नता की प्रशंसा की। पीले रंग की मनोहर वेशभूषा में सुसज्जित बच्चों ने कविता-पाठ, नृत्य, सब्जी छाप चित्रकला तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। इस सफल आयोजन का श्रेय बालवाटिका की समर्पित शिक्षिकाओं डेजी, अचला एवं शैलजा को जाता है, जिन्होंने अपने परिश्रम, सृजनात्मकता एवं स्नेह से इस दिन को विशेष बना दिया।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्रामीणों ने लगाए पौधे

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** टपरे पंचायत के दरकोटी गांववासियों ने एक पेड़ मां के नाम पर पीपल का पेड़ लगाया. ग्रामीणों ने पूर्ण विधि-विधान से गीत गाते हुए मंत्रो के साथ इसे रोपित किया। इस अवसर पर सूबेदार विचित्र चौहान, सूबेदार मेजर हरनाम चंद शर्मा, सूबेदार रमेश चंद, पंडित भागीरथ शास्त्री, समाजसेवी अमरजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

### राज राजेश्वरी कॉलेज में मनाया वन महोत्सव



राज राजेश्वरी कॉलेज में पौधरोपण करते गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर अशोका वृक्ष के पौधे कॉलेज के प्रांगण में लगाए गए व सभी छात्रों को रिफ्रेशमेंट दी गई। इस मौके पर कॉलेज चेयरमैन मनजीत सिंह, सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार, बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक तथा स्टाफ उपस्थित रहा।

### संस्था ने जरूरतमंद लोगों को दी आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी ने हर महीने की तरह इस महीने भी लोगों की सहायता की, जिसमें मनोज कुमार को 10,000, अनूप कुमार को 15000 , नरेंद्र कुमार को 10,000, प्रवीण कुमार को 20,000, वेसरिया राम को 10,000 रु दिए गए। संस्था के संस्थापक डॉ पीसी सैणी ने बताया कि उक्त सभी लोग अत्यंत गरीब हैं व अपनी सहायता करने में असमर्थ हैं। अतः संस्था उनकी सहायता के लिए आगे आई है।

### छात्रों को दी मतदाता पहचान पत्र बनाने की जानकारी



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में स्वीप के अंतर्गत मतदान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर, आचार्य डॉ. जितेंद्र ठाकुर, प्रो. राजीव ठाकुर (भूगोल शास्त्र) नोडल अधिकारी सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र, प्रो. शशि शर्मा नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। प्राचार्य ने युवाओं को मतदाता पत्र बनवाने और जागरूक मतदाता बनने का संदेश दिया। प्रो. राजीव ठाकुर ने छात्रों को मतदान के विषय में अवगत करवाया। मकार्यक्रम में प्रो शशि शर्मा ने स्वीप कार्यक्रम और मतदान के महत्व के उपर प्रकाश डाला।

## जिला प्रशासन ने 15 दिन में कार्रवाई नहीं की तो ट्रक यूनियन करेगी धरना-प्रदर्शन

# शरारती तत्वों की गुंडागर्दी असहनीय

- पुलिस पर लगाए कार्रवाई न करने के आरोप
- पूर्व कर्मचारी ने यूनियन के लाखों रुपए का किया घोटाला : नरेश दर्जी

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**


पत्रकार वार्ता के दौरान यूनियन के प्रधान नरेश कुमार दर्जी व अन्य पदाधिकारी।

**हमीरपुर।** हिमालयन ट्रक यूनियन का मामला पुलिस के पास भी पहुंचा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी बात को लेकर शनिवार को दी हिमालयन ट्रक ऑपरेटर सहकारी परिवहन समिति के प्रधान एवं जिला परिषद के उपाध्यक्ष नरेश कुमार दर्जी ने शनिवार को हमीर होटल में प्रेस वार्ता में यूनियन के पूर्व कर्मचारी पर यूनियन में राशि का घोटाला करने व यूनियन के भवन व दुकानों पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है।

नरेश कुमार दर्जी ने कहा कि कुछ शरारती तत्वों ने यूनियन के भवन पर कब्जा किया है। उन्होंने बताया कि यूनियन में एक क्लर्क अली मोहम्मद को रखा था, जिसने पद का दुरुपयोग करते हुए लाखों रुपए यूनियन के गायब कर दिए। उन्होंने बताया कि अली मोहम्मद ने मेंबरशिप ली और एफडी का पैसा भी अपनी जेब में डाला। कुछ महीने पहले ही अपने पद से इस्तीफा दिया है और अब अलग सोसायटी बना ली है। अब वह हमारी यूनियन का किसी प्रकार का सदस्य नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व कर्मचारी अली मोहम्मद सहित अन्य लोगों ने सोसायटी बनाकर यूनियन के भवन व दुकानों पर अवैध कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा कि 35 वर्षों से लेकर आज तक लाखों रुपए जमा हुए, लेकिन उसने हमें 12 लाख रुपए ही दिए हैं।

उन्होंने कहा कि उक्त लोगों द्वारा की जा रही गुंडागर्दी को लेकर यूनियन के पदाधिकारी व अन्य लोग एसपी से भी मिले थे, लेकिन आज तक कोई भी प्रशासन ने कोई एक्शन नहीं लिया। उन्होंने कहा कि जो अन्याय हो रहा है, उसके खिलाफ लड़ रहा हूं तो इसके लिए भी रोड़े अटकाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि तरह-तरह के झूठे एफआईआर करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस यूनियन के साथ लगभग 200 लोग जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि ट्रक यूनियन का भवन बना है, वह पूर्णतय अवैध है और इसे गिराने के आदेश तहसीलदार ने 2017 को दिए थे, लेकिन उसके बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तानाशाही से इस यूनियन पर कब्जा करना चाह रहे, लेकिन प्रशासन कुछ नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम प्रशासन को आगाह करना चाहते हैं कि तहसीलदार से जो फाइल बनी हुई है, उस पर आजतक अमल क्यों नहीं हुआ यूनियन के भवन को वर्ष 2022 में असुरक्षित किया गया है, उसे आज तक डिस्मेंटल क्यों नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि आदेश की कॉपियां भी हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि हम इस बात को लेकर हमीरपुर के डीसी से मिलेंगे।

यदि उपायुक्त हमीरपुर भी इस पर कार्रवाई नहीं करते हैं तो यूनियन उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने कहा कि यूनियन को जो अवैध कमरे और दुकानें बनी हैं, उसे तोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन यदि इस भवन को नहीं तोड़ती है तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन को आगाह किया है कि शरारती तत्व अली मोहम्मद, जमील खान, साहिल खान, राहिल खान, समीर मोहम्म्द पर कार्रवाई नहीं करते तो यूनियन और अन्य लोग धरने पर बैठेंगे। उन्होंने कहा जब कार्रवाई नहीं होती, तब तक धरना-प्रदर्शन चला रहेगा। उन्होंने जिला प्रशासन को 15 दिन का समय दिया है यदि इन 15 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा।

## नेटा कॉलेज में दस प्रोफेशनल कोर्स होंगे शुरू, 600 सीटें मंजूर

- सीएम ने लोगों को दिया बड़ा तोहफा, अधिसूचना जारी

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने नादौन विधानसभा क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात दी है। धनेटा गवर्नमेंट कॉलेज में दस प्रोफेशनल कोर्स शुरू होंगे, जिनमें कुल 600 सीट होंगी। प्रति कोर्स 60 सीटें मंजूर की गई हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने टीचिंग-नॉन टीचिंग के 66 पद भी स्वीकृत कर दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। ये कोर्स इस कॉलेज में वर्तमान शैक्षणिक सत्र से ही शुरू हो जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने 1 जुलाई को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में धनेटा में गवर्नमेंट कॉलेज में प्रोफेशनल कोर्स शुरू करने की घोषणा की थी। उनकी घोषणा को उच्च शिक्षा विभाग ने तुरंत अमलीजामा पहनाते हुए 1 जुलाई को ही अधिसूचना जारी कर दी। मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप इस कॉलेज में बीबीए, बीसीए, एमबीए, एमसीए, टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट, बीकॉम इंटर्नशिप एम्बेडेड, रोबोटिक्स, एनिमेशन एंड ड्रोन टेक्नोलॉजी, डाटा साइंस एंड क्लॉउड कंप्यूटिंग, फूड प्रोसेसिंग एंड क्वालिटी मैनेजमेंट, बीएड इंटेग्रेल कोर्स शुरू होंगे। बीबीए में 2, बीसीए में 3, एमबीए में 3, एमसीए में 3, टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट में 2, बीकॉम इंटर्नशिप एम्बेडेड में 2, रोबोटिक्स में 2, एनिमेशन एंड ड्रोन टेक्नोलॉजी में 2, डाटा साइंस एंड क्लॉउड कंप्यूटिंग में 2, फूड प्रोसेसिंग एंड क्वालिटी मैनेजमेंट में 2 व बीएड इंटेग्रेल कोर्स में 13 पद स्वीकृत किए गए हैं। सुपरिटेंडेंट ग्रेड-1 व 2 का एक, सीनियर असिस्टेंट का एक, जेओआईटी व क्लास-4 के 4-4 पद मंजूर किए हैं। लेबोरेट्री 6 स्वीकृत की हैं। लेबोरेट्री स्टाफ में सीनियर लेक्चरर असिस्टेंट की 3, जूनियर लेक्चरर असिस्टेंट की 3, लेबोरेट्री अटेंडेंट की 3, कंप्यूटर ऑपरेटर की 3 पोस्ट स्वीकृत की गई हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू का ध्येय है कि वर्तमान परिपेक्ष्य के मद्देनजर कॉलेजों में रोजगारपरक कोर्स शुरू किए जाएं ताकि युवाओं को नौकरी मिल सके। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा में वर्तमान परिपेक्ष्य के अनुसार ही योजनाएं लागू कर रहे हैं।।

## ब्यास नदी में उफान से बाधित नहीं होगी नादौन की पेयजल आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन शहर के निवासियों को अब बरसात में भी पेयजल सप्लाई बाधित नहीं होगी। लोगों को नियमित रूप से स्वच्छ जल मिलता रहेगा। इस बारे नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने शुक्रवार को जलशक्ति विभाग के अधिकारियों से बैठक की जिसमें जलशक्ति विभाग के एक्सईएन राजीव सहगल, एसडीओ अमित चौधरी भी उपस्थित रहे।



बैठक में शहर वासियों को बरसात के दिनों में ब्यास नदी में उफान के कारण पानी मटमैला होने, जलशक्ति विभाग की पेयजल उठाऊ योजनाएं जलमग्न हो जाने से उत्पन समस्याओं बारे विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में इस समस्या पर विस्तार से चर्चा की तथा निर्णय लिया गया कि नादौन शहर को बरसात के दिनों में जलशक्ति विभाग द्वारा कोहला में बनाए गए बड़े आकार के 2 परकुलेशन वैल पर भारी बरसात के पानी से कोई असर नहीं पड़ेगा। इन परकुलेशन वैल से नादौन शहर को पानी सप्लाई किया जाएगा। शम्मी सोनी ने बताया कि बरसात के मौसम में ब्यास नदी में बाढ़ के कारण आने वाली गाद से अब शहर की पेयजल आपूर्ति बाधित नहीं होगी। ऐसी स्थिति में अब शहरवासियों को निरंतर स्वच्छ जल की सप्लाई होती रहेगी। विभाग के अधिकारियों द्वारा इस बारे पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि कोहला में ब्यास नदी किनारे नए परकुलेशन वैल बनाए गए हैं, जो नदी के फ्लड जोन से काफी दूर हैं। इसके चलते अब इन के ऊपर ब्यास नदी में आने आने वाली बाढ़ का कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा शहर वासियों के लिए 24 घंटे पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए बड़ी सौगात दी गई है। यह योजना शीघ्र ही यह शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री इन कार्यों की सोधे फीडबैक ले रहे हैं।

## 31 तक बंद रहेगा हमीरपुर-भोरंज सड़क का एक हिस्सा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएमजीएसवाई के तृतीय चरण में अपग्रेड की जा रही हमीरपुर-भोरंज-जाहू सड़क के एक हिस्से पर यातायात 31 जुलाई तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि हमीरपुर-भोरंज-जाहू सड़क के लगभग 14 किलोमीटर हिस्से का कार्य आरंभ किया गया है। इस कार्य को सुचारु ढंग से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस पर वाहनों की आवाजाही 31 जुलाई तक बंद की जा रही है।

उन्होंने बताया कि इस दौरान हमीरपुर से भोरंज की ओर जाने वाले वाहन लघवाण चैक से गसोता महादेव मंदिर, गुलेला और ताल से शनि देव मंदिर चैक तक की सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। इसी प्रकार, भोरंज की ओर से आने वाहन शनि देव मंदिर चैक से ताल, गुलेला और गसोता महादेव मंदिर से होते हुए लघवाण पहुंच सकते हैं।

## पीडब्ल्यूडी कॉलोनी के पार्क व पार्किंग पर मंडराया खतरा

- भारी बारिश में नाले में फंसा कचरा लोगों की बढ़ा सकता है मुश्किलें

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**


पीडब्ल्यूडी कॉलोनी के भूमिगत नाले में फंसा कचरा, जो कभी भी मुसीबत बन सकता है।

**हमीरपुर।** शहर की पीडब्ल्यूडी कॉलोनी के इलाके में स्थित पार्क और पार्किंग के वजूद पर खतरा पैदा हो गया है। यहां भूमिगत नाले में बहुत सारा कचरा जमा हो गया है। बारिश में यह ओवरफ्लो हो रहा है। यदि बहुत जल्द इसकी साफ सफाई नहीं हुई, तो तेज बारिश में यहां बड़ा नुकसान हो सकता है।

कारण यह है कि दो दिन पहले हुई बारिश ने ओवरफ्लो करके यहां खतरे का संकेत दे दिया है। यहां काफी तादाद में गाड़ियां खड़ी होती हैं। बगल में एक दो मंजिला भवन भी है, यदि ब्लॉकेज ज्यादा हुई तो ऊपरी हिस्से में पार्क पर भी संकट पैदा हो सकता है।

बरसात के पानी ने क्योंकि निकलने के लिए अपनी जगह तो बनानी ही है, इसलिए नगर निगम के अधिकारियों को इसका संज्ञान लेना चाहिए। स्थानीय लोगों के मुताबिक इसकी जानकारी तो नगर निगम कार्यालय को दे दी गई थी। लेकिन अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**3 दिन पहले की थी शिकायत दर्ज :** दरअसल 2 साल पहले इस पार्क और पार्किंग को और सुंदर बनाने के लिए पुराने नाल को भी और दुरुस्त किया गया था, लेकिन एक जगह ऐसी है, जहां डबल पाइप पानी की निकासी के लिए डाली गई थी, वहीं सबसे बड़ी समस्या है। वहां कचरे का जमावड़ा जैसे ही जमा होता है, इस नाले के वजूद पर खतरा पैदा हो जाता है। सुंदर पार्किंग को नुकसान हो सकता है, क्योंकि यह स्थिति एक बार पहले भी कुछ साल पहले तत्कालीन नगर परिषद के प्रशासन ने अच्छी-खासी देख रखी थी।

**जल्द की जाएगी सफाई : एसडीओ** उधर, नगर परिषद के एसडीओ अश्विनी कुमार का कहना है कि इसकी जल्दी ही साफ सफाई करवा दी जाएगी, क्योंकि यहां एक जगह ऐसी है, जहां कचरे के जमा होने की स्थिति बन जाती है, इसे तत्काल रिमूव किया जाएगा।

## डंपिंग साइट के मलबे में दब गए टियाले

- कोल्हू सिद्ध मंदिर के पास एनएच निर्माण कंपनी की डंपिंग बनी मुसीबत

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**


लोगों ने निर्माण कंपनी को दिया अल्टीमेटम, एसपी से भी करेंगे शिकायत।

**टौणी देवी।** बारी मंदिर के नजदीक कोल्हू सिद्ध मंदिर के पास एनएच निर्माण कंपनी की डंपिंग अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। मानसून आने पर यह मलबा बहने लगा है जिससे मंदिर के पीपल और बड़ के टियाले दब गए हैं और लोगों की सैकड़ों कनाल जमीन बंजर हो गई है। इस बर्बादी को देखकर लोग आक्रोशित हो गए हैं।

शनिवार को बारी गांव के ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे नंबर 03 निर्माण कर रही कंपनी के सुपरवाइजर को मौके पर बुलाया और उनका घेराव किया। ग्रामीणों जयराज चौहान, देश राज चौहान, राकेश कुमार, लवली, विक्की, अर्चना चौहान, तानो देवी, मीरा, बंसला, रीनू, परवीन इत्यादि का कहना है कि कोल्हू सिद्ध मंदिर ग्रामीणों की आस्था का केंद्र है लेकिन निर्माण कंपनी लगातार इस तरफ मलबा फेंक इसे बर्बाद करने पर तुली है और लोगों की सैकड़ों कनाल भूमि भी बर्बाद कर रही है। अर्चना चौहान ने कहा कि निर्माण कंपनी को शीघ्र मलबा उठाने तथा मंदिर की तरफ पानी का बहाव रोकने का अल्टीमेटम दे दिया गया है।

पुजारी रघुबीर सिंह चौहान ने कहा कि पहले भी निर्माण कंपनी की लापरवाही से मंदिर को नुकसान पहुंचा है। पूर्व प्रधान बबिता चौहान ने कहा कि निर्माण कंपनी को लोगों की आस्था से खिलवाड़ महंगा पड़ेगा और कहा कि मंदिर टियालों पर गिराए मलबे को तुरंत हटाया जाए। ग्रामीण देश राज चौहान ने कहा कि दो दिन में कंपनी मलबा नहीं हटाएगी तो कंपनी के खिलाफ हमीरपुर के एसपी को शिकायत की जाएगी।

इस बारे निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर आर्यन शर्मा ने कहा कि आज ही कोल्हू सिद्ध मंदिर के पास पड़े मलबे को हटा लिया जाएगा। पीपल और बड़ के पेड़ों को बचाने के प्रयास होंगे।

## योद्धा की तरह लड़ रहे सीएम सुक्खू : डॉ. वर्मा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में हम जनता की सुख-शांति और तरक्की के लिए लगातार काम कर रहे हैं। 2023 आपदा से और अब 2025 आपदा से मुख्यमंत्री ने योद्धा की तरह हर चुनौती का सामना किया है और प्रदेश में बदलाव की लहर लाई है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर भी कटाक्ष किया और कहा कि 2023 की आपदा के समय में जब प्रदेश को सहायता की सबसे अधिक आवश्यकता थी, तब भी वह राजनीति करते रहे।



पिछली बार तो उन्होंने केंद्र सरकार से प्रदेश के लिए एक रुपए तक की मांग नहीं की थी। इस बार भी कमोबेश उनकी यही हालत है। उनके गृह क्षेत्र में इतना हजारों करोड़ का नुकसान हुआ है तो इस बार राजनीति को छोड़कर आपदा में प्रदेश वासियों की भलाई के लिए केंद्र सरकार से 10000 करोड़ के पैकेज की मांग करनी चाहिए। डॉ. वर्मा ने केंद्र सरकार से तत्काल 10,000 करोड़ के राहत पैकेज की मांग की। इस अवसर पर कैप्टन विक्रम सिंह, पुरुषोत्तम चंद, संजय कुमार, राजेश कुमार, कुलदीप धीमान, ज्योति व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## रिटायर्ड इंप्लाइज वेल्फेयर एसो. ने चुने 8 डेलीगेट, राज्य स्तरीय चुनाव में लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेल्फेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक यशपाल साहित्य सदन नादौन में आयोजित की गई। इसमें एसोसिएशन के राज्य स्तरीय चुनाव के लिए 8 डेलीगेट चुने गए। इनमें डीएस मिन्हास, पीडी शर्मा, प्रकाश ठाकुर, मनोहर लाल शर्मा, यशपाल, विजय कुमार चौधरी, विशंबर लाल शर्मा, मदन लाल चौधरी शामिल हैं। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्म सिंह मिन्हास ने की। बैठक में सभी पेंशनर्स से आग्रह किया गया कि वे समय रहते लाइफ सर्टिफिकेट, आईटीआर भरें ताकि किसी प्रकार की कोई समस्या न आए। बैठक में एसोसिएशन के सदस्य प्रेम दास गांव कुठार,केहर सिंह ठाकुर गांव सिल्ह व अमर नाथ शर्मा गांव दांदड़ू के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। एसोसिएशन के प्रेस सचिव सुभाष बस्सी ने बताया कि चुने गए डेलीगेट्स 6 जुलाई को एसोसिएशन की सुंदरनगर में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यकारिणी के चुनाव में भाग लेंगे। बैठक में एसोएिशन के पैटर्न पीडी शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय चौधरी, महासचिव प्रकाश चंद ठाकुर, कैशियर यशपाल राणा के अलावा बेली राम जसवाल, ओम प्रकाश शर्मा, मदन लाल चौधरी, सुदर्शना मिन्हास, बिशंबर लाल शर्मा, सुरेश रत्न, जेएन ठाकुर, रविंद्र कौशल व उद्यम सिंह जम्वाल आदि उपस्थित रहे।

## हमीरपुर कॉलेज की दो छात्राओं ने एचपीयू मेरिट में पाया स्थान, मिठाई खिला दी बधाई


कॉलेज की छात्राओं के अभिभावकों को गणमान्यों ने दी बधाई व शुभकामनाएं।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस उत्कृष्ट महाविद्यालय हमीरपुर की तीन छात्रों ने सेकेंड ईयर की एचपीयू मेरिट में स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम प्रदेश भर में रोशन किया है। कॉलेज की बीकॉम फाइनल ईयर की छात्रा खुशबू शर्मा ने सेकेंड ईयर के फाइनल परिणाम में प्रदेश भर में पहला स्थान हासिल किया है। जबकि इसी स्ट्रीम की छात्रा अक्षिता ने भी बी कॉम सेकेंड सेमेस्टर के फाइनल परिणाम में प्रदेश भर में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह बीसीए फाइनल सेमेस्टर की छात्रा मानवी ने सेकेंड सेमेस्टर के फाइनल परीक्षा परिणाम में प्रदेश भर में सातवां स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम राज्य भर में रोशन किया है। कॉलेज की मेधावी छात्रा खुशबू शर्मा और मानवी का कॉलेज में प्राचार्य डा. प्रमोद सिंह पटियाल व फैकल्टी स्टाफ ने मिठाई खिलाकर बधाई दी और उसके माता-पिता को भी इसके लिए शुभकामनाएं दी हैं। कॉलेज प्राचार्य ने फैकल्टी स्टाफ को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह सफलता छात्रा की कठिन परिश्रम, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

## मंडी के थुनाग और जंजैहली में आई आपदा के लिए नादौन वासियों ने बढ़ाए हाथ

**अनंत ज्ञान, नादौन।** समाजसेवी व भाजपा नेता सुनील शर्मा ने बताया कि मंडी के आपदा प्रभावित थुनाग और जंजैहली क्षेत्रों के लोगों के लिए खाद्य सामग्री व गर्म कपड़े एकत्रित किए जा रहे हैं और इस कार्य में नादौन शहर के युवा और समाजसेवी लोग बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि 7 जुलाई को नादौन से थुनाग और जंजैहली के लिए एक ट्राला जीप खाद्य सामग्री व गर्म कपड़ों रवाना की जाएगी ताकि उपरोक्त क्षेत्रों के प्रभावित लोगों को थोड़ी मदद मिल सके। इस मौका पर केश्व गोस्वामी, विजय चौधरी, डाक्टर अशोक, विशाल शर्मा, अनिता ठाकुर, अनिता गर्ग, स्वरूप सिंह, निशू सिंह, योगराज, वरेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे। सुनील शर्मा ने बताया यदि कोई दानी सज्जन खाद्य सामग्री व गर्म कपड़े दान देना चाहता हो तो वे इन मोबाईल नंबरों पर 8070960006, 9805610544 संपर्क कर सकते हैं।

## चंद्रधर शर्मा गुलेरी की जयंती पर सजी कवियों की महफिल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिंदी के महान साहित्यकार चंद्रधर शर्मा गुलेरी की जयंती के उपलक्ष्य पर भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग ने शनिवार को सलासी स्थित जिला भाषा अधिकारी कार्यालय एवं संस्कृति सदन में लेखक गोष्ठी और कवि सम्मेलन आयोजित किया। इसमें जिले भर के वरिष्ठ साहित्यकारों और नवोदित लेखकों ने भाग लिया तथा अपनी रचनाएं पेश कीं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखक रवि दत्त मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि, वरिष्ठ लेखक लाल चंद ठाकुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि अजीत दीवान, राकेश कुमार, रत्न चंद रत्नाकर, सुनील ठाकुर, केहर सिंह, होशियार सिंह, अशोक सोनी, सुरेंद्र कुमार, कार्तिक शर्मा, सौरभ कुमार, वरिष्ठ लोक कलाकार एवं कवयित्री मनसा पंडित, सुशीला गौतम, कमलेश कुमारी, पिंकी शर्मा और अन्य कवियों ने विभिन्न विषयों पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। सभी लेखकों एवं कवियों का आभार व्यक्त करते हुए जिला भाषा अधिकारी संतोष कुमार पटियाल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमोंसे जहां इन महान विभूतियों के कार्यों, आदर्शों और महत्वपूर्ण योगदान का स्मरण किया जाता है, वहीं नई पीढ़ी को भी इनके बारे में से जानने तथा प्रेरणा लेने का अवसर मिलता है।



भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग के कार्यक्रम में 25 लेखकों ने लिया भाग।

## जायजा

### कुलपति बोले-अतिरिक्त भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया जल्द करेंगे पूरी

# कैंपस के विस्तार व नए कोर्स शुरू करने पर फोकस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**


तकनीकी विवि के परिसर का जायजा लेते कुलपति प्रोफेसर राजेंद्र वर्मा, साथ हैं अन्य।

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कैंपस के विस्तार और नए कोर्स शुरू करने के कार्य को गति दी जाएगी। यह बात तकनीकी विवि के कुलपति प्रोफेसर राजेंद्र वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी विवि के नाम 1.97 हेक्टेयर भूमि है, जहां पर कैंपस बना है। इसके अतिरिक्त विकासनगर और दड़ूही गांव में 24 हेक्टेयर वन भूमि की एफसीए मंजूरी की प्रक्रिया प्रस्तावित है, जिसको लेकर जल्द मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुख्खू और प्रदेश सरकार से मध्यस्ता करके भूमि तकनीकी विवि के नाम हस्तातंत्रण करने को लेकर बात की जाएगी।

कुलपति प्रोफेसर राजेंद्र वर्मा ने कहा कि तकनीकी विवि को देश को बेहत्तर विश्वविद्यालय बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी, जिसके लिए जल्द ही ऐसे नए कोर्स शुरू किए जाएंगे। नए कोर्स में विद्यार्थियों की प्लेसमेंट और समाज की जरूरतों को हल करने वाले कोर्सों को ज्यादा महत्व दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व के कुलपतियों द्वारा तकनीकी विवि में शुरू किए गए कार्यों को भी और गति दी जाएगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई करने अच्छा वातावरण मिल सकें।

**समाज के मुद्दों को हल करने में भूमिका निभाएंगे विद्यार्थी :** कुलपति प्रोफेसर राजेंद्र वर्मा ने कहा कि देश और समाज के वर्तमान मुद्दों के समाधान के लिए विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने की दिशा में प्रयास किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों को रोजगार के साथ समाज के उत्थान में अपनी भूमिका निभा सकें। आने वाले समय में तकनीकी विवि परिसर और संबंधित शिक्षण संस्थानों में ऐसे कोर्सों के पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यार्थियों के सर्वांणीण विकास के लिए तकनीकी विवि परिसर व संबंधित शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

**कुलपति प्रो. राजेंद्र वर्मा ने लिया परिसर का जायजा :** कुलपति प्रोफेसर राजेंद्र वर्मा ने तकनीकी विवि परिसर का जायजा लिया। उन्होंने तकनीकी परिसर में चल रहे कार्यों सहित प्रशासनिक भवन में सभी ब्रांच में, शैक्षणिक भवन, लाइब्रेरी, लैब में भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही कैंटीन भवन व ओपन एयर थियेटर को लोकार्पण किया जाएगा। इस मौके पर कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर भी अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे।

# मंडी के बाखली रोप-वे से यात्रा व सामान ढुलाई होगी मुफ्त

## उपमुख्यमंत्री ने सराज और गोहर विधानसभा क्षेत्रों के आपदा प्रभावित इलाकों का किया दौरा

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

**गोहर।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि आपदा की इस कठिन घड़ी में प्रदेश सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। उपमुख्यमंत्री शनिवार को मंडी जिले के सराज और नाचन विधानसभा क्षेत्रों के आपदा प्रभावित इलाकों के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने जमीनी स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनके दुख को साझा किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल राहत देना नहीं, बल्कि प्रभावितों को पुनः सामान्य जीवन की ओर लौटने में हरसंभव सहायता देना है।

उपमुख्यमंत्री ने पंडोह-बाखली मार्ग पर भारी भूस्खलन से हुई क्षति का भी निरीक्षण किया और लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि क्षेत्र की 14 पंचायतों की यातायात सुविधा बहाल करने के लिए 60 मीटर लंबा वैली ब्रिज जल्द स्थापित किया जाए। उन्होंने बताया कि बगलामुखी रोपवे को आगामी आदेशों तक निशुल्क कर दिया गया है। अब तक करीब 1500 लोग इस सुविधा का लाभ ले चुके हैं और आपात स्थिति में रोपवे सेवा दूरभाष कॉल पर भी उपलब्ध रहेगी।



आपदा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र के इलाकों का दौरा करते डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

दौरे के दौरान तांदी-सरोआ क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं की जानकारी मिलने पर उन्होंने जलशक्ति विभाग को निर्देश दिए कि प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिले। उन्होंने बताया कि प्रशासन, विभागीय अमला, राहत कर्मी और स्थानीय जनता के सहयोग से पुनर्वास का कार्य तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने अपनी पूरी मशीनरी राहत कार्यों में उतार दी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत में कोई ढिलाई न बरती जाए और पीड़ितों की हर जरूरत को सर्वोपरी समझा जाए।

**शरण गांव में प्रभावितों को बंधाया ढांढस**

मुकेश अग्निहोत्री ने बाड़ा गांव का दौरा कर आपदा से बेघर हुए परिवारों से मुलाकात की और राहत शिविरों में प्रभावितों से मिले। ग्राम प्रधान जिमा देवी ने उन्हें अवगत कराया कि गांव के 42 मकान रेड जोन में आ चुके हैं और 16 मकान पूरी तरह से तबाह हो चुके हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि जलशक्ति विभाग के सभी विश्राम गृह शरणार्थियों के लिए खोल दिए गए हैं।

उपमुख्यमंत्री ने बगस्याड क्षेत्र के शरण गांव में बादल फटने और भूस्खलन के बाद बनाए गए राहत शिविरों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बिजली, पानी, भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने तनुजा ठाकुर से भी मुलाकात की, जो 30 जून की मध्य रात्रि को बादल फटने के बाद पांच घंटे तक मलबे में फंसी रही थीं। अग्निहोत्री ने उनके साहस की सराहना करते हुए उन्हें प्रदेश की बेटियों के लिए प्रेरणा बताया। इसके उपरांत मुकेश अग्निहोत्री ग्राम पंचायत स्यांज के बागा गांव के पुष्प राज व पंगलियुर आपदा में लापता व प्रभावित परिवारों से भी मिले।

इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चेत राम, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा सहित राजस्व, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### अधिकारियों के साथ बैठक में की नुकसान की समीक्षा

**उपमुख्यमंत्री** ने इससे पूर्व मंडी जिला में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की समीक्षा के लिए जिला प्रशासन व संबंधित विभागों के साथ शुक्रवार देर सायं एक बैठक की अध्यक्षता की। इसमें जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अलावा जल शक्ति, परिवहन विभाग के उच्चाधिकारियों ने भाग लिया। मुकेश अग्निहोत्री ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल आपूर्ति आंशिक तौर पर बहाल करने के लिए हरसंभव उपाय किए जाएं। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में पुरानी योजनाएं बहाल करने की संभावनाएं तलाशने को भी कहा।

उन्होंने कहा कि अकेले थुनाग क्षेत्र में ही जल शक्ति विभाग की 241 परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिनमें से 41 को शुक्रवार तक आंशिक तौर पर बहाल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जहां पाइपें क्षतिग्रस्त हुई हैं, उन क्षेत्रों के लिए नई पाइपों के आदेश दे दिए गए हैं और रास्ते खुलते ही इनकी आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से 33 रूट प्रभावित हुए हैं और इनकी बहाली के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने जिला में अब तक किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा, जल शक्ति विभाग की प्रमुख अभियंता अंजु शर्मा, सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## अनुराग ठाकुर ने दिया खनिजों व धातुओं की आत्मनिर्भरता पर जोर



**अनंत ज्ञान, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने श्रीनगर में कोयला मंत्रालय, सीआईएल, एनसीएल और सीसीएल के प्रतिनिधियों के साथ कोयला क्षेत्र में अनुसंधान और विकास, कोयला/लिग्नाइट कंपनियों द्वारा पर्यावरण मानदंडों का अनुपालन व खान मंत्रालय, जीएसआई और आईबीएम के प्रतिनिधियों के साथ खनिजों और धातुओं में आत्मनिर्भरता विषय पर तीन बैठकों के दौरान विभिन्न आवश्यक विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

## न्यूज ब्रीफ

### बटाहली में ब्यास नदी में मिला शव

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की पंचायत फस्टे के बटाहली मे ब्यास नदी में बहकर आए एक व्यक्ति का शव पंप हॉउस के पास मिला है। जानकारी के अनुसार ब्यास नदी में बह कर आई यह डेड बॉडी बटाहली में पंप हाउस के पानी की गैलरी में फंस गई थी। गांववासियों ने जब इसे देखा तो तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और पुलिस प्रशासन को दी। व्यक्ति के शव की दाईं बाजू पर आईडी लिखा हुआ हैं। मौके पर शिनाख्त करने आए जांच अधिकारी देव राज का कहना हैं की डेड बॉडी को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर भेज दिया है और हमीरपुर शव गृह में शिनाख्त के लिए रखा जाएगा।

### भाजपा भेज रही आपदा पीड़ितों को राशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल भाजपा राज्य के विभिन्न जिलों से मंडी में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए राशन किटें भेज रही है। यह जानकारी आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने दी। डॉ. बिंदल ने शिमला से जारी बयान में बताया कि इसी कड़ी में सिरमौर जिले के नाहन से आज 100 राशन किटें मंडी भेजी जा रही हैं। प्रत्येक किट में 10 किलो चावल, 10 किलो आटा, 2 किलो दाल, एक किलो नमक, एक लीटर सरसों का तेल, मसाले, माचिस और मोमबत्ती जैसी आवश्यक सामग्री शामिल है। इन 100 किटों को एक वाहन के माध्यम से मंडी रवाना किया गया। इसी तरह की राशन किटों से भरी गाड़िया राज्य के सभी जिलों से निकलेंगी। भाजपा का लक्ष्य है कि कल तक कुल 1500 राशन किटें मंडी में आपदा पीड़ितों तक पहुंच जाएं। शनिवार को नाहन से भेजी गई गाड़ी को सांसद सुरेश कश्यप ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### शिमला से सराज को भेजी गई आपदा राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला विधानसभा क्षेत्र के दोनों मंडलों, शिमला शहरी और संजौली, ने शनिवार संयुक्त रूप से सराज, मंडी क्षेत्र में आपदा राहत के लिए 120 खाद्य सामग्री की किटें भेजीं। यह पहल हाल की प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। इस मानवीय प्रयास में प्रत्याशी संजय सूद, अध्यक्ष राजीव पंडित, संजीव ठाकुर, किमी सूद, तरुण राणा, तरुण पुरी, राधे, और नमन सहित कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे। भेजी गई प्रत्येक किट में 10 किलोग्राम आटा, 10 किलोग्राम चावल, 5 किलोग्राम दालें, चीनी, विभिन्न मसाले और तेल जैसी आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल है। यह सुनिश्चित किया गया है कि किटों में पर्याप्त मात्रा में ऐसी वस्तुएं हों जो प्रभावित परिवारों की दैनिक जरूरतों को पूरा कर सकें।

## खाई में गिरने से प्रवासी व्यक्ति की मौत, अढ़ाई वर्षीय बच्ची घायल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



बच्ची को अस्पताल ले जाती पुलिस।

जोल लंबरी पंचायत के आंसला गांव में एक प्रवासी व्यक्ति मनसुख कुमार की लगभग 150 फुट नीचे गिरने से मौत हो गई, जबकि उसके साथ गिरी अढ़ाई वर्षीय बच्ची बच गई तथा गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका इलाज हमीरपुर स्थित अस्पताल में किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति दिहाड़ी-मजदूरी का कार्य करता था तथा आंसला से अपने काम से वापस जोल लंबरी आ रहा था। पंचायत उपप्रधान संजीव कुमार ने बताया कि मनसुख कुमार अपने एक साथी कंचन के साथ बाइक में अपने क्वार्टर आ रहा था। रास्ता खराब होने के चलते कंचन ने मनसुख और अपनी बेटी को बीच रास्ते में उतार दिया और उन्हें पैदल आने के लिए कहा, लेकिन काफी देर तक दोनों वहां नहीं पहुंचे, तो कंचन ने दोनों को ढूंढना शुरू किया, पर उनका कोई पता नहीं चला। उन्होंने इसकी सूचना गांववासियों को दी। पंचायत द्वारा इस बारे पुलिस को सूचित किया गया। रात को 9 बजे पुलिस तथा होमगार्ड की टीम मौके पर पहुंची। मनसुख के मोबाइल पर कॉल तो रिंग बजने पर उनका पता चला, तो वे दोनों गहरी खाई में पड़े थे। मनसुख की मौत हो चुकी थी और बच्ची घायलावस्था में पड़ी थी। बच्ची को इलाज के लिए सुजानपुर लाया गया जहां से उसे हमीरपुर स्थित जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया जहां उसका इलाज जारी है।

## राशन वितरण में फेस ऑथेंटिकेशन लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना हिमाचल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत लाभार्थियों को राशन वितरित करने के लिए आधार आधारित फेस ऑथेंटिकेशन प्रणाली शुरू कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसी के साथ अत्याधुनिक तकनीक लागू करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है।

अब तक राशन वितरण के लिए लाभार्थियों का सत्यापन ओटीपी या बायोमेट्रिक विधियों से किया जाता था। इन प्रक्रियाओं में अक्सर कई तरह की चुनौतियां आती थीं, जैसे एसएमएस डिलीवरी में विफलता या भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के बायोमेट्रिक मिलान में समस्याएं। इससे न केवल लाभार्थियों को असुविधा होती थी, बल्कि सेवा वितरण में भी अनावश्यक देरी होती थी। यह समस्या राज्य के उचित मूल्य की दुकान डीलरों की सबसे आम शिकायतों में से एक थी, जो अब पूरी तरह से दूर हो जाएगी।

**बंद होगा बायोमेट्रिक विधियों का प्रयोग**

नई फेस ऑथेंटिकेशन प्रणाली इन सभी चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करती है। अब लाभार्थियों का सत्यापन एफपीएस डीलर के स्मार्टफोन में लगे कैमरे से चेहरे की स्कैनिंग के माध्यम से किया जाएगा। यह प्रक्रिया एक सुरक्षित मोबाइल एप्लिकेशन के जरिए संचालित होती है, जिससे नेटवर्क कनेक्टिविटी या बायोमेट्रिक हार्डवेयर पर निर्भरता पूरी तरह समाप्त हो जाती है।

### सत्यापन की सफलता दर में बेहतर सुधार



**सीएम** के प्रधान सलाहकार (नवाचार, डिजिटल तकनीक एवं शासन) गोकुल बुटेल ने शनिवार को शिमला में इस पहल की घोषणा करते हुए बताया कि इस पहल के कार्यान्वयन से सत्यापन की सफलता दर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और पूरी प्रक्रिया में लगने वाला समय भी बहुत कम हो गया है। इसके परिणामस्वरूप, अब लाभार्थियों को उनके हक का राशन बिना किसी देरी के समय पर मिल पाएगा, जिससे जनकल्याण सेवाओं की दक्षता और सुगम पहुंच और अधिक सुदृढ़ होगी।

### ई गवर्नेंस में करेगा एक नया मुकाम हासिल

**यह** डिजिटल क्रांति न केवल हिमाचल प्रदेश को ई-गवर्नेंस में एक नया मुकाम देगी, बल्कि देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक आदर्श प्रस्तुत करेगी कि कैसे तकनीक का उपयोग कर नागरिक सेवाओं को अधिक पारदर्शी, कुशल और सुलभ बनाया जा सकता है।

## राज्यपाल ने श्री राम के मूल्यों को समाज में प्रसारित करने पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राज भवन में श्री राम की मूर्ति की पूजा अर्चना करते हुए राज्यपाल और उनकी धर्मपत्नी।

राजभवन परिसर में शनिवार को भगवान श्रीराम की दिव्य प्रतिमा की स्थापना की पहली वर्षगांठ अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। इस शुभ अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला के साथ पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की।

राज्यपाल ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विशेष पूजा में भाग लिया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भगवान श्रीराम की यह दिव्य प्रतिमा मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों का प्रतीक है, जिनका जीवन हमें सत्य, धर्म, विनम्रता और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आगे कहा कि राम राज्य की भावना को प्रत्येक व्यक्ति के हृदय और घर तक पहुंचाना आज समय की मांग है। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रीराम के शासन की भांति सुशासन, करुणा और निःस्वार्थ सेवा आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं और इन्हीं मूल्यों को समाज में प्रसारित करने की आवश्यकता है।

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने ई-टैक्सियों को दिखाई हरी झंडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- बोले-युवाओं के लिए रोजगार व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम
- हिमाचल में ई-टैक्सी योजना से युवाओं को मिल रहा रोजगार सरकार दे रही 50 फीसदी सब्सिडी

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के तहत 20 ई-टैक्सियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। योजना के तहत, राज्य सरकार ई-टैक्सी खरीदने के लिए युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान करती है। अब तक 59 पात्र युवाओं को 4.22 करोड़ रुपए वितरित किए जा चुके हैं, और जल्द ही 61 अन्य लाभार्थियों को भी सब्सिडी जारी की जाएगी। यह पहल युवाओं को न केवल आय का एक सुनिश्चित साधन प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें सरकारी कार्यालयों से जोड़कर 5 साल की अवधि के लिए रोजगार भी सुनिश्चित कर रही है, जिसमें 2 साल के विस्तार का प्रावधान भी है।

मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि प्रदेश सरकार की नीतियां पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर बनाई जा रही हैं। जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को देखते हुए, ई-वाहनों और ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा देना समय की मांग है।

आरजीएसएसवाई जैसी योजनाएं इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जो राज्य के वित्तीय बोझ को कम करने में भी मदद करेंगी। सरकार का लक्ष्य सतत विकास और पर्यावरणीय स्थिरता सुनिश्चित करना है, जिसके तहत ई-वाहनों को बढ़ावा देना एक प्रमुख रणनीति है।




ई-टैक्सी को हरी झंडी दिखाने के बाद सीएम सुक्खू अपना संबोधन करते हुए।

### युवाओं के सशक्तिकरण पर सरकार का जोर

**मुख्यमंत्री** ने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार युवाओं के लिए सरकारी और स्वरोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के माध्यम से विदेशों में बेहतर वेतन पैकेज वाले रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि लोगों का शोषण न हो। एचपीएसईडीएस को भर्ती एजेंसी के रूप में लाइसेंस प्राप्त हुआ है और अब यह विभिन्न देशों के महावाणिज्य दूतावासों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर सकता है।

### दिल्ली एम्स की तर्ज पर होंगे सरकारी मेडिकल कॉलेज

**इसके** अतिरिक्त, सरकार ने विभिन्न सरकारी विभागों में सुधार किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। हिमाचल प्रदेश शिक्षा गुणवत्ता में देश में 21वें स्थान से 5वें स्थान पर आ गया है, और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एम्स दिल्ली की तर्ज पर अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए भी काम चल रहा है।

## हिमाचल के लिए माकपा ने की तत्काल राहत और दूरगामी नीति की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- प्रदेश में हुए नुकसान पर सीपीआईएम ने जताई चिंता
- केंद्र से लगाई 2000 करोड़ की फौरी मदद की गुहार

हिमाचल प्रदेश में हाल ही में हुई भारी बारिश और उसके कारण हुए जान-माल के भारी नुकसान पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की राज्य कमेटी ने गहरी चिंता व्यक्त की है। पार्टी ने इस आपदा में जान गंवाने वाले 69 लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की, जबकि 37 लोग अभी भी लापता हैं।

सीपीआईएम ने जोर देकर कहा है कि इस संकट की घड़ी में वह प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है, क्योंकि इस अभूतपूर्व आपदा से लगभग 700 करोड़ रुपए का अनुमानित नुकसान हुआ है, जिसने मंडी, कुल्लू, कांगड़ा, शिमला, सिरमौर और चंबा जैसे जिलों को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है।

प्रदेशभर में पेयजल आपूर्ति, परिवहन और बिजली जैसी मूलभूत सेवाएं बाधित हैं, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सैकड़ों सड़कें टूटी हुई हैं, पेयजल योजनाएं ठप हैं और मोबाइल सेवाएं भी पूरी तरह से बंद हैं। पार्टी ने बताया कि कई क्षेत्रों में अभी भी राहत कार्य सुचारु रूप से नहीं चल पा रहे हैं, जिससे राशन की आपूर्ति बाधित है और लोग आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं।

सीपीआईएम की राज्य कमेटी ने केंद्र सरकार से हिमाचल को फौरी राहत के तौर पर कम से कम 2000 करोड़ रुपए और अन्य आवश्यक संसाधन तुरंत उपलब्ध कराने की मांग की है। इसके साथ ही, पार्टी ने केंद्र से भविष्य में जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न होने वाली ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए वैज्ञानिक शोध पर आधारित एक ठोस राष्ट्रीय नीति बनाने और उसे लागू करने का आग्रह किया है।

सीपीआईएम ने राज्य सरकार से युद्धस्तर पर राहत कार्य चलाने, सभी विभागों में तालमेल के लिए एक टास्क फोर्स गठित करने और प्रभावितों को पर्याप्त राहत व मुआवजा सुनिश्चित करने की अपील की है।

## सर्वपल्ली कॉलेज में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह और स्थापना दिवस

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**

सर्वपल्ली राधाकृष्णन बीएड, एमएड संस्थान नोगली में वार्षिक समारोह व स्थापना दिवस समारोह 2024-25 बढ़ी धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक समारोह के साथ साथ संस्थान के अध्यक्ष डॉ. मुकेश शर्मा का जन्म दिवस अत्यंत हर्षोलास के साथ मनाया गया।

संस्थान की प्रधानाचार्या डॉ. सीमा भारद्वाज ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी तथा अपने संबोधन में सर्वप्रथम संस्थान के अध्यक्ष को उनके जन्म दिवस की बधाई दी।

डॉ. शर्मा ने अपने वक्तव्य में अमूल्य विचारों के बीच कॉलेज की प्रगति पर प्रकाश डाला और कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मसंयम, विद्यालय की प्रगति में सहयोग देना और अभिभावकों से संपर्क स्थापित करना होता है। शर्मा ने कहा कि मानव कल्याण शिक्षा समिति का मुख्य उदेश्य गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ व्यक्ति का चहुमुखी विकास करवाना है।



सर्वपल्ली राधाकृष्णन कॉलेज में वार्षिक समारोह प्रस्तुत करते स्टूडेंट्स।

अंत में अपने वक्तब्य में डॉ. शर्मा ने सभी प्रशिक्षु छात्र के उज्ज्वल भविष्य कि कामना करते हुए सर्वपल्ली परिवार के सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग को उनकी कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए वार्षिक पारितोषिक एवं स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के समापन समारोह में उपमंडल दंडाधिकारी कुमारसैन मुकेश शर्मा ने शिरकत की और प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर प्रेरणा दायक संबोधन देकर अपना आशीरवाद दिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि व वशिष्ट अतिथि द्वारा संस्थान की पत्रिका 'दिव्यांश' के 12वें संस्करण का विमोचन किया गया। तदोपरांत छात्र-छात्राओं द्वारा एकल डांस, नाटिका, समूह नृत्य में राजस्थानी नृत्य, बंगाली नृत्य, दुर्गा पूजा उत्सव, हिमाचली नृत्य व तरह तरह की झलकियां जैसे प्रसंगों पर अपनी प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त किन्नौरी, कांगड़ी, कुलवी नाटी ने समारोह में समां बांधा।

**संवेदना** | सड़कें नहीं हुईं बहाल, 10 किमी पैदल चलकर लंबाथाच तक पहुंचे नेता प्रतिपक्ष

## मुख्य सड़कें बहाल करना प्राथमिकता, बीआरओ से लेंगे मदद: जयराम

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि 5 दिन बाद भी अभी तक प्रमुख सड़कें बहाल नहीं हो पाई हैं, जबकि हमने पहले ही दिन बता दिया था कि रास्ते किस तरीके से खराब हैं। मुख्य सड़कों को बहाल करने के लिए हम बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन से भी मदद लेंगे। वह शनिवार को सराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं, वह लंबाथाच तक पहुंचे। इस दौरान वह थुनाग भी पहुंचे, जहां पर इस बार की त्रासदी में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।



आपदा प्रभावित जगहों का दौरा करते पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर।

आपदा प्रभावितों से उन्होंने मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की। साथ ही सभी परिवारों को हौसला भी दिया कि हम हिम्मत नहीं हारने वाले बहुत जल्दी हम फिर से उठ खड़े होंगे। उन्होंने कहा कि थुनाग क्षेत्र में ही आपदा की वजह से सर्वाधिक नुकसान हुआ है। लोगों के घर बगीचे दुकान, मकान, पशुशालाएं सब बह गए हैं। यह सब हम फिर से बना लेंगे। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि सबसे दुखद और पीड़ादायक यह है कि बहुत लोगों को हमने इस त्रासदी में खो दिया है, जिनसे फिर हम कभी नहीं मिल पाएंगे।

उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर को पत्र लिखकर आपदा प्रभावितों की अधिकाधिक मदद का आग्रह किया।

जयराम ने इस दौरान मौके पर उपस्थित प्रशासन के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश भी दिए। थुनाग दौरे पर उन्होंने बाढ़ प्रभावितों से राहत शिविरों में जाकर मुलाकात की और व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस दौरान थुनाग के एसडीएम रजत सेठी भी उनके साथ रहे। थुनाग पहुंचने के लिए रास्ते बंद होने की वजह से नेता प्रतिपक्ष अपने घर से ही पैदल चलकर थुनाग पहुंचे। वहां पर राहत कार्यों का जायजा लिया और फिर थुनाग से लंबाथाच पहुंचकर आपदा प्रभावितों से मिले। दस किलोमीटर से ज्यादा की पैदल यात्रा में हर जगह पर तबाही का ही मंजर नजर आया।

### राहत शिविरों में लोगों को अविलंब पहुंचाएं राशन

जयराम ने वर्तमान में राहत शिविरों में रह रहे लोगों की सूची बनाई, जिससे उनकी आगे भी मदद की जा सके। उन्होंने ने बताया कि भराड़ी में 50 लोग, शरण में 50 लोग, सुराह में 40, लंबाथाच में 20, थूनाड़ी में 130, पखरैर में 40, जरेड़ में 25 लोग, देजी झुंडी में 30, बहलीधार में 5, मुरहाला में 60, लेह थाच में 35 काहरा में 15 लोग और कदौण 60 लोग राहत शिविरों में हैं। उन्होंने कहा कि राहत शिविरों में लोगों को राशन अभिलंब भेजने का प्रबंध किया जाए। सेना के जवान राशन उठा कर लोगों तक पहुंचा रहे हैं। पुलिस, प्रशासन, अन्य सभी विभाग, आम लोग, समाजसेवी सब आगे आ रहे हैं। उन्होंने सभी का इस मौके पर आपदा प्रभावितों का साथ देने के लिए आभार जताया। शाम को लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य भी थुनाग पहुंचे नेता प्रतिपक्ष ने उनके साथ भी थुनाग का दौरा किया और वहां हुए नुकसान से अवगत करवाया।

# जोखिम वाले स्थानों से दूर रहें लोग : डीसी

## हेमराज बैरवा ने मैनपावर को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रखने के दिए निर्देश

संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान

**धर्मशाला।** बारिश के रेड अलर्ट के मद्देनजर डीसी हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में हाई लेवल मीटिंग हुई। जिले में रविवार को रेड अलर्ट जारी किया है। डीसी ने कहा कि जिले में भारी बारिश के चलते किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान न हो, उसके लिए प्रशासन पूर्ण रूप से तैयारी में जुटा हुआ है।

उन्होंने जिलावासियों से आग्रह किया कि रेड अलर्ट एवं बरसात के मौसम के चलते कोई भी व्यक्ति नदी नालों एवं जोखिम भरे क्षेत्रों के नजदीक न जाए, ताकि किसी भी प्रकार का कोई नुकसान न हो। बैरवा ने कहा कि गत दिनों मनूनी खड्ड और मंडी में हुए भारी नुकसान को ध्यान रखते हुए प्रशासन को मुसतैद रहने के लिए कहा गया है। उन्होंने सभी समस्त प्रशासनिक अधिकारी एवं संबंधित विभाग किसी भी विकटतम परिस्थिति से पार पाने के लिए अपने से संबंधित मशीनरी एवं मैनपावर को तैयार रखेने के निर्देश जारी किए।



डीसी ने बरिश के रेड अलर्ट के चलते जिला अधिकारियों के साथ की बैठक।

### 24 घंटे एक्टिव रखा जाए कंट्रोल रूम

**डीसी** ने जिला के समस्त एसडीएम व एनएचएआईव लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला एवं उपमंडल स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम को 24 घंटे एक्टिव रखा जाए। लैंडस्लाइड व खतरे की जद वाले मार्ग एवं पुलों पर वाहनों की आवाजाही न हो, उन मार्गों को वैकल्पिक मार्गों में बदला जाए। जहां वैकल्पिक मार्ग न हों, ऐसे स्थान पर विभागीय कर्मचारियों एवं मशीनरी की तैनाती सुनिश्चित हो। रविवार को महामहिम दलाई लामा के जन्मदिन के उपलक्ष पर मैक्लोडगंज में वाहनों की आवाजाही बढ़ने की आशंका है, जिसके मद्देनजर उन्होंने धर्मशाला मैक्लोडगंज मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही को स्थगित करने के भी निर्देश दिए। डीसी ने स्वास्थ्य एवं खाद्य पूर्ति विभाग के अधिकारियों से खाद्य सामग्री व आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता संबंधित संस्थानों में सुनिश्चित करने को कहा, ताकि क्षेत्र विशेष का जिले के अन्य भाग से कट जाने की स्थिति में संबंधित एरिया में दवाइयां व खाद्य सामग्री उपलब्ध रहे। उन्होंने पटवारी, पंचायत सचिव एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला मुख्यालय के संपर्क में रहें।

### पौंग डैम से पानी छोड़ने से पहले दें सूचना

हेमराज बैरवा ने पौंग डैम अधिकारियों को कहा कि डैम से पानी छोड़ने की पूर्व सूचना निचले क्षेत्रों को समय पर देना सुनिश्चित की जाए व फ्लड संभावित पंचायतों में हूटर, डेंजर जोन की मार्किंग से छूटे एरिया को शीघ्र चिन्हित कर व्यवस्था की की जाए। डीसी ने अन्य विभागों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे अपने विभाग से संबंधित मशीनरी उपकरण व मैनपावर को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रखें। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार, मुख्य अभियंता जल शक्ति, लोक निर्माण, विद्युत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एसडीएम धर्मशाला, कांगड़ा, जवाली, आदेशक, होमगार्ड, एसडीआरएफ सहित विभिन्न जिला अधिकारी मौजूद रहे।

# बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर करेंगे मतदाता प्रविष्टियों का सत्यापन : एडीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को निर्वाचन विभाग की बैठक हुई। प्रशिक्षण कार्यशाला में जिला कांगड़ा के सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, निर्वाचन कानूनगो और डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने भाग लिया।

उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कांगड़ा, नायब तहसीलदार निर्वाचन, कंप्यूटर प्रोग्रामर और सहायक प्रोग्रामर ने उपस्थित प्रतिभागियों को निर्वाचन की प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, 21 जुलाई से 21 अगस्त तक बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर निर्वाचकों का बूथ लेवल ऐप के माध्यम से मतदाता सूचियों का सत्यापन करेंगे। इसी अवधि के दौरान 21 जुलाई से 3 अगस्त तक सेक्टर अफसर एवं नोडल अधिकारियों की ओर से मतदान केंद्रों का सत्यापन किया जाएगा। नए मतदान केंद्रों की स्थापना के लिए प्रस्ताव प्राप्त किए जाएंगे। 8 जुलाई से 17 जुलाई तक जिला कांगड़ा के समस्त विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें निर्वाचन कार्यों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त ने समस्त लोगों से आग्रह किया है कि मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित बनाने तथा इस अवधि में बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं की सभी प्रविष्टियों का सत्यापन करने में सहयोग करें।


अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार की अध्यक्षता में हुई निर्वाचन विभाग की बैठक।

## ग्रामसभाओं में स्वच्छता अभियान होगा मुख्य मुद्दा

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** विधानसभा नूरपुर के अंतर्गत आने वाली सभी पंचायतों में जुलाई के पहले हफ्ते से शुरू होने वाली ग्रामसभा की बैठकें अलग पंचायतों में अलग-अलग तारीखों में 12 जुलाई तक चलेंगी। नूरपुर विकास खंड अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि इस बार 8 जुलाई से ग्रामसभा की बैठकें शुरू कर दी जाएंगी तथा अलग-अलग पंचायतों में 12 जुलाई तक लगभग सभी पंचायतों की बैठकें संपन्न कर दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि इन बैठकों में विकास कार्यों से लेकर बीपीएल परिवारों के चयन के लिए आए हुए आवेदनों पर पंचायत स्तरीय कमेटी फाइनल मुहर लगाकर लिस्ट खंड स्तरीय कमेटी को भेजेगी।

**बीपीएल के साथ साथ प्लास्टिक वेस्ट पर भी रहेगा जोर**

इसके अलावा बैठकों के जरिए भारत स्वच्छता अभियान को भी चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के निष्पादन पर जानकारी साझा की जाएगी। इसके अलावा सरकार द्वारा जारी स्वच्छता सेस जो निर्धारित किया गया है, उस विषय पर भी चर्चा की जाएगी।

# पेंशनर्स की लंबित बकाया राशि और ग्रेच्युटी का जल्द किया जाए भुगतान

भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान

**नूरपुर।** विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम नूरपुर, जवाली, फतेहपुर, गंगथ, इंदौरा, कोटला यूनिटों के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक विद्युत विश्रामगृह बोढ जसूर (नूरपुर) में विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम के राज्य उपाध्यक्ष पवन मोहल की अध्यक्षता में हुई। पवन मोहल ने कहा कि प्रदेश विद्युत बोर्ड कर्मचारियों, इंजीनियर कर्मियों एवं पेंशनर्स की ज्वॉइंट एक्शन कमेटी ने मांगों को लेकर, स्वीकृत पदों को समाप्त करने के विरोध में, रिटायर कर्मचारियों को वित्तीय लाभ न देने के विरोध में धर्मशाला में 9 जुलाई को होने वाली महापंचायत में भाग लेंगे। कांगड़ा जिले की इस महापंचायत में भाग लेने के लिए इन सभी यूनिटों से 240 पेंशनर्स भाग लेंगे।

उन्होंने कहा कि 1 जनवरी 2016 से 31 मार्च 2022 तक रिटायर कर्मचारियों को संशोधित वेतनमानों की बकाया राशि, जिसमें रिवाइज ग्रेच्युटी की 20 फीसदी बकाया राशि, रिवाइज लीव- इन-कैशमेंट, संशोधित वेतनमानों की बकाया राशि की पहली किस्त 50 हजार रुपए का भुगतान नहीं किया गया है। रिटायर कर्मचारियों को सितंबर 2023 के बाद लीव इन कैशमेंट, मार्च 2024 के बाद ग्रेच्युटी की राशि का भी भुगतान नहीं किया गया। इस कारण पेंशनरों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने मांग की कि वित्तीय लाभों को बोर्ड प्रबंधक वर्ग शीघ्र जारी करे। उन्होंने कहा कि समय रहते वित्तीय देनदारियों को बोर्ड प्रबंधन जारी नहीं करता तो प्रदेशभर में आंदोलन को तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युक्तिकरण के नाम पर विद्युत बोर्ड में पदों को खत्म किया जा रहा है, लगभग 12000 स्वीकृत पद रिक्त हैं। इन पदों पर जल्द भरा जाए। इस अवसर पर नूरपुर यूनिट प्रधान मानसिंह धीमान, सचिव अरुण सहोत्रा, जिला मुख्य सलाहकार इं, कुल जीवन डोगरा फतेहपुर, जिला सलाहकार देवराज आदि मौजूद रहे।



जसूर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम के राज्य उपाध्यक्ष पवन मोहल ने की।

## खनन प्रतिबंध का उल्लंघन किया तो होगी सख्त कार्रवाई : मलेंद्र

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** पंजाब राज्य की सीमा से नूरपुर, जवाली, इंदौरा और फतेहपुर क्षेत्रों में पहली जुलाई से 15 सितंबर तक खनन गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। नूरपुर स्थित खनन कार्यालय के तहत पड़ते क्षेत्र में 15 सितंबर तक खड्डों, नालों, नदियों, खनन पट्टों में खनन गतिविधियां पूरी तरह से बंद रहेंगी। इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित खनन प्रतिबंध का यदि किसी ने उल्लंघन किया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है और नियमों का पालन अनिवार्य है। वर्षा ऋतु में खनन न केवल अवैध है बल्कि पर्यावरण के लिए भी घातक सिद्ध हो सकता है। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में सतत निगरानी रखी जाए और अवैध खनन की किसी भी सूचना पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने आम जनता और खनन पट्टाधारकों से भी आग्रह किया कि वे इस नियम का पूरी तरह पालन करें और पर्यावरण संरक्षण में प्रशासन का सहयोग करें।

## घर के बड़े बुजुर्ग परिवार की आधारशिला : मैथ्यू



माउंट कार्मल स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स-डे मनाया गया।

अनंत ज्ञान, गगल

हमारे समाज में किसी भी परिवार में बड़े बुजुर्ग दादा-दादी, नाना-नानी स्तंभ होते हैं, जिनके ऊपर पूरा परिवार खड़ा होता है। बड़े बुजुर्गों के संस्कार ही बच्चों के जीवन का आधार होते हैं। यह बात माउंट कार्मल स्कूल में आयोजित ग्रैंड पैरेंट्स-डे की अवसर पर स्कूल के फादर मैथ्यू ने कही। उन्होंने कहा कि बच्चों को चाहिए कि वह अन्य गतिविधियों के साथ अपने बुजुर्गों को भी पूरा मान सम्मान दें और कुछ समय उनके पास बैठकर उनके अनुभव ग्रहण करें। प्रिंसिपल रजिना पॉल, फादर जॉन्सन ने बताया कि समारोह में बच्चों ने नृत्य के माध्यम से और गीत संगीत के माध्यम से बुजुर्गों सम्मान किया।

## पठानकोट में जजों ने कोर्ट परिसर में रोपे पौधे


अनंत ज्ञान, पठानकोट। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पठानकोट के चेयरमैन सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश जतिंदर पाल सिंह खुरमी के नेतृत्व में एक जज, एक पेड़ अभियान के तहत जजों द्वारा कोर्ट परिसर पठानकोट में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए तथा उनकी देखभाल करने की शपथ भी ली। इस अवसर पर सत्र न्यायाधीश जतिंदर पाल सिंह खुरमी ने कहा कि आज के तनावपूर्ण माहौल में लोग बीमारियों का शिकार हो रहे हैं, भूजल स्तर नीचे जा रहा है, जिसे देखते हुए प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है कि वह बरसात के मौसम में एक पौधा अवश्य लगाएं, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी को बीमारियों से बचाया जा सके।

## साधन कुटीर बीड़ में 10 को मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** ब्रह्मलीन महात्मा शेष राम जी साधन कुटीर प्रबंध समिति बीड़ की बैठक डॉ. राम कुमार सूद की अध्यक्षता में हुई। इसमें निर्णय लिया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई को साधन कुटीर बीड़ में धूमधाम से मनाया जाएगा। महात्मा शेषराम जी के अंतरंग शिष्य बलदेव राजसूद ने बताया कि प्रातः 8 बजे सुंदरकांड कांड का पाठ, 9:30 बजे हवन यज्ञ, 10 बजे गुरुजी तथा गुरुमाता की समाधियों पर गुरु पूजन तथा 11: 30 भंडारा लगाया जाएगा। प्रबंध समिति ने अनुरोध किया कि गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व में पधारकर पुण्य के भागी बनें। बैठक में सर्व डॉ. राम कुमार सूद, गौरी लाल सूद, किशोरी लाल शर्मा, राजेश कटोच, अजय सोनी, एकांत आदि ने भाग लिया।

## पीएचसी राजा का तालाब में की क्षयरोग की जांच

रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान

**फतेहपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजा का तालाब में क्षयरोग (टीबी) की जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

धर्मशाला से आई टीम ने लोगों की छाती के एक्सरे लिए। टीम ने लोगों के छाती के एक्सरे किए।

इस मौके पर बीएमओ फतेहपुर रिचा महरोत्रा, बीपीएम जीवन कुमार, स्वास्थ्य शिक्षक राजिंदर धीमान, ब्लॉक एकाउंटेंट प्रवीण सिंह, एसटीएस पंकज कुमार, सीएचओ अमनीष कौर, पूजा ठाकुर, शिवानी शर्मा, सुनीता देवी, फीमेल वर्कर दीपिका, रेणु कुमारी, अमृता कौंडल, नीतू कुमारी, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

वहीं, जांच के दौरान लक्षण पाए जाने वाले मरीजों को निक्षय पोषण किट वितरित को जाएगी।



पीएचसी राजा का तालाब में छाती के क्षयरोग की जांच के बाद खड़े लोग।

# परमार ने कार्यकर्ताओं का बढ़ाया जोश और बूथ को मजबूत करने पर की चर्चा

## गुप्तेश्वर महादेव सामुदायिक भवन में हुई थुरल भाजपा मंडल की बैठक


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के स्वर्णिम कार्यकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान

**डरोह।** थुरल भाजपा मंडल की मासिक बैठक गुप्तेश्वर महादेव सामुदायिक भवन थुरल में मंडल के अध्यक्ष विकास धीमान की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने शिरकत की। उन्होंने कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाया और कार्यकर्ताओं को बूथ को कैसे मजबूत करें, पर विस्तार से चर्चा की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के स्वर्णिम कार्यकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महामंत्री विजय राणा, भंडारी राम, उपाध्यक्ष सरोज शर्मा, सचिव सरिता राणा, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रवेश शर्मा, संजय जम्वाल, अनूप गुलेरिया, बलराम सिंह, राज धीमान, यशपाल सिंह, अश्वनी शर्मा, सरिता गुलेरिया, पवना देवी, विनोद मेहरा, सलमा, लता राणा आदि उपस्थित रहे।

**बैठक** विधायक ने रोगी कल्याण समिति की बैठक में सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा

# पालमपुर अस्पताल में उपलब्ध होगी एमआरआई सुविधा

अजय पाल, अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** विधायक आशीष बुटेल ने कहा कि नागरिकों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। पालमपुर अस्पताल में आरकेएस के माध्यम से पालमपुर और साथ लगते क्षेत्र के रोगियों की सुविधा के सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। यह बात विधायक आशीष बुटेल ने शनिवार को सिविल अस्पताल पालमपुर की रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की गवर्निंग बॉडी की वार्षिक बैठक में कही।

यह बैठक एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती की अध्यक्षता में हुई, जिसमें आशीष बुटेल विशेष रूप से शामिल हुए। आशीष बुटेल ने कहा कि पालमपुर के साथ-साथ उसके आसपास के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध प्रदान की जा रही हैं और आने वाले समय में अस्पताल में एमआरआई सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी, जिसके लिए अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पालमपुर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं और विभिन्न विकासात्मक कार्यों में धन की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने पालमपुर अस्पताल की सुविधाओं की बेहतरी के लिए मदद करने वाले लोगों का धन्यवाद करने का प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने आरकेएस के सदस्यों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ सभी विभागों के अधिकारियों को संस्थान में और अधिक बेहतर सुविधाएं सृजित करवाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में बेहतर आधारभूत संरचना उपलब्ध करवाई गई है और रोगियों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए एमडी, नेत्र, हड्डी रोग, स्त्री रोग विशेषज्ञ फिजिशियन, जनरल सर्जन उपलब्ध हैं।



सिविल अस्पताल पालमपुर की आरकेएस की गवर्निंग बॉडी की बैठक में विधायक आशीष बुटेल ने शिरकत की।

### 2025-26 के लिए 1.61 करोड़ से अधिक बजट अनुमोदित

**बैठक** में सर्वसम्मति से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1 करोड़ 61 लाख 23 हजार रुपए के बजट अनुमोदित किया गया। बैठक में एसडीएम ने सभी आरकेएस सदस्यों और आम लोगों से अस्पताल में रोगियों को दिए जा रही सुविधाओं के और बेहतर संचालन के लिए सहयोग और आवश्यक सुझावों के लिए आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में सीपीआर से संबंधित शिविर भी आयोजित किए जाएं। बैठक में महापौर नगर निगम गोपाल नाग, वूल फेडरेशन निदेशक मंडल सदस्य त्रिलोक चंद, आयुक्त नगर निगम डॉ. आशीष शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. तिलक भागरा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।

## विधायक आशीष ने किया उप तहसील चचियां का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, पालमपुर

**विधायक** आशीष बुटेल ने शनिवार को नव सृजित उपतहसील कार्यालय चचियां का विधिवत शुभारंभ किया। आशीष ने कहा कि उपतहसील चचियां के आरंभ से क्षेत्र के लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए पालमपुर नहीं जाना पड़ेगा। अब राजस्व संबंधी कार्य, प्रमाण पत्रों की प्राप्ति तथा अन्य सरकारी सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सहज रूप से उपलब्ध होंगी।

उन्होंने कहा कि उपतहसील का शुभारंभ कार्यालय में सभी प्रशासनिक सुविधा सुनिश्चित होने के उपरांत ही किया गया है ,ताकि आमजन को हर सुविधा उपलब्ध हो सके। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार जनसुविधाओं को सुलभ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उपतहसील के सृजन के लिए उन्होंने अपने कार्यकाल में अथक प्रयास किये है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्थानीय पंचायत की मांग पर तबीकेश्वर मंदिर के लिए 2.5 लाख और गढ़ महिला मंडल के निर्माण के लिए 2.5 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि सामुदायिक भवन के शेड का निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भूमि चयन के उपरांत यहां पर तहसील कार्यालय का बेहतर भवन निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां और आसपास के क्षेत्रों में अगले दो वर्षों में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गमरोता से वावा बराकलोक तक सड़क निर्माण कार्य में 6.5 करोड़ और खालटी- बगेड़ी-जिया नाथ बस्ती तक सड़क का निर्माण 6.5 करोड़ से होगा। गमरोता-राख-भोट-बलानण सड़क का निर्माण नाबार्ड के तहत किया जाएगा, जिसको स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

## पैरा वर्कर्स की अनदेखी कर रही सरकार : महेश

**अनंत ज्ञान, नूरपुर ।** 2017 से भर्ती हुए जलशक्ति विभाग में पैरा कर्मचारियों की अब तक कोई भी सुनवाई नहीं हुई है। न स्थायी पॉलिसी बनाई गई और न ही उचित वेतन का प्रावधान किया गया। महेश शर्मा ने बताया कि 2019 में बहुउद्देशीय कर्मचारी भर्ती हुए, लेकिन बिना किसी पॉलिसी के भर्ती किया गया।

सरकार 8 साल की पॉलिसी का दावा करती है। इसमें भी 10 फीसदी व 15 फीसदी कोटे के साथ नियमतीकरण होगा! उन्होंने कहा कि 5500, 6600 रुपए के वेतन में पैरा कर्मचारियों का घर चलाना मुश्किल हो रहा है। कई जिलों में तो सैलरी भी 2 से 3 माह से नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आपदा में भी पैरा वर्कर्स अपनी जान को जोखिम में डालकर काम कर रहे हैं, परंतु सरकार कोई सुध नहीं ले रही है। सरकार ने मांगों को नजरअंदाज किया तो पैरा वर्कर्स सितंबर माह में हड़ताल करने पर मजबूर होंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सूरजपुर, टिंडी में 8 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** 11 केवी फीडर धनोटू बल्ला और 11 केवी फीडर कडोआ की मरमम्त एवं रखरखाव कार्य के चलते 8 और 10 जुलाई को बिजली सप्लाई सुबह 9 बजे से कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। आठ जुलाई को जल शक्ति विभाग स्कीम (धनोटू बल्ला), गुजर बस्ती, बस्सी, सूरजपुर, टिंडी, नंगल, धनोटू बल्ला, गोकुलपुर, मचकुंड महादेव आदि गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 10 जुलाई को मोआ कुंडली, अप्पर बिहन चटवाल, कडोआ, चलाली, चनौता, सुकाहर, बगली, चमारडा, शिव पुरी, डोन्टा, योला, मलकुआ, गुरल, चनियारा आदि गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता इं. मनीष कुमार संधू विद्युत उपमंडल ढलियारा ने जनता से सहयोग की अपील की है।

### नदी-नालों के पास न जाएं लोग : एसडीएम

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल धीरा के उपमंडलाधिकारी सलीम आजम ने क्षेत्र की जनता से अपील की कि लोग नदी-नालों के पास न जाएं। जनता से एहतिहात बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि बरसात का मौसम है, आने वाले दिनों में उपमंडल की जनता किसी प्रकार का कोई जोखिम न ले और अनावश्यक अपने घरों से बाहर न निकले। उन्होंने कहा कि जनता नदी-नालों के आसपास भी न जाए। वहां किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना की सूचना प्रशासन को तुरंत दें।

### बीड़ में किया 60 मरीजों का चेकअप



**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा के 90वें जन्मदिन के अवसर पर बौद्ध नगरी बीड़ चौगान में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। केंद्रीय तिब्बती प्रशासन की ओर से धर्मगुरु के 90 वें जन्मदिन वर्ष को करुणा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। शनिवार को बीड़ पंचायत में मुख्य टीसी खांग तिब्बतियन मेडिकल एंड एस्ट्रो इंस्टीट्यूट में दलाईलामा की लंबी आयु के लिए अनुयायियों ने प्रार्थना की। इस उपलक्ष्य में बीड़ में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में नाड़ी देखकर बीमारी का पता लगाया और सभी मरीज को फ्री की दवाइयां वितरित की गई। इस कैंप में डॉक्टर आमजी टेसयांग और उनके स्टाफ द्वारा लगभग 60 मरीजों का चेकअप किया गया।

### साहिल ने ऑल इंडिया में झटका 971वां रैंक



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** लॉरेट इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के बी फार्मेसी अंतिम वर्ष के साहिल ने ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट में ऑल इंडिया में 971वां रैंक हासिल किया है। संस्थान के प्रबंधक और निर्देशक डॉ. रण सिंह और प्राचार्य एवं निर्देशक डॉ. एमएस आशावत ने इस उपलब्धि पर साहिल को बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने कहा कि छात्रों की सफलता पूरे संस्थान के लिए गर्व की बात है और यह अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेगी। एचओडी प्रो. डॉ. विनय पंडित और डीन स्टूडेंट वेलफेयर अफसर डॉ. सीपीएस वर्मा और स्टाफ के अन्य सदस्यों ने छात्र को बधाई दी।

### पुरानाशाला गांव में श्रद्धांजलि समारोह आज

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** कारगिल योद्धा के बलिदान को नमन करने के लिए रविवार को पुरानाशाला गांव में पेट्रोल पंप पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा। यहां लोग व सैन्य अधिकारी श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद के महासचिव कुंवर रविंद्र सिंह विक्की ने बताया कि इस बहादुर सैनिक का जन्म 6 मई 1957 को पिता धन्ना सिंह और माता शांती देवी के घर हुआ। 1999 को टाइगर हिल पर तिरंगा फहरा कर कारगिल की वादियों से देशवासियों को अंतिम सैल्यूट करते हुए कुर्बान हो गए थे।

### बैजनाथ में चरस के साथ दो लोग गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** कांगड़ा जिला के पुलिस थाना बैजनाथ के तहत मोटरसाइकिल सवार दो युवकों से 200 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई की है। पुलिस ने बैजनाथ के गणखेतर में मोटरसाइकिल नंबर एचपी 37डी-4663 पर सवार सुमित कुमार (चालक) निवासी मनियाड़ा डाकघर पाहड़ा तहसील पालमपुर व रजत कुमार डाकघर पाहड़ा तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा से 200 ग्राम चरस बरामद की है। एसएसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि नशे का काला कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस का यह अभियान लगातार जारी है।

### डाक विभाग ने मनाया सेवा भाव सप्ताह

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** जिला कांगड़ा के तहत उपमंडल देहरा और जवाली के विभिन्न डाकघरों में सेवा भाव सप्ताह मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य डाक विभाग की बचत, बीमा, मेल/पार्सल, डिजिटल सशक्तीकरण योजनाओं से सभी आम नागरिकों को जोड़ना और सेवा भाव से लोंगो के लिए काम करना है। देहरा और ज्वाली डाक उपमंडल द्वारा यह प्रतिष्ठित सप्ताह समुदाय की सेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए समर्पित है। इस दौरान देहरा और जवाली डाक उपमंडल में व्यापक सेवाओं को प्रदर्शित करने के लिए कई तरह से पहल की गई है। भरमाड़, फतेहपुर, राजा का तालाब , गरली, बनखंडी, जवालमुखी, परागपुर, चनौर, डाडासीबा, कोहला, मुहल और विभिन्न स्थानों पर डाक विभाग की टीमों द्वारा विशेष शिविरों, प्रतिष्ठित संस्थानों, पंचायतों और स्कूलों इत्यादि का दौरा किया गया। देहरा और जवाली डाक उपमंडल के डाक निरक्षक राज कुमार ने बताया कि इस दौरे के दौरान डाक विभाग की विभिन्न प्रकार की योजनाओं से लोगों को अवगत कराया गया।

# शक्तिपीठों को हेलिकॉप्टर सेवा से जोड़ने की पैरवी

## आरएस बाली ने देहरादून में नागरिक उड्डयन सम्मेलन में दिए कई सुझाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**भारत** सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से देहरादून में आयोजित पहले उत्तरी क्षेत्रीय नागरिक उड्डयन सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं एचआरटीसी उपाध्यक्ष आरएस बाली ने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किन्जारापु ने की, जिसमें उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों एवं विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया। आरएस बाली ने अपने संबोधन में हिमाचल के प्रसिद्ध शक्तिपीठों नयना देवी, चिंतपूर्णी, ज्वाला जी, बज्रेश्वरी (कांगड़ा) और चामुंडा को हेलिकॉप्टर सेवाओं से जोड़ने का सुझाव दिया, ताकि आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिले और श्रद्धालुओं को सुरक्षित व सुलभ यात्रा का अनुभव प्राप्त हो।




उत्तरी क्षेत्रीय नागरिक उड्डयन सम्मेलन में आरएस बाली ने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए कई सुझाव दिए।

### दुर्गम क्षेत्रों में हेलिकॉप्टर एंबुलेंस सेवाएं संचालित करने पर दिया बल

**आरएस** बाली ने प्रदेश के दुर्गम और दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हेलिकॉप्टर एंबुलेंस सेवाएं संचालित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने गगल एयरपोर्ट में वर्तमान में निर्धारित 5 किलोमीटर विजिबिलिटी की बाध्यता में यथोचित संशोधन कर अधिक फ्लाइट्स की आवाजाही सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। राज्य में मौजूद हेलिपोर्ट्स को योजना बद्ध ढंग से विकसित करने एवं नए स्थलों की पहचान कर उन्हें सुदृढ़ करने की आवश्यकता का मुद्दा भी उठाया। सम्मेलन के उपरांत बाली ने जानकारी दी कि केंद्रीय मंत्री नायडू ने भरोसा दिलाया कि राज्य की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप निर्णायक कदम उठाए जाएंगे।

### भौगोलिक विशेषताओं को ध्यान में रखकर की जाएं योजनाएं तैयार

**आरएस** बाली ने कहा कि देवभूमि की भौगोलिक और सांस्कृतिक विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए यदि योजनाएं तैयार की जाएं, तो यह न केवल पर्यटन को बढ़ावा देंगी, बल्कि आम नागरिकों को राहत और सुरक्षा भी प्रदान करेंगी, जिससे प्रदेशवासियों की आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी व रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना उत्तर प्रदेश सरकार, नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल हरयाणा सरकार, नागरिक उड्डयन मंत्री गौतम कुमार राजस्थान सरकार आदि उपस्थित रहे।

## हैप्पी बर्थडे



भृगु उर्फ ऋग्वेद राज पालमपुरी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



मंझोठी के कृष्णा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## 'आप' हिमाचल में नगर निकायों और पंचायतों में लड़ेगी चुनाव

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**नगरोटा** बगवां अक्षय मैरिज पैलेस में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं हिमाचल के प्रभारी ऋतुराज गोविंद ने कहा कि प्रदेश में 'आप' सभी नगर निकायों और पंचायत के चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता भाजपा व कांग्रेस से त्रस्त है व लोग दुखी हैं। हिमाचल में भाजपा व कांग्रेस हिमाचल की जनता के साथ खिलवाड़ करती आई है।

उन्होंने कहा कि आने वाले पंचायतीराज एवं नगर निकायों के साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनाव में भी आम आदमी पार्टी दमखम से हिस्सा लेगी। ऋतुराज ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल द्वारा दिल्ली व पंजाब में गरीब जनता के हितों को ऊपर रखकर स्वास्थ्य और शिक्षा को तरजीह दी गई है। सभी लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ स्कूल में बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हिमाचल में विधानसभा चुनावों में किए गए घोषणाओं को निभाने में कोई कारगर कदम नहीं उठाए, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आम आदमी पार्टी के नेताओं पर सभी ब्रह्मास्त्र चलाकर पार्टी को समाप्त करने में कोई भी कसर नहीं छोड़ी है, परंतु आम आदमी पार्टी सशक्त होकर उभरी है। उन्होंने कहा कि पंजाब में हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की भारी विजय हुई है। इस अवसर पर सुरजीत सिंह ठाकुर, पूर्ण चंद उपाध्यक्ष, रीता ठाकुर शिमला, सुभाष शर्मा प्रवक्ता, महिला शक्ति प्रदेश प्रवक्ता, विजय फुलारा सह प्रभारी अनीता पटियाल जिला विधानसभा महिला विंग अध्यक्ष शामिल रहे।

# तिब्बती लोग अतुलनीय रूप से हो रहे मजबूत : दलाईलामा

## धर्मगुरु बोले- मुझ पर अवलोकितेश्वर आशीर्वाद, 30 से 40 साल और जीऊंगा

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाईलामा ने 6 जुलाई को मनाए जाने वाले अपने 90वें जन्मदिन से पहले दिए अपने संदेश में दोहराया है कि मैं अभी 30 से 40 साल और जीऊंगा।



उन्होंने कहा कि हमें निर्वासन में आए इतने साल हो गए हैं और तिब्बती लोग अतुलनीय रूप से मजबूत हो रहे हैं। हालांकि, हम निर्वासन में रह रहे हैं, लेकिन मैंने अपने नेतृत्व में अपने धर्म और संस्कृति को बनाए रखने के लिए वास्तव में अच्छा काम किया है। कई भविष्यवाणियों को देखते हुए मुझे लगता है कि मुझ पर अवलोकितेश्वर का आशीर्वाद है। आपकी प्रार्थनाओं का अब तक फल मिला है और आगे भी इसी तरह मिलता रहेगा। यह बात दलाईलामा ने शनिवार को मैक्लोडगंज स्थित मुख्य बौद्ध मंदिर चुगलाखांग में शनिवार को उनकी लंबी आयु की लिए रखी प्रार्थना सभा में कही। उन्होंने कहा कि अपने और दूसरों के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए मैं बोधिचित्त का जागृत मन विकसित करूंगा। बोधिचित्त वह है जो दूसरों के लिए काम करने का साहस देता है। अब तक, मैं बिना हिम्मत हारे खुद को पूरी तरह से दृढ़ तरीके से संचालित करने में सक्षम रहा हूं। हम सभी अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। यह बहुत अच्छी बात है कि तिब्बत के तीनों प्रांतों के लोग एकजुट रहे हैं। मुझे इन एकजुट लोगों का नेता माना जाता है। मैंने अपनी पूरी दृढ़ता और साहस के साथ इस जिम्मेदारी को निभाया है। उन्होंने कहा कि तिब्बती बौद्ध परंपरा के संबंध में, इसमें शास्त्र और अनुभव संबंधी पहलू हैं। आप, मेरे धर्म भाइयों और बहनों, लामाओं और मठवासियों, पर इसे संरक्षित करने की जिम्मेदारी है। आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखें। प्रार्थना सभा में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता और तिब्बत समर्थक रिचर्ड गेरे समेत कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। संप्रदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले तिब्बती मूल के बौद्ध धार्मिक नेताओं ने भी भाग लिया और दलाईलामा को प्रार्थनाएं अर्पित कीं। इससे पूर्व दलाईलामा सुबह करीब 9: 45 बजे अपने आवास से गोल्फ कार्ट से मुख्य बौद्ध मठ चुगलाखांग पहुंचे। उम्र संबंधी कमजोरी के कारण दो सहायकों ने उनकी सहायता की। फिर भी, वे प्रसन्न दिखाई दिए और अपने लंबे जीवन के लिए प्रार्थना करने के लिए एकत्र हुए लोगों का अभिवादन करने और उन्हें आशीर्वाद देने के लिए रुके रहे। जॉर्जियाई कैलेंडर के अनुसार दलाईलामा का 90वां जन्मदिन 6 जुलाई को है, जबकि तिब्बती कैलेंडर के अनुसार यह उत्सव बीते 30 जून से शुरू हो गया है।

### कार्यक्रम पर रहेगी चीन की नजर

**दलाईलामा** के 90वें जन्मदिवस को लेकर चीन नजर गड़ाए हुए है। माना जा रहा है कि दलाईलामा रविवार को अपने अगले अवतार की घोषणा कर सकते हैं। हालांकि, तिब्बतियों ने इसका भारी विरोध किया है तथा कहा इस परंपरा को दलाईलामा ही पूरा करेंगे। दलाईलामा के 90वें जन्मदिवस पर मैक्लोडगंज में दलाईलामा के 10 हजार अनुयायियों के जुटने की संभावना है। इसके अलावा वीआईपी सहित अन्य लोगों के भी मैक्लोडगंज पहुंचने की उम्मीद है।

# विकास खंड कार्यालय नगरोटा सूरियां का सारा सामान पैक

## अगले सप्ताह हो सकता है जवाली शिफ्ट; संघर्ष समिति धरने पर, कहा- नहीं होने देंगे स्थानांतरित

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**नगरोटा सूरियां।** विकास खंड बचाओ संघर्ष समिति खंड मुख्यालय परिसर में बाहर 24वें दिन भी धरने पर बैठी रही।

वहीं, कार्यालय का सारा सामान जवाली ले जाने के लिए पैक हो गया है। खंड मुख्यालय कर्मचारियों की मानें तो अगले सप्ताह कभी भी विकास खंड स्थानांतरण अधिसूचना अनुसार, नगरोटा सूरियां से जवाली स्थानांतरित हो सकता है। संघर्ष समिति के बैनर तले ग्रामीणों का धरना जारी रहा। धरने में दिन में महिलाएं भी शामिल हो रही हैं। शनिवार को धरने पर बासा पंचायत से पूर्व कनिष्ठ अभियंता जसवंत सिंह, पूर्व पटवारी अशोक कुमार, पंकज गुलेरिया, सुदेश कुमार,



नगरोटा सूरियां विकास खंड ऑफिस में पैक किया गया सामान।

कुलवंत सिंह को संघर्ष समिति संयोजक संजय महाजन तथा जसवंत सिंह ने हार पहनाकर धरने पर बैठाया। समिति संयोजक संजय महाजन ने बताया कि सरकार सोई हुई है तथा कृषि मंत्री धरने पर बैठे लोगों को जेल में डालने के आदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगरोटा सूरियां की भोली-भली जनता को कुचलने की योजना बना रहे हैं। सह सयोंजक जसवंत सिंह ने कहा कि मंत्री की ऐसी किसी योजना को सफल नहीं होने दिया जाएगा, किसी भी सूरत में ब्लॉक को शिफ्ट नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि क्षेत्र की जनता की भावनाओं की कदर करते हुए ब्लॉक शिफ्ट करने की अधिसूचना को रद्द करवाकर जनता को अपना बड़प्पन दिखाएं।

इस अवसर पर गुरचरण सिंह बेदी, दिलबाग सिंह, अशोक कुमार, करण सिंह, बलबीर सिंह, कृष्ण देव, अनिल कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। खंड विकास अधिकारी मनोज शर्मा ने बताया कि ब्लॉक का सारा सामान बांध लिया गया है और अगले सप्ताह कभी भी खंड मुख्यालय को अधिसूचना अनुसार नगरोटा सूरियां से जवाली स्थापित किया जा सकता है।

### आईटीआई बड़ोह में कल होंगे कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़ोह, में एक बार फिर युवाओं को रोजगार का अवसर मिलेगा। 7 जुलाई को स्वराज इंजन लिमिटेड, महिंद्रा एंड महिंद्रा की ओर से आईटीआई बड़ोह में कैंपस इंटरव्यू लिए जाएंगे। इलेक्ट्रीशियन एंड ऑल मैकेनिक ट्रेड आदि व्यवसाय के पासआउट हो चुके अभ्यार्थी भाग ले सकते हैं, जिसमें कुल पद 220 महिला व पुरुष वर्ग के लिए हैं। यह जानकारी आईटीआई बड़ोह की प्रधानाचार्य वंदना कुमारी और ट्रेनिंग एवं पलेसमेंट अधिकारी मनोज कुमार ने दी।

# ट्रैक्टर माफिया दे रहे खड्डों में अवैध खनन को अंजाम



खनन पर प्रतिबंध के बाद भी खड्ड में बेखौफ खनन किया जा रहा।

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** प्रदेश सरकार की ओर से खनन विभाग नूरपूर के तहत 1 जुलाई से 15 सितंबर तक खनन संबंधित गतिविधियों पर रोक लगाई गई है, लेकिन जवाली व कोटला, नगरोटा सूरियां की खड्डों में बेखौफ होकर ट्रैक्टर मालिक अवैध खनन गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

जवाली में सुबह ही करीब 25 ट्रैक्टर खनन सामग्री ले जा रहे हैं। वहीं, कोटला में दिनदिहाड़े खड्डों से रेत, बजरी,पत्थर ढोने में लगे हुए हैं। बरसात के मौसम में प्रशासन द्वारा जहां लोगों को नदी-नालों के समीप जाने और भी प्रतिबंध है। वहां ट्रैक्टर संचालक जान जोखिम में डालकर अवैध खनन गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

विभाग ने औचक निरीक्षण के लिए टीमों का गठन किया है, लेकिन ट्रैक्टर चालक बिना नंबर प्लेट खनन सामग्री को ले जा रहे हैं। लोगों ने खनन विभाग, पुलिस प्रशासन व क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से कार्रवाई की मांग उठाई है।

# मानसून से निपटने को पंचायत प्रशासन की साझेदारी पर जोर

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान**



नैहरनपुखर पंचायत की प्रधान व राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष एसडीएम से मिले।

**गरली।** नैहरनपुखर पंचायत की प्रधान ममता देवी और राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सुनील चौहान ने एसडीएम देहरा कुलवंत सिंह पोटन से मुलाकात कर मानसून से संबंधित समस्याओं पर समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया।

पचायत प्रधान ममता देवी व सुनील चौहान ने सड़क, जलभराव और आमजन की आवाजाही में हो रही समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा कि यदि पंचायतों को छोटी-छोटी आपात व्यवस्थाओं के लिए प्रशासनिक सहयोग और अधिकार मिले, तो तेज और तात्कालिक राहत कार्य संभव हो सकता है। ग्रामीणों की दिक्कतों पर फोकस करते हुए प्रधान ममता देवी ने कहा कि कई गांवों में पैदल चलना भी मुश्किल हो चुका है और स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए यह स्थिति और भी दिक्कत भरी है। सुनील चौहान ने प्रशासन से आग्रह किया कि पंचायत प्रतिनिधियों को मानसून पूर्व तैयारियों में भागीदार बनाया जाए, ताकि जमीनी हकीकत के अनुरूप योजनाएं बनाई जा सकें। एसडीएम ने सुझाव का स्वागत करते हुए कहा कि स्थानीय प्रतिनिधियों की भागीदारी से ही प्रशासनिक निर्णयों में प्रभावशीलता आती है। उन्होंने संबंधित विभागों को जल्द निरीक्षण और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने का आश्वासन भी दिया।

**सौगात** भनाला से रूलेड सड़क के उन्नयन पर खर्च किए जा रहे 12 करोड़: केवल पठानिया

# चौरी में महिला मंडल भवन का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**उपमुख्य** सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने शनिवार को भनाला पंचायत के चौरी गांव में सरिता महिला मंडल के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भनाला से रूलेड सड़क के अपग्रेडेशन पर 12 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। यह सड़क धारकंडी क्षेत्र की सात पंचायतों के साथ-साथ अन्य साथ लगते क्षेत्रों के हजारों लोगों को सुगम यातायात की सुविधा प्रदान करेगी।

उन्होंने बताया कि वासा से चौरी तक 36 लाख रुपए की लागत से 3000 मीटर लंबी पेयजल पाइपलाइन डाली गई है, जिससे चौरी के साथ-साथ भनाला पंचायत के अन्य गांवों के लगभग 2000 लोगों को नियमित और सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने लोगों की विभिन्न




चौरी गांव में सरिता महिला मंडल के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास करते उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया।

समस्याएं सुनीं तथा अधिकांश का समाधान मौके पर ही किया। शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए गए।

इसके पश्चात उन्होंने चौरी-भनाला-ग्रेना-नाहलन-पक्का टयाला से शाहपुर तक चलने वाली नई बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस सेवा के शुरू होने से क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। बारिश के बावजूद स्थानीय महिलामंडल सदस्य व ग्रामीणों ने गर्मजोशी से केवल पठानिया का स्वागत किया और महिला मंडल भवन निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने हेतु उनका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अजय समयाल, प्रधानाचार्य रिशु समयाल, बीडीओ रैत कमलजीत, अधिशाषी अभियंता जलशक्ति अमित डोगरा, अधिशासी अभियंता विद्युत अमित, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अंकज सूद, सहायक अभियंता जलशक्ति रज्जाक मोहम्मद, सहायक अभियंता लोक निर्माण ऋषभ, विद्युत विभाग से विक्रम शर्मा, उपमुख्य सचेतक के सलाहकार विनय कुमार,इकबाल मिनटा ,बीडीसी सदस्य देशराज, महिला मंडल प्रधान सरिता, पूर्व प्रधान मकरोटी अजय कुमार, कैप्टन शक्ति सिंह आदि उपस्थित रहे।

# तीन सगे भाई-बहन ने किया जयसिंहपुर का नाम रोशन



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** ऐम अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल जयसिंहपुर के एक ही परिवार के तीन सगे भाई-बहन ने अपने परिवार, अध्यापकों और पूरे जयसिंहपुर का नाम रोशन किया है। कंगैन से संबंध एक ही परिवार के तीन भाई-बहन सरकारी नौकरी में तैनात हैं। प्रिया शर्मा ने पंजाब एंड सिंध बैंक में क्लर्क के रूप में ज्वॉइन किया है, जबकि आदित्य शर्मा ने प्रोबेशनरी ऑफिसर इन कैनरा बैंक में ज्वॉइन किया है। वहीं, आयुष शर्मा ने इंडियन आर्मी में क्लर्क के रूप में जॉइन किया है। तीनों ने बताया कि यह परिणाम समर्पण और कड़ी मेहनत का फल है। इन होनहारों की उपलब्धि से गांव के अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता और अध्यापकों को दिया है।

### ढलियारा के युवक की खन्ना में करंट लगने से मौत

**अनंत ज्ञान, गरली।** ब्लॉक परागपुर की बगली पंचायत के 28 वर्षीय युवक की पंजाब के खन्ना में करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान अक्षय शर्मा पुत्र तीर्थ राम निवासी गांव बगली के रूप में हुई है। इस हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल छा गया। अक्षय शर्मा पंजाब के खन्ना शहर में रोजगार के सिलसिले में कार्यरत था। बताया जा रहा है कि वह वहां एक शराब के ठेके पर नौकरी करता था। शुक्रवार देर शाम कार्यस्थल पर काम के दौरान उसे अचानक करंट लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का पार्थिव शरीर शनिवार दोपहर बाद गांव बगली पहुंचा। इसके बाद अंतिम संस्कार किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### वीरेंद्र बने संजीवनी सहारा समिति के उपाध्यक्ष

**दशमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहडू।** संजीवनी सहारा समिति रोहडू की जनरल बाडी बैठक का सफल आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने की। बैठक में संगठन के अब तक के कार्यों की समीक्षा की गई और आने वाले समय में जनसेवा को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में कुछ विशेष निर्णय लिए गए। जिसमें वीरेंद्र ठाकुर 'बंटी' को उनके समर्पण व सक्रियता को देखते हुए समिति का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं राजेश चौहान को संगठन का मुख्य सलाहकार बनाया गया। राजन हारटा व दिग्विजय रौनी को मीडिया प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई। वहीं धर्मेंद्र चौहान, अजीत सिंह कायथ, कुलदीप ठाकुर, समर ठाकुर व महेंद्र सिंह को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में समिति में शामिल किया गया।

### पत्रिका प्रकाशन के लिए दिए 41 हजार रुपए

**सपना सूद, अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** नेरवा तहसील के अंतर्गत आने वाले न्योल क्षेत्र के जाने माने समाजसेवी व सांचा तथा ज्योतिष विद्या के प्रकांड पंडित आत्मा राम शर्मा ने टिक्करी स्कूल द्वारा प्रकाशित की जा रही विद्यालय की पत्रिका के प्रकाशन के लिए 41 हजार रुपए की अनुदान राशि प्रदान की है। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य जय लाल हरजेट ने बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा इस वर्ष स्कूल की प्रथम वार्षिक पत्रिका 'आदर्शिका' के प्रकाशन का निर्णय लिया है, जिस पर छात्रों और अध्यापकों कार्य शुरू कर दिया गया है। यह पत्रिका दो माह बाद प्रकाशित होगी तथा इसके प्रकाशन पर चालीस हजार से अधिक राशि खर्च होनी है। स्कूल प्रबंधन द्वारा पं. आत्मा राम शर्मा से पत्रिका प्रकाशन में वित्तीय सहयोग देने का आग्रह किया गया था। उन्होंने स्कूल के आग्रह को स्वीकार करते हुए पत्रिका प्रकाशन के लिए अपनी निजी निधि से 41 हजार रुपये अनुदान राशि प्रदान की है।

### कल फागू दौरे पर रहेंगे मंत्री अनिरुद्ध सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह आगामी 7 जुलाई को कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के फागू दौरे पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। प्रवक्ता के अनुसार, मंत्री अनिरुद्ध सिंह 7 जुलाई को दोपहर 2 बजे फागू के गढेवग में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक जनदायिक छिब्बर-बिशु मेले में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। यह मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और मंत्री का इसमें शामिल होना स्थानीय परंपराओं को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

### आईजीएमसी में जल्द मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के आईजीएमसी अस्पताल में मरीजों के लिए आने वाले दिनों में और भी कई बेहतरीन सुविधाएं शुरू होने वाली हैं। आईजीएमसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव ने बताया कि अस्पताल का लक्ष्य मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। साथ ही, हर दिन सेहत कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक चल रहा है। 1 जनवरी को मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए इस कार्यक्रम के तहत, पिछले छह महीनों से लोगों को विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूक किया जा रहा है और आईजीएमसी में उपलब्ध सुविधाओं की पूरी जानकारी दी जा रही है।

### सीमा कॉलेज के 15 छात्रों को मिली नौकरी

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** राजा वीरभद्र सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा के बीवॉक (रिटेल मैनेजमेंट) विभाग ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विभाग के 15 छात्रों का चयन देश की प्रीमियम ब्रांड रिलायंस लिमिटेड (आरबीएल) सुपरड्राई व आरबीएल अरमानी में फैशन कंसल्टेंट के पद पर चयन हुआ है। इन छात्रों को 4 लाख 50 हजार रुपए वार्षिक पैकेज पर नियुक्त किया गया है। चयनित छात्र देश के विभिन्न प्रमुख शहरों जैसे मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, नोएडा, कोलकाता, बेंगलुरु, अहमदाबाद व पुणे में अपनी सेवाएं देंगे। चयनित छात्रों में रिषभ, मुस्कान, दिव्या, शिवानी, शीतल, आकृति, मुस्कान, अदिति, रिया ,हिना, अर्चित ,विवेक ठाकुर, अवंतिका, मुकुल और वंश शामिल हैं। यह चयन महाविद्यालय में बीवॉक विभाग द्वारा जून माह में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से किया गया। इसके अतिरिक्त, कुछ छात्रों का चयन अन्य प्रतिष्ठित ब्रांड बेस्ट सेलर में भी हुआ है। आदिति, शिवानी व रिया को 24,000 मासिक वेतन पर नियुक्ति मिली है।

# लोगों की समस्याओं का समाधान ही सरकार की प्राथमिकता : रोहित ठाकुर

## शिक्षा मंत्री ने कोटखाई के ऊपरी क्षेत्र में सुनी जनसमस्याएं, चहुंमुखी विकास का किया दावा

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शनिवार को कोटखाई उपमंडल के ऊपरी क्षेत्र के दौरे पर ग्राम पंचायत रत्नाड़ी व आसपास की पंचायतों के निवासियों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ऊपरी क्षेत्र से उनका गहरा पारिवारिक संबंध है, और यह क्षेत्र स्वर्गीय ठाकुर राम लाल के समय से ही कांग्रेस पार्टी का मजबूत गढ़ रहा है। इसलिए, क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

रोहित ठाकुर ने वर्तमान कांग्रेस सरकार के ढाई साल के कार्यकाल में ऊपरी क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व विकास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में 136 नई सड़कों को स्वीकृति मिली है, जो प्रदेश में सर्वाधिक है। सेब उत्पादक क्षेत्र होने के कारण इन सड़कों का निर्माण बागवानों को अपनी फसल समय पर बाजार तक पहुंचाने में मदद करेगा।

इसके अतिरिक्त, चमैन में अग्निशमन चौकी का कार्य प्रगति पर है और 2023 की आपदा में क्षतिग्रस्त हुई गुम्मा-बाघी सड़क के पुनर्निर्माण के लिए 8 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिसका कार्य युद्धस्तर पर जारी है।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का रत्नाड़ी के एक दिवसीय दौरे के दौरान स्वागत किया।

### 'असर' की रिपोर्ट में प्रदेश का पहला स्थान

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी हिमाचल ने 'असर' रिपोर्ट में देश में पहला स्थान प्राप्त किया है, और एनएएस सर्वे में 21वें से 5वें स्थान पर पहुंच गया है, जिसका श्रेय उन्होंने प्रदेश के शिक्षकों को दिया।

### सेब सीजन को लेकर व्यवस्थाएं करें दुरुस्त

**शिक्षा** मंत्री ने आगामी सेब सीजन के मद्देनजर लोक निर्माण विभाग, बिजली विभाग और अन्य संबंधित विभागों के शीर्ष अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि बागवानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में कोई समस्या न हो। उन्होंने रत्नाड़ी में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 5 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर जुब्बल कोटखाई कांग्रेस मंडल के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# छोटा शिमला से ओकओवर मार्ग 8 अगस्त तक रहेगा बंद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

- निर्माण कार्य जारी, पैदल चलने वालों की सुरक्षा प्राथमिकताः डीसी

**शिमला** में छोटा शिमला से ओकओवर को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग अब 8 अगस्त तक यातायात के लिए बंद रहेगा। जिला दंडाधिकारी शिमला ने जानकारी देते हुए बताया कि मार्ग पर चल रहे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

डीसी ने बताया कि इस मार्ग पर यातायात बंद करने की पूर्व निर्धारित अवधि को बढ़ाया गया है ताकि निर्माण कार्य सुरक्षित और समय पर पूरा हो सके। उन्होंने संबंधित कार्यान्वयन एजेंसी को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे निर्माण स्थल पर पैदल चलने वाले लोगों, विशेष रूप से स्कूली छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करें। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे इस अवधि के दौरान असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और प्रशासन का सहयोग करें।

## अंशुमान व नीलम कुमारी बनी अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** जन सेवा संघर्ष फाउंडेशन जिला शिमला की बैठक पंचायत समिति सभागार रामपुर में हुई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक में रामपुर ब्लॉक के संयोजक अंशुमन ठाकुर अध्यक्ष विकास पुरुष इकाई और महिला इकाई संयोजक नीलम कुमारी अध्यक्ष शारदा व उपाध्यक्ष ईश्वरी देवी की नियुक्ति सर्वसम्मति से की गई। वहीं इनके साथ आए प्रदेश प्रभारी संयोजक लता शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष महिला इकाई अंजना शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष रमा नेकटा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रेमलता ठाकुर, चंद्र बाला, इंदू वाली, जिला उपाध्यक्ष उषा शर्मा व कार्यकारिणी सदस्य रजनी पालसरा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### शिमला में एफआरए पर कार्यशाला आयोजित

# पात्र हितधारकों की होगी पहचान व पूरी पारदर्शिता से होगा काम : राहुल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।

**वन** अधिकार अधिनियम 2006 (एफआरए) के प्रभावी क्रियान्वयन और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज शिमला के उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य संबंधित विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों व स्थानीय समुदायों को अधिनियम की प्रमुख धाराओं, प्रक्रियाओं और पात्रता मानदंडों से अवगत कराना था। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि वन क्षेत्र में रहने वाले पात्र परिवरों को उनके कानूनी अधिकारों से वंचित न किया जाए।

राहुल चौहान ने कहा कि यह अधिनियम ऐतिहासिक रूप से वनों पर निर्भर समुदायों को भूमि पर उनके अधिकारों को मान्यता देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को पात्र हितधारकों की पहचान और दावा प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता, त्वरित कार्रवाई और जनसुनवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### वनवासी समुदायों को मिलेंगे उनके अधिकार

**राहुल** ने बताया कि अधिनियम के तहत व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों प्रकार के अधिकारों को मान्यता दी जाती है और ग्राम सभा की इसमें निर्णायक भूमिका होती है। कार्यशाला में केस स्टडी और प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस कार्यशाला से वनवासी समुदायों को उनके अधिकार प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## प्रभावितों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध सरकार : पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राज्य में हाल ही में बादल फटने और भारी बारिश से हुई व्यापक तबाही पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने विशेष रूप से मंडी, कुल्लू और अन्य जिलों में हुए नुकसान को अपूर्णीय क्षति बताया, जिसकी भरपाई असंभव है। इस प्राकृतिक आपदा में कई लोगों की जान चली गई है और उनके घर व जमीन तबाह हो गए हैं। पठानिया ने लोगों से सतर्क रहने और नदियों व नालों से दूर रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रभावितों के पुनर्वास और राहत कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है और प्रशासन तथा स्वयं सहायता समूहों को भी इसमें तेजी लाने का आग्रह किया है। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना भी की।

### भाजपा मंडल ननखड़ी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया शुभारंभ

# करांगला में पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संक्षरण का संदेश

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

रामपुर बुशहर। ननखड़ी क्षेत्र के करांगला पंचायत में भाजपा मंडल ननखड़ी द्वारा पौधरोपण अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। हिम्कोफेड के पूर्व अध्यक्ष, भाजपा नेता कौल सिंह नेगी की अगुवाई में भाजपा ननखड़ी मंडलाध्यक्ष सहित भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने पौधारोपण अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए।

कौल सिंह नेगी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के आह्वान पर भाजपा द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन जगह-2 किया जा रहा है।इस अभियान के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संक्षरण का संदेश देकर लोगों को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यदि सभी लोग अपने मां के नाम पर एक पौधारोपण का कार्य करें तो उसके मन की स्मृति भी जीवित हो जाएगी और इसके साथ ही साथ अपने क्षेत्र में वातावरण भी संतुलित होगा। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के आधार हैं।इनके बिना जीवन की कल्पना करना असंभव है, उन्होंने प्रकृति को सुंदर बनाने और पर्यावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की और पौधे रोपने के साथ ही उन्हें बचाने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया।

इस मौके पर भाजपा मंडलाध्यक्ष ननखड़ी जिया लाल,महामंत्री राजेंद्र ठाकुर, प्रधान करांगला निशा भगेट, युवा मोर्चा पदाधिकारी लक्की शर्मा, संजीव कुमार, नरेंद्र शर्मा, बूथ अध्यक्ष प्रकाश चंद, पलस राम एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।




करांगला में भाजपा मंडल ननखड़ी पौधरोपण अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ करता हुआ।

# डॉ . नारायण नड्डा ने मोबाइल स्वास्थ्य वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




बिलासपुर में वैन को हरी झंडी देकर रवाना करते पूर्व कुलपति और शिक्षाविद् प्रो. डॉ नारायण लाल नड्डा।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**पूर्व** कुलपति और शिक्षाविद् प्रो. डॉ नारायण लाल नड्डा ने शनिवार को अपने परिवार सहित नि:शुल्क मोबाइल स्वास्थ्य वैन को हरी झंडी दिखाकर बिलासपुर से रवाना किया। यह सेवा बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए घर-घर जाकर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएगी। यह पहल नड्डा परिवार, चेतना संस्था एवं कृष्णा उत्कर्ष संस्था के संयुक्त प्रयास से शुरू की गई है।

यह अवसर विशेष रूप से भावनात्मक और प्रेरणादायक रहा, क्योंकि यह सेवा प्रो. नारायण लाल नड्डा के 100वें जन्मदिवस पर आरंभ की गई है। वैन सेवा के माध्यम से बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श, दवाइयां, ब्लड प्रेशर और शुगर जांच, फिजियोथेरेपी आदि सेवाएं उनके घर पर ही उपलब्ध होंगी। इस मौके पर नड्डा परिवार के सदस्य, चेतना संस्था के पदाधिकारी, कृष्णा उत्कर्ष संस्था के प्रतिनिधि और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने की बंबर ठाकुर की निंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी के साथ पूर्व विधायक बंबर ठाकुर द्वारा किए गए अनुचित व्यवहार और बाधा खड़ी करने की निंदा की है । पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान डॉ. रविंद्र कुमार ठाकुर ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि चाहे वह पूर्व में रहा हो या वर्तमान में हो, व्यवहार आदर्श स्थापित करने वाला होना चाहिए। बंबर ठाकुर द्वारा इस प्रकार का अशोभनीय व्यवहार एक पुलिस अधिकारी के प्रति जो अपने कर्तव्य का पालन कर रहा हो करना, दुर्भाग्यपूर्ण है। एसोसिएशन ने पुलिस प्रशासन व राज्य सरकार से मांग की कि भविष्य में इस प्रकार की घटना एक जन प्रतिनिधि और सत्ताधारी पार्टी का कोई नेता करता है तो उसके खिलाफ कड़ा संज्ञान लिया जाए।

# कांग्रेस पर टिप्पणी करने से पहले अपने गिरेबान में झांकें भाजपा नेता : रामलाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्य समन्वय समिति के सदस्य रामलाल ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री जितेंद्र प्रसाद के कांग्रेस पार्टी के आंतरिक चुनावों को लेकर दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जितेंद्र प्रसाद का यह कहना कि कांग्रेस में 'डायनिंग टेबल' पर बैठकर पार्टी अध्यक्ष बनाए जाते हैं, न केवल हास्यास्पद है, बल्कि तथ्यों से भी परे है। उन्होंने इसे सूचना के अभाव और राजनीति में सस्ती लोकप्रियता हासिल करने की कोशिश बताया। रामलाल ने कहा कि भाजपा नेताओं को कांग्रेस पर टिप्पणियां करने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा में लोकतंत्र और चुनाव की बात करना एक दिखावा मात्र है।



हिमाचल भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल को जिस तरह से तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष पद पर बैठाया गया, वह पूरा प्रदेश देख रहा था। यह निर्णय पहले ही दिल्ली में लिया जा चुका था, और केंद्रीय मंत्री केवल उसे घोषित करने के लिए शिमला आए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा में आंतरिक चुनावों की बात केवल औपचारिकता बन चुकी है, जबकि वास्तविक निर्णय कहीं और लिए जाते हैं। रामलाल ने कहा कि भाजपा को पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके प्रांतीय अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी लोकतांत्रिक तरीके से चुने जाएं, फिर ही वे कांग्रेस की आलोचना करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की प्रक्रिया को लेकर स्पष्ट किया कि पार्टी में किसी भी स्तर पर जब तक संगठनात्मक चुनाव नहीं हो जाते, तब तक कोई भी पदाधिकारी मनोनीत नहीं किया जाता। पार्टी सम्मेलन में प्रतिनिधि चुनाव प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष का चयन करते हैं। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और जन भागीदारी पर आधारित होती है। उन्होंने भाजपा को सलाह देते हुए कहा कि दूसरों की चारपाई के नीचे झांकने की बजाय भाजपा को अपनी चारपाई के नीचे झाड़ू मारनी चाहिए, क्योंकि वहां धूल की परतें जम चुकी हैं।

## बलोही स्कूल में बच्चों ने किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बलोही में एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत पौधरोपण किया गया। बच्चों और अध्यापकों ने पीपल, जामुन, आंवला, हरड़ा, बहेड़ा के पौधे लगाए। अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण मित्र बहुउद्देशीय संस्था भारत के प्रदेश इकाई के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र सिंह चंदेल ने संदेश दिया कि सभी अपने-अपने घरों और आसपास के क्षेत्र में अपनी मां के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाएं। इन पौधों की देखभाल और उनका बड़ा होने तक उनके बचाव की जिम्मेवारी अपने ऊपर लें।

## कोर्फबाल स्पर्धा के लिए दधोल स्कूल के बच्चे रवाना



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** चयन एशियाई कोर्फबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इन बच्चों को शनिवार को कैंप के लिए लवली यूनिवर्सिटी के तहत फगवाड़ा के लिए रवाना किया गया। विनोद कुमार (पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग गोपालपुर मंडी ) कोच भारतीय-19 कोर्फबाल टीम को स्कूल प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाज उन्हें शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। साक्षी, रिद्धिमा जायसवाल, हर्ष राणा और किशक ठाकुर का चयन हुआ है। प्रधानाचार्य ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

## शिवा गुरुकुल स्कूल के छात्रों की शानदार उपलब्धि



**अनंत ज्ञान घुमारवीं ।** शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल झंडूता ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। दो होनहार छात्रों ने विज्ञान और गणित के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के ओलंपियाड में सफलता प्राप्त कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 8वीं कक्षा की छात्रा अर्वी ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड (एसओएफ आईएमओ) के द्वितीय स्तर में उत्तर भारत में 74वीं रैंक प्राप्त किया है। 8वीं कक्षा के छात्र ईशान धीमान ने नेशनल साइंस ओलंपियाड (एसओएफ- एनएसओ) के द्वितीय स्तर में उत्तर क्षेत्र में 148वीं रैंक प्राप्त कर सराहनीय प्रदर्शन किया है।

## सेमिनार में सीखीं रेफरी और कोच की बारीकियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश बगतूर मार्शल आर्ट एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय बगतूर मार्शल आर्ट फेडरेशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय रेफरी, कोच सेमिनार जिले की बृज मार्शल आर्ट अकादमी में आयोजित किया गया। इसमें गुजरात, ओडिशा, कोलकाता, असम, महाराष्ट्र, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 9 राज्यों के लगभग 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सेमिनार में अच्छे तरीके से रेफरी और कोच की बारीकियों को सीखा। इस दौरान लिखित व प्रैक्टिकल परीक्षा भी हुई, जिसमें सभी ने बहुत मेहनत करके अच्छे ग्रेड प्राप्त किए। बगतूर मार्शल आर्ट एसोसिएशन के तकनीकी निदेशक बृज लाल चौहान तथा तकनीकी निदेशक तजामुल खान की ओर से बच्चों को उनकी ग्रेड के अनुसार सर्टिफिकेट वितरित किए गए। इस मौके पर भारतीय बगतूर मार्शल आर्ट फेडरेशन के संस्थापक अरशद अजीज मौजूद रहे।

# बैहल पंचायत में पानी की भारी किल्लत, विभाग मौन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**श्री** नयना देवी विधानसभा क्षेत्र की बैहल पंचायत के गांव इन दिनों पीने के पानी की भीषण समस्या से जूझ रहे हैं। आलम यह है कि लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। पिछले एक महीने से गांव में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से ठप है, लेकिन विभागीय तंत्र मौन साधे बैठा है। स्थानीय निवासी व सेवानिवृत्त केंद्रीय मुख्य अध्यापक रमेश शर्मा ने बताया कि गांव में पिछले एक महीने से पीने का पानी नहीं आ रहा है।

कई बार जलशक्ति विभाग को शिकायत की जा चुकी हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। समस्या जस की तस बनी हुई है। अन्य ग्रामीणों सतपाल शर्मा, जय कुमार शर्मा, तारो देवी, रूप लाल, नजर सिंह, बागर सिंह, दर्शन सिंह, सीमा देवी, बबीता सहित अन्य लोगों ने बताया कि गर्मी के इस दौर



में पानी की किल्लत से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। महिलाओं को कई किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे उनकी दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने जलशक्ति विभाग से मांग की है कि समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि उन्हें रोजाना की इस परेशानी से राहत मिल सके। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीण आंदोलन का रास्ता अपनाने को विवश होंगे। जलशक्ति विभाग के एसडीओ कृष्ण लाल ने कहा कि इस समस्या को जल्द से जल्द हल कर दिया जाएगा।

# घुमारवीं क्षेत्र में सभी कार्यों को गुणवत्ता व समयसीमा के भीतर करें पूरा : धर्माणी

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

**उपमंडल** घुमारवीं के खंड विकास अधिकारी सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की। धर्माणी ने सभी विभागीय अधिकारियों से अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और चल रहे निर्माण तथा विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि घुमारवीं क्षेत्र में सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। लोक निर्माण विभाग को सड़कों की मरम्मत, गड्ढे भरने और कनेक्टिंग सड़कों पर स्पीड ब्रेकर लगाने के निर्देश दिए गए। रोड क्रॉसिंग पर विजिबिलिटी को बेहतर किया जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। जल शक्ति विभाग को क्षेत्र में पेयजल व सिंचाई योजनाओं को मजबूत करने, लंबित योजनाओं का ब्योरा तैयार करने और जनता की समस्याओं का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करने को कहा गया। घुमारवीं बस स्टैंड के एक्जिट रोड के शीघ्र निर्माण पर जोर दिया, ताकि ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने वन विभाग को मानसून सीजन को देखते हुए असुरक्षित पेड़ों की कटाई और अवैध कटान पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। खनन विभाग को निर्देशित किया गया कि अवैध खनन पर सख्ती से रोक लगाई जाए और नियमित निरीक्षण किए जाएं। मंत्री ने कहा कि वे स्वयं रात्रि के समय स्थलीय निरीक्षण कर अवैध खनन को रोकने के लिए कदम उठाएंगे। स्वास्थ्य विभाग को क्षेत्र में अधूरे पड़े स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा स्वास्थ्य सुविधाएं जनसाधारण तक बेहतर तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए गए। पंचायत राज विभाग के अंतर्गत चल रही योजनाओं की भी समीक्षा की गई और सभी अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए।



विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी।

## बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना रहेगी प्राथमिकता : डॉ. अनुपम

गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के घुमारवीं सिविल अस्पताल में बतौर बीएमओ कार्यभार संभालते ही डॉक्टर अनुपम शर्मा ने अस्पताल की व्यवस्था सुधारने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि घुमारवीं बड़ा उपमंडल है और इसकी सीमाएं मंडी, हमीरपुर जिले से लगती हैं। ऐसे में लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। खासकर ऑपरेशन थियेटर की स्थापना व संचालन को वह प्राथमिक स्तर पर पूरा करेंगी। डॉक्टर अनुपम ने कहा कि वे स्वयं स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं और इस कारण महिलाओं से जुड़ी समस्याओं का बेहतर समाधान देना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि सर्जरी से जुड़ी सेवाओं की सुविधा अस्पताल में शुरू होने से लोगों को गंभीर परिस्थितियों में बाहर नहीं जाना पड़ेगा।



## न्यूज ब्रीफ

### आज से चंबा प्रवास पर विस अध्यक्ष पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 6 जुलाई से जिला के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया 6 जुलाई को विधानसभा क्षेत्र भटियात की ग्राम पंचायत चलमा में आयोजित होने वाले छिंज मेले के मुख्य अतिथि होंगे। पठानिया अपने प्रवास कार्यक्रम की निरंतरता में 7 जुलाई को बचत भवन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा मानसून-2025 की पूर्व तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसके उपरांत वह अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2025 के सफल आयोजन के दृष्टिगत मेला आयोजन समिति से संबंधित सभी जिला अधिकारियों एवं विभिन्न उप समितियों के संयोजकों के साथ बैठक करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 8 जुलाई को सिहुंता से शिमला को प्रस्थान करेंगे।

### हरदासपुरा में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड विद्युत उपमंडल चंबा-1 द्वारा आगामी 7 जुलाई को जरूरी मुरम्मत और रखरखाव कार्य के चलते हरदासपुर अनुभाग के हरदासपुरा फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रातः 9:00 बजे से लेकर सायं 5:00 बजे तक, अथवा कार्य पूर्ण होने तक, बाधित रहेगी। उपमंडल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, 630 केवीए ट्रांसफार्मर की अनिवार्य मरम्मत और रखरखाव के कार्य के लिए यह बिजली कट जरूरी है। इस कार्य के दौरान जिन क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी, उनमें मोहल्ला हरदासपुर, विकास खंड चंबा कार्यालय, डीआरडीए कार्यालय हरदासपुरा और हरदासपुर चौक से लेकर राधाकृष्ण मंदिर जुलाखड़ी तक के क्षेत्र शामिल हैं। सहायक अभियंता ई. तेजू ठाकुर ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### आज केवीके सरू का निरीक्षण करेंगे पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश विधानसभा में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया के 6 जुलाई से चंबा जिले के प्रवास कार्यक्रम में बदलाव गया है। उपमुख्य सचेतक के जारी संशोधित प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि वह 6 जुलाई को सुबह 11.30 बजे कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) सरू का निरीक्षण करेंगे तथा इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इसके पश्चात केवल सिंह पठानिया बाद दोपहर 2:00 बजे कूर पहुंचेंगे जहां पर वह लोगों से मिलेंगे तथा उनकी समस्याओं को सुनने के पश्चात एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उनका रात्रि ठहराव लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह छतराड़ी में रहेगा। पठानिया 7 जुलाई को सुबह 10 बजे छतराड़ी से प्रस्थान करेंगे तथा दोपहर 12 बजे परिधि गृह चंबा पहुंचेंगे। वह बाद दोपहर खज्जियार को प्रस्थान करेंगे तथा खज्जियार में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ खज्जियार झील का निरीक्षण करेंगे। उनका रात्रि ठहराव विश्राम गृह खज्जियार में रहेगा। उपमुख्य सचेतक 8 को सुबह 9 बजे खज्जियार से रैत-जिला कांगड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जल्द दिए जाएं पेंशनर्स के देय लाभ

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ की बैठक लोक निर्माण विभाग के बनीखेत विश्रामगृह में संपन्न हुई। पेंशनर्स की समस्याओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। पेंशनर्स ने 2016 से 2021 के मध्य सेवानिवृत्ति हुए पेंशनर्स को देय लाभ समय पर न दिए जाने पर सरकार के प्रति रोष प्रकट किया। सरकार से अनुरोध किया कि पेंशनर्स के देय लाभ जल्दी से जल्दी प्रदान किए जाएं। पेंशनर्स के मेडिकल बिल कई वर्षों से लंबित पड़े हुए हैं जिनका भुगतान नहीं हो रहा है बजट में पैसे का प्रावधान करके मेडिकल बिलों की भरपाई की जाए। 70 से 75 वर्ष की सेवानिवृत कर्मचारियों के संशोधित वेतनमान का अभी तक 30 बकाया दे है उसका भुगतान शीघ्र किया जाए। महंगाई भत्ता वेतनमान में 42 प्रतिशत बिल मिल रहा है जबकि महंगाई भत्ता बढ़ाकर 55 हो गया है 13 महंगाई भत्ता शेष है। सरकार से अनुरोध है कि 4- 4 की दो किश्त शीघ्र अति शीघ्र प्रदान की जाए।

### एंबुलेंस कर्मचारियों का हो रहा शोषण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एंबुलेंस सेवा 108 व 102 के कर्मचारियों का शोषण पिछले कई वर्षों से हो रहा है। इन कर्मचारियों को न तो समय पर वेतन मिल रहा है और न ही अन्य भत्ते मिल रहे हैं, जिसको लेकर उन्होंने एक दिन की हड़ताल भी की थी। युनियन प्रधान सुनील दत, सचिव बालक राम ने कहा कि पिछली कंपनी जो सैलरी देती थी और जो मौजूदा कंपनी मेडस्वान है वो सैलरी भी नहीं देती है। यहां तक कि जो सैलरी शुरु में दी जाती थी इन्होंने तो वो भी कम कर दी है। जब पूछा जाता है तब कहते हैं कि आपका पीएफ काट रहे हैं। सरकार चाहिए है कि इसकी जांच पड़ताल की जाए। उन्होंने कहा कि हमारी बातों पर गौर नहीं किया तो सभी कर्मचारी हड़ताल पर जाएंगे तो उसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी।

### गप्पेबाजी में माहिर हैं चेतन बरागटा: मुंगटा

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** जिला परिषद सदस्य व कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रवक्ता कौशल मुंगटा ने भाजपा के प्रवक्ता चेतन के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि चेतन के एमआईपी को 50 से 80 रुपए बढ़ाए जाने का बयान बागवानों को आयात शुल्क के मुद्दे से भटकाना है। जो भाजपा की सरकार से 2014 से आज तक पूरा नहीं हुआ है। जिसमें भाजपा ने अपने संकल्प पत्र व मोदी ने हिमाचल की हर रैली में कहा था कि सेब पर आयात शुल्क को 150 फीसदी तक बढ़ाया जाएगा जो कि एक जुमला साबित हुआ। मोदी सरकार द्वारा सेब के लिए न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) को 3 जून 2025 को 50 से बढ़ाकर 80 प्रति किलोग्राम करने से हमारी सभी परेशानियाँ दूर हो जाएंगी। यह दावा मूल मुद्दे से एक रणनीतिक भटकाव है! हमें सेब पर आयात शुल्क को 50 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करने की तत्काल आवश्यकता है जो हमारी असली मांग है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड व जम्मू-कश्मीर के सेब उत्पादकों ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि उनके उत्पाद को सस्ते आयात से बचाने के लिए उच्च आयात शुल्क महत्वपूर्ण है! खासकर ईरान व तुर्की से जो 2023-24 में बढ़कर 5.1 लाख टन हो गया है। केंद्र सरकार व भाजपा के नेता यह दावा करते है कि एक बार आयात शुल्क निर्धारित हो जाने के बाद उसे बढ़ाया नहीं जा सकता, जो तथ्यों पर आधारित नहीं है।

# अवैध खनन रोकने के लिए करें नियमित निगरानी और संयुक्त कार्रवाई : एडीएम

## डलहौजी में आयोजित समीक्षा बैठक में खनन व राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंबा**


डलहौजी में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम अमित मैहरा।

**अतिरिक्त** जिला दंडाधिकारी (एडीएम) अमित मैहरा ने कहा कि जिले में अवैध खनन से संबंधित मामलों पर प्रभावी रोकथाम के लिए विभागीय स्तर पर नियमित निगरानी सुनिश्चित बनाई जाए। साथ में संयुक्त निरीक्षण टीमों द्वारा उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

अमित मैहरा ने यह निर्देश शनिवार को परिधि गृह डलहौजी में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में खनन व राजस्व विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी ने बताया कि ज़िले में अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अप्रैल 2024 से जून 2025 की समयावधि के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा 1044 अवैध खनन मामलों पर कड़ा संज्ञान लेते हुए 773 मामलों में कंपाउंडिंग फीस के रूप में लगभग 27 लाख की धनराशि भी वसूली गई। इसी तरह 242 मामलों को न्यायालय में भेजा गया। उन्होंने बताया कि खनन विभाग द्वारा 181 मामलों में कार्यवाही करते हुए 125 मामलों के तहत 5 लाख 43 हजार 800 का कंपाउंडिंग शुल्क वसूला गया। साथ में ही खनन विभाग द्वारा 27 मामलों को न्यायालय में भेजा गया। विभाग द्वारा इस दौरान संवेदनशील स्थानों में 306 बार आकस्मिक छापेमारी भी की गई।

अमित मैहरा ने बताया कि अप्रैल 2024 से जून 2025 के दौरान राजस्व विभाग द्वारा 14 अवैध खनन मामलों में कंपाउंडिंग शुल्क के रूप में एक लाख वसूले गए।

उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा अनाधिकृत खनन मामलों पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए सर्वाधिक 849 मामले पकड़े जिनमें से 634 मामलों में 20 लाख 50 हजार राशि की कंपाउंडिंग कर 215 मामलों को न्यायालय में भेजा गया।

इस अवसर पर एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा, एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती, एसडीएम भाटियात पारस अग्रवाल, एसडीएम डलहौज़ी अनिल भारद्वाज, मंडल अधिकारी रजनीश महाजन सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

# राजस्व के लंबित मामलों का शीघ्र करें समाधान: उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा**


बैठक की अध्यक्षता करते डीसी चंबा।

**उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल ने कहा कि राजस्व से संबंधी सभी लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करना सुनिश्चित बनाया जाए तथा सम्बंधित अधिकारी सभी तहसीलों में लंबित जमाबंदी, इंतकाल एवं राजस्व न्यायालयों से संबंधित विभिन्न मामलों का समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करें। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल आज डलहौज़ी में सर्किट हाउस में जिला के सभी राजस्व अधिकारीयों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।

बैठक में राजस्व विभाग में विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने विभिन्न राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को राजस्व मामलों के समयबद्ध एवं प्रभावी हल सुनिश्चित करने और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को पात्र लोगों तक पहुंचाने बारे भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप मंडलों के एसडीएम को लोगों की समस्याओं के समाधान में विशेष प्राथमिकता देने को कहा।

इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने बैठक में निशानदेही मामलों, तकसीम कब्जा नाजायज, इन्तकाल, जमाबन्दी नवीनीकरण, राजस्व भवनों के निर्माण एवं मुरम्मत कार्यो, इ-डिस्ट्रिक्ट का कार्यान्वयन, मुख्यमंत्री सेवा संकल्प नंबर-1100 पर शिकायत निवारण, रिलीफ पोर्टल, जनजातीय क्षेत्र भरमौर तथा पांगी के एफआरए मामले, आधार सीडिंग व खनन आदि समस्त मामलों की भी समीक्षा की। बैठक में डीसी ने मानसून के दौरान संभावित आपदा व खतरे को लेकर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई जिसमें सभी एसडीएम और राजस्व अधिकारियों को सक्रिय रहने के लिए अवश्य दिशा निर्देश दिए।

# दूसरे जिलों में बारिश की तबाही से भरमौर में पर्यटकों की आवाजाही में आई भारी कमी

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**प्रदेश** की दूसरे जिलों में हो रही भारी बारिश की तबाही के कारण भरमौर में पर्यटकों की आवाजाही में भारी कमी आई है। जिसके कारण यहां पर पर्यटन व्यवसाय पर इसका खूब असर पड़ा है। हालांकि मई महीने में यहां पर पर्यटकों की आवाजाही एकाएक बढ़ गई थी जिसके कारण यहां पर पर्यटन कारोबार को खूब बल मिल रहा था। लेकिन पिछले दिनों शिमला कुल्लू मनाली वह दूसरे जिलों में भारी बारिश के कारण हुई तबाही का सीधा असर यहां पर पर्यटन व्यवसाय पर पड़ा है। यहां के अधिकतर पर्यटक स्थल वी मंदिर का एक सूने दिख रहे हैं।

पर्यटकों की चहल कदमी घाट जाने के बाद यहां पर कारोबारीयों के चेहरे भी लटक गए हैं। हालांकि पिछले दिनों की बात करें तो भरमौर के अधिकतर हिस्से में पर्यटकों की भारी तादाद बढ़ जाने के कारण यहां पर पार्किंग की समस्या भी उत्पन्न हो गई थी। गाड़ियों को पार करने के लिए


धार्मिक स्थल में पसरा सन्नाटा।

जगह भी नहीं मिल रही थी। यहां के अधिकतर गेस्ट हाउस वह होमस्टे पैक चल रहे थे।

धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं का तांता लगातार बढ़ता जा रहा था। लेकिन पिछले कुछ दिनों से प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में हुई भारी बारिश व तबाही के कारण यहां पर पर्यटकों की आवाजाही ना के बराबर हो गई है। हालांकि इससे पहले देश के कोने-कोने से जिसमें महाराष्ट्र हरियाणा जम्मू कश्मीर उत्तर प्रदेश दिल्ली पंजाब चंडीगढ़ के खूब पर्यटक यहां पर ठंडी हवा का आनंद लेने के लिए पहुंच रहे थे।

बता दें कि प्रदेश के कई हिस्सों में जहां पर भारी बारिश के कारण तबाही मची हुई है तो वहीं पर जनजातीय क्षेत्र भरमौर में पिछले कई महीनो से सुखे की स्थिति बनी हुई है। यहां पर किसने की अधिकतर फैसले खेतों में सुखना शुरू हो गई है। लोग बारिश के लिए देवी-देवताओं की शरण में जा रहे हैं। लेकिन पिछले कई महीनो से यहां पर बारिश न होने के चलते किसान व बागवान भी काफी परेशान दिख रहे हैं। हालांकि मई महीने में जिस तरह से यहां पर पर्यटकों की एकाएक तादाद बढ़ गई थी जानकारों की माने तो पहली बार भरमौर में इतनी अधिक संख्या में मई महीने में पर्यटक पहुंचे थे। इस लिहाज से उम्मीद की जा रही थी कि इस वर्ष भरमौर में पर्यटकों की तादाद अच्छी खासी रहेगी। एकाएक बड़ी पर्यटकों की तादाद के कारण यहां पर कारोबारी भी काफी खुश दिख रहे थे।

# नवविवाहित युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

## चंबा के चमेशनी मोहल्ले में पेश आई घटना, पुलिस कर रही मामले की जांच

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** जिले के चमेशनी मोहल्ले में शुक्रवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 42 वर्षीय युवक विपिन कुमार ने अपने ही घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह खबर जैसे ही मोहल्ले में फैली, पूरे इलाके में शोक और स्तब्धता का माहौल बन गया।

मृतक की पहचान विपिन कुमार पुत्र स्वर्गीय प्रेम लाल के रूप में हुई है, जो पेशे से पेंटर थे और लगभग एक उनकी शादी को अभी 12 से 14 माह ही हुए थे, पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे से 12:00 बजे के बीच विपिन अपने कमरे में सोने चले गए थे। अगले दिन सुबह जब उन्होंने दरवाजा नहीं खोला और अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। बार-बार दरवाजा खटखटाने पर भी कोई उत्तर न मिलने पर, परिवार ने तुरंत सिटी चौकी पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम ने शनिवार सुबह लगभग 9:30 बजे मौके पर पहुंच कर दरवाजा तोड़ा, तो कमरे में विपिन को पंखे से लटका हुआ पाया गया। पुलिस ने शव को नीचे उतार कर उसे कब्जे में लिया और घटनास्थल से अहम साक्ष्य जुटाए।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विपिन कुमार और उनकी पत्नी के बीच हाल ही में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी, जिससे मानसिक तनाव की स्थिति बन सकती है। हालांकि, अभी तक आत्महत्या के पीछे के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए चंबा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

### मोहल्ले में पसरा मातम, अफवाहें न फैलाएं

**इस** घटना ने पूरे चमेशनी मोहल्ले को हिला कर रख दिया है। स्थानीय लोग विपिन को एक मिलनसार और मेहनती व्यक्ति के रूप में जानते थे। उनकी अचानक हुई



इस आत्मघाती कदम की खबर ने सभी को हैरानी में डाल दिया है। वहीं, पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि इस संवेदनशील मामले में अफवाहें न फैलाएं और जांच पूरी होने तक किसी निष्कर्ष पर न पहुंचे। परिजनों से भी लगातार पूछताछ की जा रही है ताकि आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह सामने लाई जा सके।

# आयुष विभाग पंचकर्म प्रशिक्षण के लिए फीस वसूलना दुर्भाग्यपूर्ण : डॉ. दिनेश

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** प्रदेश का आयुष विभाग पंचकर्म प्रशिक्षण के तहत प्रशिक्षणार्थियों से तीस हजार रुपए वसूलने को प्रदेश आयुर्वेद एवं यूनानी बोर्ड के सदस्य डॉक्टर दिनेश ने दुर्भाग्यपूर्ण कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह अनुचित है। आयुर्वेद विभाग के पूर्व विशेष कार्य अधिकारी एवं वर्तमान मे प्रदेश आयुर्वेद एवं यूनानी बोर्ड के सदस्य डॉक्टर दिनेश कुमार ने कहा है कि



आयुष विभाग में क्षेत्रीय आयुर्वेद अस्पताल शिमला व राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय अस्पताल पपरोला में यह एक वर्षीय आयुर्वेद स्पा थैराफिस्ट (पंचकर्म) कोर्स/प्रशिक्षण प्रति वर्ष दसवीं पास 18 से 35 वर्ष के पात्र युवाओं से करवाया जाता है। इस वर्ष इस कोर्स के लिए 31 जुलाई तक आवेदन 100 रुपए शुल्क के साथ संबंधित चिकित्सा अधीक्षक द्वारा आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक यह प्रचलन में आया है कि स्वरोजगार के लिए इस प्रशिक्षण में गांव की पृष्ठ भूमि के गरीब परिवार के बच्चे ही मुख्यत: शामिल होते हैं जिन्हें इस प्रशिक्षण अवधि के दौरान मकान के किराए के साथ इस मंहगाई के दौर में राशन व दैनिक खानपान का बिल भी घर के बाहर रहने के कारण चुकाना पड़ता है। जो कम से कम भी आंके तो बारह हजार रुपए मासिक पड़ता है। इसलिए विभाग को यह प्रशिक्षण स्किल डेवेलपमेंट के तहत प्राप्त स्टाइफंड से करवाना चाहिए। इस संबंध में वह शीघ्र मुख्यमंत्री और आयुष मंत्री के अतिरिक्त सचिव आयुष व निदेशक आयुष से भी चर्चा कर फीस राहत के लिए आग्रह करेंगे।

# समग्र शिक्षा के तहत डाइट चंबा में अध्यापकों को किया प्रशिक्षित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत डाइट चंबा में स्टार्स प्रोजेक्ट (क्रिएटिव इंस्पायरिंग माइंड्स) में स्टेम एक्सप्लोरेशन कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दो चरणों में किया गया। इस कार्यक्रम में जिला के 50 विद्यालयों का चयन किया गया है। इन विद्यालयों के दो-दो विज्ञान अध्यापकों को डाइट में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पहले चरण में दो व तीन जुलाई को 50 अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया व अगले चरण में चार व पांच जुलाई को शेष बचे 50 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया। यह कार्यशालाएं उप शिक्षा निदेशक क्वालिटी कंट्रोल व डीपी ओ डाइट कमलेश ठाकुर की अध्यक्षता में तथा प्रधानाचार्य नम्रता शर्मा की देखरेख में आयोजित की गई।

डाइट चंबा की ओर से समन्वयक सपना महाजन ने इस कार्यशाला का संचालन किया। स्रोत व्यक्ति के रूप में मोहित तथा विवेक ने आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉक कोडिंग, पाइथन प्रोग्रामिंग, थ्री डी तकनीक आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। सभी विषयों को प्रयोगों के माध्यम से तथा बहुत ही सरल एवं रूचिपूर्ण तरीके से अध्यापकों तक पहुंचाया गया। प्रशिक्षण के बाद यह अध्यापक विद्यालयों के छात्रों तक इन तकनीकों का लाभ पहुंचाएंगे।

# खज्जियार में पर्यटक पारंपरिक वेशभूषा में फोटो खिंचवाकर बना रहे यादगार लम्हे

**अनंत ज्ञान, खज्जियार**

**जिसे** 'भारत का मिनी स्विट्ज़रलैंड' कहा जाता है, में इन दिनों बड़ी संख्या में देश-विदेश से आए पर्यटक अपनी छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं। यहां की नैसर्गिक सुंदरता के साथ-साथ हिमाचली संस्कृति भी लोगों को खूब आकर्षित कर रही है।



पर्यटक यहां खास तौर पर पारंपरिक हिमाचली ड्रेस पहनकर यादगार फोटो खिंचवाते नज़र आ रहे हैं। महिलाएं चंबायली और कुलवी ड्रेस पहनकर तो पुरुष हिमाचली टोपी और चोला-दामन धारण कर अपने अनुभव को अनोखा बना रहे हैं। स्थानीय फोटोग्राफर भी इस रिवाज़ को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे पर्यटकों को हिमाचल की संस्कृति से जुड़ाव का खास मौका मिल रहा है। खज्जियार की हरी-भरी वादियों और ऐतिहासिक देवदार के जंगलों की पृष्ठभूमि में पारंपरिक वेशभूषा में खिंचवाई गई तस्वीरें हर किसी के लिए जीवन भर की याद बन रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहल न केवल संस्कृति को जीवंत रखती है, बल्कि पर्यटन व्यवसाय को भी नई पहचान दे रही है।

### सूडोकु नवताल- 7482

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7481 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# आपदा पीड़ितों के लिए राहत बनकर पहुंचे एसएस गुलेरिया

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** स्याठी गांव में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के बाद अब मदद के लिए समाज के सभी वर्गों से हाथ उठने लगे हैं। ऐसे समय में प्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं राज्य सूचना आयुक्त (रिटा) डॉ. एसएस. गुलेरिया पीड़ितों के बीच राहत लेकर पहुंचे। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की, साथ ही जरूरतमंदों को अब तक की चल रही सबसे बड़ी पेयजल समस्या का निदान करते हुए उन्हें बिसलेरी बोतलों से भरी जीप भी वितरित की। डॉ. गुलेरिया ने शिमला से खुद इस जीप में आकर मंदिर कैंप में रह रहे पीड़ित परिवारों से भेंट की, उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा भी दिलाया।

# डलहौजी में शिक्षकों के लिए लगी प्रशिक्षण कार्यशाला

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान**

**डलहौजी।** भारत सरकार के सचिवालय एवं प्रबंधन संस्थान आईएसटीएम व केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई के संक्षिप्त तत्वाधान में चार व पांच जुलाई को डलहौजी हिल टॉप स्कूल में दो दिवसीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में पंचकूला क्षेत्र के तथा हिमाचल से कांगड़ा व चंबा से विभिन्न प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ हिल टॉप स्कूल की अध्यक्ष डॉक्टर पूनम राय ने किया। उन्होंने अपने भाषण में शिक्षकों के निरंतर पेशेवर विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। डलहौजी की सुंदरवादियों में स्थिति इस भव्य परिसर में यह कार्यशाला प्रतिभागियों के लिए ज्ञानवर्धक और आपसी सहयोग का एक अनूठा अवसर बन गया। विद्यालय की उत्कृष्ट मेजबानी आधुनिक सुविधाएं और समर्पित स्टाफ से प्रतिभागियों को एक समृद्ध अनुभव प्रदान किया।


डलहौजी हिलटॉप स्कूल में ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यशाला का आयोजन किया गया।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

रविवार, 6 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** एकादशी (18:59) **: नक्षत्र** स्वाती (19:51), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** सिद्धि (20:35), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:01-12:49)। **राहुकाल** (08:58-10:41)।

### विशेष दिन

- 6 जुलाई: देवशयनी एकादशी व्रत आज।
- 6 जुलाई: मुस्लिम समुदाय का मोहर्रम (ताजिया) आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेषः** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**वृषः** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा व व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**मिथुनः** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य समय पर कर लें।

**कर्कः** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंहः** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्याः** सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**तुलाः** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**वृश्चिकः** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी।

**धनुः** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मकरः** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए।

**कुंभः** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मीनः** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

# सरसकान पंचायत को आपदा प्रबंधन के लिए मिले विशेष पैकेज

## एनएच की ओर से की गई अनधिकृत डंपिंग के कारण हुआ भारी नुकसान, दर्जनों घरों के गिरने का खतरा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**विकास** खंड धर्मपुर की सरसकान पंचायत में भारी बारिश और भूस्खलन के बाद हुई तबाही के मद्देनजर विशेष आर्थिक पैकेज की मांग जोर पकड़ने लगी है क्योंकि इस पंचायत के अधिकांश रास्ते, रिहायशी मकानों के डंगे व कृषि योग्य भूमि का भारी नुकसान हुआ है।

सरसकान पंचायत के प्रधान उमेश ललित का कहना है कि 21 जून के बाद 30 जून और पहली जुलाई को भूस्खलन के डेढ़ दर्जन से भी ज्यादा मामले सामने आए हैं। भारी बारिश ने बरोटी, सन्यारढी, लूनग्राम, नरेढा, सीरम, ठप्पलेहड़ा, सरोहली, हवानी, निचली हवानी, धार, निचली


सरसकान पंचायत में आपदा में हुई क्षति का दृश्य।

अनुसूचित बस्ती हवानी, सर, भल्यार, रखेड़ा, रड़ा, कुसरी, अनुसूचित बस्ती रौह, अनुसूचित बस्ती गंतरैलू, निचली रौह, स्याहरल, तड़ा, भुरका आदि गांवों में जमकर तबाही मचाई है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर जगहों पर पीडब्ल्यूडी और एनएच द्वारा की गई अनधिकृत डंपिंग के कारण भारी नुकसान हुआ है। एनएच का निर्माण करा रही कंपनी द्वारा बाईपास पर कटिंग कराने के बाद समय पर सुरक्षा दीवारें न लगाने के कारण अनुसूचित जाति बस्ती सन्यारढी में ज्ञान चंद, लछमन सिंह, सतीश कुमार, रमेश चंद, बर्फी देवी, गीता देवी व सन्नी आदि के मकानों को खतरा बना हुआ है जबकि हवानी में कुछ विशेष पहुंच रखने वाले परिवारों की सरेआम अनदेखी हो रही है। ड्रेन न बनने के कारण तलहटी में बसे दर्जनों परिवारों के घरों पर सीधा पानी और मलबा गिर रहा है।

ठाणा में विजय कुमार, हंस राज, लोक पाल, उत्तम सिंह, संजय कुमार, मेघ सिंह, चंद राम, होशियार सिंह, विजय कुमार, पवन कुमार, जोगिंद्रा देवी, अश्वनी लखनपाल, सपना देवी, विकेश कुमार, दिनेश कुमार सभी निवासी रखेड़ा, सत्या देवी, हुक्म चंद, बलबीर सिंह, डोलमा देवी, नरेश कुमार, सोहन सिंह, देश राज, डिंपल, शोभा राम, राजेंद्र कुमार, कुलदीप, पवन कुमार, रूप लाल, जय सिंह, कश्मीर सिंह, पृथी, देश राज, रणवीर व सोहन सभी निवासी हवानी का बरसात के कारण नुक्सान हुआ है। प्रधान उमेश ललित ने बताया कि बेहिसाब बरसात की तबाही पंचायत द्वारा बनाए गए रास्तों और कूहलों को भी उठानी पड़ी है। रड़ा में पंचायत द्वारा बनाया गया पक्का रास्ता बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है जिससे सुचेत सिंह, परवीन ठाकुर, विवेक ठाकुर, हेम सिंह, सुरजीत सिंह, गुलाब सिंह, शोभा राम और सुरेन्द्र सिंह आदि ग्रामीणों को घर और गौशाला तक पहुंचने में भारी असुविधा हो रही है जबकि कुसरी गांव के लिए जाने वाले मुख्य रास्ते का नामोनिशान मिट चुका है।

जहां सौ में अस्सी पुरुष भूखे मरते हों, वहां दारू पीना गरीबों के रक्त पीने के बराबर है। –प्रेमचंद

## संपादकीय

# डंकी रूट से विदेश भेजने का गोरखधंधा

हिमाचल प्रदेश आजकल एक चौंकाने वाले मामले की वजह से सुर्खियों में है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए ने चंबा जिले के एक 32 वर्षीय युवक को धर्मशाला से गिरफ्तार किया है, जिस पर डंकी रूट के जरिए लोगों को अवैध तरीके से विदेश भेजने और मानव तस्करी जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। यह गिरफ्तारी न केवल कानूनी दृष्टिकोण से अहम है, बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी हिमाचल जैसे प्रदेश के लिए एक चेतावनी है। डंकी रूट यानी गैरकानूनी तरीके से, बिना वैध दस्तावेजों के, कठिन और खतरनाक रास्तों से विदेशों में प्रवेश करने का तरीका अब एक खतरनाक शॉर्टकट बनता जा रहा है। खासकर पंजाब, हरियाणा और अब हिमाचल जैसे अपेक्षाकृत शांत राज्यों के युवाओं को यह गुमराह करने लगा है। गिरफ्तार युवक सन्नी ने एक साधारण दुकानदार से लेकर अवैध मानव तस्करी के संगठित नेटवर्क के संचालक तक की यात्रा कर इस बात का संकेत दिया है कि लालच और जल्दी अमीर बनने की चाहत किस तरह इंसान को अपराध के रास्ते पर ले जा सकती है। सन्नी आठ साल पहले धर्मशाला में एक दुकान पर काम करता था। फिर उसने खुद की दुकान खोली, विदेशी महिला से शादी की और जल्द ही रूस के मास्को के जरिए डंकी रूट पर आधारित मानव तस्करी का नेटवर्क खड़ा कर दिया। उसने न केवल मासूम लोगों को विदेश भेजने के नाम पर ठगा, बल्कि इस अवैध धंधे से भारी कमाई कर प्रॉपर्टी भी जोड़ ली।

हिमाचल बेशक छोटा राज्य है, लेकिन वह अपनी साफ–सुथरी छवि और नैतिकता के लिए जाना जाता है। हमारे समाज में आखिर ऐसी प्रवृत्तियां क्यों पनप रही हैं, यह वाकई एक गंभीर सवाल है? इसका बड़ा कारण युवाओं में तेजी से अमीर बनने की इच्छा है। शिक्षा, रोजगार और आर्थिक अवसरों के सीमित होने के बीच जब वे इंटरनेट, सोशल मीडिया और फिल्मों में विदेशों की चकाचौंध देखते हैं, तो शॉर्टकट अपनाने का मोह गहराता है। यही मोह उन्हें ऐसे गिरोहों की ओर खींचता है, जो उन्हें अवैध तरीकों से विदेश पहुंचाने का सपना बेचते हैं। डंकी रूट के बारे में एक आम धारणा है कि यह लोगों को विदेश पहुंचा देता है, लेकिन सच्चाई यह है कि यह रूट न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि बेहद खतरनाक और अमानवीय भी है। पाकिस्तान, ईरान, तुर्किये, सर्बिया जैसे देशों के बर्फीले पहाड़ों, बंजर रेगिस्तानों और माफिया के कब्जे वाले इलाकों से होकर गुजरना किसी मौत के दरवाजे से होकर जाने जैसा है। पिछले कुछ वर्षों में कई भारतीय नागरिक ऐसे डंकी रूट से यूरोप या अमेरिका जाते हुए पकड़े गए, कैद किए गए या फिर जान गंवा बैठे। जिनको बचा लिया गया, उनकी जिंदगी जेलों, डिपोर्टेशन या मानसिक तनाव के बीच घुटती रही। ऐसे में यह सोचना कि डंकी रूट विदेश में स्वर्णिम भविष्य की गारंटी है, महज एक भ्रम है। एनआईए ने इस मामले में सन्नी के खिलाफ मानव तस्करी, धोखाधड़ी, अवैध संपत्ति अर्जन और साक्ष्य छुपाने जैसे गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। उसके नेटवर्क की तह तक पहुंचने के लिए जांच जारी है और संभावना है कि आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

यह केस न केवल एक अपराधी को पकड़ने का मामला है, बल्कि यह पूरे प्रदेश के लिए एक चेतावनी भी है कि अब हिमाचल की धरती भी ऐसे संगठित अपराधों से अछूती नहीं रही। इसके साथ ही यह मामला मनी लांड्रिंग यानी अवैध कमाई को वैध दिखाने के प्रयासों की तरफ भी इशारा करता है। जब किसी व्यक्ति के पास उसकी आमदनी से कहीं अधिक संपत्ति मिलती है, तो उसे छिपाने के लिए फर्जी दस्तावेज, बोगस कंपनियां और बेनामी संपत्तियों का जाल खड़ा किया जाता है। यही कारण है कि अब प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी जैसी एजेंसियों की नजर भी इस पूरे मामले पर है। इस पूरी घटना में सबसे अहम सवाल यह है कि क्या हमारा समाज अपने युवाओं को सही दिशा दिखा रहा है? क्या परिवार, स्कूल, कॉलेज और पंचायत स्तर पर उन्हें नैतिकता, ईमानदारी और कानूनी रास्ते की महत्ता समझाई जा रही है? अक्सर यह देखा गया है कि जब कोई युवक विदेश से पैसे भेजने लगता है, तो गांव और समाज में उसकी प्रतिष्ठा बढ़ जाती है। लोग उसके कपड़े, गाड़ियां और घर देखकर ईर्ष्या और प्रशंसा से भर जाते हैं, चाहे वह पैसा किसी भी रास्ते से आया हो। यह सोच भी बदलनी होगी। ईमानदारी से कमाए गए पैसे की जो गरिमा है, वह किसी भी काले धन से अधिक है।

हिमाचल जैसे शांत और नैतिक मूल्यों पर आधारित राज्य के लिए यह घटना आंखें खोलने वाली है। यदि समय रहते शासन, प्रशासन और समाज ने मिलकर युवाओं को ऐसे गिरोहों से बचाने के लिए काम नहीं किया, तो आने वाले समय में ऐसे कई और मामले सामने आ सकते हैं। स्कूलों और कॉलेजों में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम शुरू करने होंगे, पंचायत स्तर पर प्रवासी युवाओं का डाटा तैयार करना होगा और युवाओं को स्वरोजगार, स्टार्टअप और तकनीकी शिक्षा के जरिए मजबूत बनाना होगा। इसके साथ ही, ऐसे मामलों में जो आरोपी पाए जाएं, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि एक नजीर कायम हो सके। ईमानदारी से कमाया गया एक रुपया, बेईमानी से कमाए गए लाखों रुपए से कहीं अधिक मूल्यवान होता है। ■

### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## महान शिक्षाविद और मानवता के उपासक

**श्यामा** प्रसाद मुखर्जी एक महान शिक्षाविद और चिंतक होने के साथ–साथ भारतीय जनसंघ के संस्थापक भी थे। उन्हें आज भी एक प्रखर राष्ट्रवादी और कट्टर देशभक्त के रूप में याद किया जाता है। डॉ. मुखर्जी का जन्म एक प्रसिद्ध बंगाली परिवार में हुआ था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मानवता के उपासक और सिद्धांतों के पक्के इंसान थे। संसद में उन्होंने सदैव राष्ट्रीय एकता की स्थापना को ही अपना प्रथम लक्ष्य रखा था। संसद में दिए अपने भाषण में उन्होंने कहा था कि 'राष्ट्रीय एकता के धरातल पर ही सुनहरे भविष्य की नींव रखी जा सकती है।' भारतीय इतिहास में उनकी छवि एक कर्मठ और जुझारू व्यक्तित्व वाले ऐसे इंसान की है, जो अपनी मृत्यु के इतने वर्षों बाद भी अनेक भारतवासियों के आदर्श और पथप्रदर्शक हैं। कांग्रेस यदि उनकी सलाह को मानती तो मुस्लिम लीग की भारत विभाजन की मनोकामना पूर्ण नहीं होती। ■



श्यामा प्रसाद मुखर्जी
जन्म : 6 जुलाई, 1901
मृत्यु : 23 जून, 1953



कविता

## पुष्प पुलकित

अनिल शर्मा नील, निचली भटेड़, बिलासपुर (हिप्र)

*कहां है मान मर्यादा, रमी है दुनिया प्यालों में,*
*हवस है करोड़ों की, कहां संतुष्टि दो निवालों में,*
*न दीन धर्म, न मजहब कोई इस नफरती हवा का,*
*नित प्रति खून लूट शूट किसे इंट्रेस्ट दीन दयालों में,*
*जगह–जगह भगवद, कथा प्रवचन, भंडारे, जागरण,*
*राम तो कहने को, अब रावण बसे हैं ख्यालों में,*
*डरे सहमे से पेड़–पौधे, चलने लगे हैं कटर जंगलों में,*
*कितने पुष्प पुलकित होंगे, उगे हैं जो पौधे गमलों में,*
*कुरेद–कुरेद पहाड़ का सीना, बना डाली अब सड़कें,*
*थर–थर कांपते पहाड़, गुजरे जब वाहन टनलों में,*
*कम हो गया है एचबी, पीड़ित है धरा अरक्तता से,*
*बह रही निर्जीव सी, बहते मोछे ज्यों जलजलों में।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# कृषि समृद्धि में वैज्ञानिकों, किसानों व प्रसारकों का अहम योगदान



आज जो देश की विकसित कृषि है, जो बिना नारे के बिना किसी विज्ञापन से प्राप्त हुई है यह एक दिन में नहीं, बल्कि इस मुकाम पर पहुंचने में पचहत्तर साल का एक लंबा संघर्ष किसानों और कृषि वैज्ञानिकों को करना पड़ा है। कृषि में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को हासिल करने के लिए न जाने कितने किसान, मजदूर, वैज्ञानिकों ने अपने जीवन का अमूल्य समय दिया होगा वो भी तब जब देश में सड़कें नहीं थी, संसाधन नहीं थे। कैसे बीज, खाद और दवा किसानों के पास पहुंचती रही होगी? सिंचाई का अभाव था तो किसानों के पास बस शारीरिक श्रम था। आधुनिक मशीनों का ज्ञान नहीं था और न ही आधुनिक कृषि उपकरण विकसित देशों की तरह थे। बस खेती के लिए बैल और हल ही औजार थे। विकसित कृषि की उस परिस्थिति को जब सोचता हूं तब उस युग में काम करने वाले किसानों, मजदूरों व वैज्ञानिकों के लिए स्वत: श्रद्धा का भाव मन में हिलोरे लेता है कि धन्य हैं वे प्रसार कर्मी, कृषि वैज्ञानिक और किसान जो हमारी पीढ़ी को एक समृद्ध कृषि दे गए हैं। उसी परंपरा को हम सब आगे ले जा रहे हैं।

बस थोड़ा सा वैज्ञानिक आधार मजबूत करके कृषि तकनीकी की पुरानी विरासत को बचाते हुए नवीकरण कर रहे हैं आज के वैज्ञानिक। उस समय का विज्ञान प्रकृति के साथ सामंजस्य बैठाकर विकसित हुआ था। आज पुन: उसी रास्ते पर अपनी नई कृषि को विकसित कृषि के नाम पर आगे ले जाना जरूरी है। जब तक भूमि का संरक्षण सही तरीके से नहीं होगा, जल का उपयोग फसलों के अनुरूप नहीं किया जाएगा, क्षेत्र विशेष को ध्यान में रखकर कृषि तकनीकी व बीजों को विकसित नहीं करेंगे, तब तक हम लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे। विकसित भारत विकसित कृषि का जो सरकार आज पांच किलो मुफ्त अनाज अस्सी करोड़ लोगों को दे रही है, अगर उस समय की सरकार विज्ञापनों और नारों से कृषि का विकास करने में लगी रहती तो आज भी भारत की निर्भरता दूसरे देशों के अनाज पर बनी रहती। उस समय की सरकार ने कृषि विकास के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद को खुली छूट दे रखी थी।

हमको खाद्यान्न में आत्म निर्भर होना है, यही नारा यही लक्ष्य था जो पूरा हुआ पर कभी यह नारा नहीं दिया गया कि कृषि वैज्ञानिक पहली बार किसानों के खेत पर पहुंचे। आज विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाकर देशभर में केंद्रीय कृषि मंत्री तो कहीं प्रदेश के कृषि मंत्री भी इस अभियान में शामिल होकर सफल बनाने में लगे हुए हैं। किसानों को यह एहसास दिलाने में लगे हैं कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार किसानों के साथ कृषि वैज्ञानिकों का सीधा संपर्क और संवाद हो रहा है। यही एक गलत संदेश दिया गया कि पहली बार वैज्ञानिक किसानों के खेत पर पहुंचे। इसका मतलब साफ है कि वर्तमान सरकार ही कृषि और किसान के लिए ग्यारह सालों से काम कर रही है तथा बाकी पिछली सरकारों ने किसानों और कृषि के लिए कुछ नहीं किया। किसानों को यही सरकार न्यूनतम सरकारी खरीद मूल्य भी दे रही है और कृषि तकनीकी को भी खेत में ले जा रही है। यह सवाल उठ रहा है क्या बिना कृषि वैज्ञानिकों के प्रयास से देश में हरित क्रांति आग गई? क्या किसानों के साथ 1966–67 में कृषि वैज्ञानिकों ने मिलकर काम नहीं किया था। उस समय के किए गए हर विकास को कैसे नकार दिया जा रहा है। बस एक विज्ञापन से कि पहली बार कृषि वैज्ञानिकों का दल किसानों के खेत में किसानों के साथ काम करेगा। निश्चित रूप से इससे पुराने कृषि वैज्ञानिकों का अपमान ही हो रहा है। उनके किए गए कार्यों पर एक प्रश्न खड़ा कर दिया गया। भारत में हरित क्रांति के जनक के रूप में डॉ. स्वामीनाथन का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है।



लेखक : डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, पालमपुर

हरित क्रांति के बाद देश में श्वेत क्रांति, नीली क्रांति, पीली क्रांति भी आई और आज देश आत्मनिर्भर ही नहीं, बल्कि खाद्यान्न उत्पादन के साथ निर्यातक भी है। दूध उत्पादन में दुनिया में पहले नंबर है। वहीं, फल, सब्जी उत्पादन में चीन के बाद विश्व में दूसरा स्थान भारत का ही है। यह सब ग्यारह साल में नहीं, बल्कि 75 साल से लगातार किसानों, वैज्ञानिकों, पशुपालकों, पशु वैज्ञानिकों के अथक प्रयास से ही हो पाया है। कृषि तकनीकी के विकास और प्रसार की अहम भूमिका रही है और आज भी कृषि प्रसार वैज्ञानिक, प्रसार कर्मचारी दिन–रात जी–तोड़ मेहनत कर रहे हैं कि देश की सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान कहीं से कम न हो। आज हर किसान, हर कृषि वैज्ञानिक, हर शोध संस्थान का यही प्रयास है कि देश को विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने के लिए कृषि की विकास दर को चार प्रतिशत से कैसे ऊपर लाया जाए। वैसे यह कहा जा रहा कि अभी भारत दुनिया का चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया जो जापान के बराबर है, पर अभी जापान से प्रति व्यक्ति आय में भारत बहुत पीछे है। भारत में प्रतिवर्ष प्रति व्यक्ति आय मात्र दो लाख पचास हजार है, जबकि जापान में यह भारत से तेरह गुना ज्यादा है।

खैर, आंकड़ा है जो देश दे रहा उसे सच मान लेना चाहिए, पर तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए कृषि विकास दर के साथ छोटे उद्योगों तथा सेवा क्षेत्र में काफी कार्य करना होगा तभी लक्ष्य हासिल होगा। भारत अभी केवल दलहनी तिलहनी फसलों के उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं हो पा रहा है। कृषि वैज्ञानिक इस फसल पर बराबर शोध कर रहे कि ऐसी किस्मों का विकास किया जाए जो कम पानी, कम लागत से भरपूर पैदावार दे और देश दलहन तिलहन के उत्पादन में विश्व में सिरमौर बन जाए।

पहली हरित क्रांति की सफलता के बाद देश में दूसरी हरित क्रांति की बात हुई और उन प्रदेशों, जिलों का चयन किया गया जो पहली हरित क्रांति से पूर्ण रूप से वंचित थे, जिसमें विशेष तौर पर पूर्वोत्तर के राज्यों के साथ ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश को प्रमुख रूप से इसमें शामिल किया गया। इस दूसरी हरित क्रांति का प्रारूप और विचार भारत के महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कमाल साहब की सोच थी। और दूसरी हरित क्रांति में सिंचाई के साथ मृदा की गुणवत्ता फसलों के प्रसंस्करण तथा बाजार पर विशेष ध्यान देकर बनाई थी जो बहुत सफल रही। आज भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का विकास तेजी से हो रहा है और कृषि उपज को खेत से घर तक लाने में जो नुकसान होता था उसे भी कम किया गया है।

भारत में कृषि के विकास के लिए 1974 में विश्व बैंक की सहायता से 'प्रशिक्षण एवं भ्रमण परियोजना' देश के कई प्रदेशों में चलाई गई जिसका मूल उद्देश्य है कि कृषि में नवीनतम तकनीकी का प्रयोग किसान करें। इसके तहत किसानों के खेत पर कृषि प्रसार कार्यकर्ता व कृषि वैज्ञानिक मिलकर काम करते थे और किसानों को प्रगतिशील किसानों के खेतों व कृषि विश्वविद्यालय के अनुसंधान केंद्र का भ्रमण कराया जाता था जिससे किसान कृषि की सुधरी तकनीकी देखें और अपनाएं।

1979 भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने अपने स्वर्ण शताब्दी वर्ष में प्रयोगशाला से खेत कार्यक्रम शुरू किया था, जिसमें प्रदेशभर से 75000 किसानों का चयन करके उनके साथ वैज्ञानिकों ने काम किया था, जिसका परिणाम सुखद रहा। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय कृषि विकास योजनाएं आत्मा योजनाएं, फसल बीमा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के साथ आईवीएलपी गांव लिंकेज कार्यक्रम भी चलाया गया था। कुछ चयनित फसलों पर राष्ट्रीय प्रदर्शन कार्यक्रम भी देश में कृषि विश्वविद्यालय और कृषि विभाग ने चलाया था उसका परिणाम बहुत सार्थक रहा। इन कार्यक्रमों के साथ राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन योजना, रेशम कीट पालन योजना भी किसानों के लिए चलाई गई थी। हर योजना में वैज्ञानिक और किसान का आपसी जुड़ाव था तभी आज कृषि देश में ही नहीं, बल्कि विश्व में एक नए मुकाम पर खड़ी है। उस दौर में भी काम किसानों के साथ खेत में होता था, बस विज्ञापन और प्रचार नहीं था। हर परियोजना से किसानों को लाभ मिलता रहा है। किसान और वैज्ञानिक मिलकर तब भी कार्य करते थे और आज भी कर रहे हैं।

कृषि विज्ञान केंद्र आज हर जिले में हैं और किसानों की हर समस्या का समाधान खोजने में लगे हैं। किसान उपयोगी तकनीकी का विकास आज बहुत तेजी से हो रहा है। उसमें कृषि विज्ञान केंद्र का अहम और महत्वपूर्ण योगदान है। कारण, कृषि विज्ञान केंद्र क्षेत्र विशेष में तकनीकी का परीक्षण करके तकनीकी में परिमार्जन सुधार का सुझाव अनुसंधान केंद्र पर शोध कार्य में लगे वैज्ञानिकों को पहुंचा रहे हैं। उसी वापसी की सूचना से शोध वैज्ञानिक किसानों की जरूरत के अनुसार तकनीकी का विकास कर रहे हैं। यह कहना कि देश में पहली बार कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक किसानों के खेत पर गए सरासर कृषि वैज्ञानिकों का एक तरह से उपहास और अपमान है या फिर जो पूर्व में हुए कृषि के विकास को नहीं मानने का नया पैमाना बना दिया कि 2014 से पहले देश में कृषि और किसानों के लिए कृषि कार्य नहीं किए गए। यह महज एक भ्रम विज्ञापनों के माध्यम से पैदा किया जा रहा है। विकसित कृषि संकल्प अभियान सफल रहा है। किसानों से कृषि वैज्ञानिक खेतों पर मिले।

कृषि के विकास में कृषि वैज्ञानिक, प्रसार कर्मी और बीज, खाद सबका अपना अपना योगदान है, तभी आज हम आत्मनिर्भर भारत में विकसित कृषि के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कृषि विकास निरंतर चलने वाली एक प्रक्रिया है जिसे कोई भी सरकार रोक नहीं सकती है। नए अनुसंधान करने ही होंगे, नए बीजों को विकसित करना ही होगा। साथ में जलवायु अनुकूलता पर भी अब काम करने की जरूरत है, जिससे भूमि का उपजाऊपन बना रहे और उत्पादन भी भरपूर मिले। भारत की किसी अन्य राष्ट्र पर निर्भरता न रहे। हां, यदि किसी देश के दबाव से कृषि का आयात भारतीय किसानों की अनदेखी करके शून्य टैरिफ पर होगा तो देश का किसान निश्चित ही खेती छोड़ देगा। कारण, उसको उपज का मूल्य बाजार में कम मिलेगा या विदेशी उपज के कारण बिकेगा नहीं। सरकार को यह भी सोचना होगा देश के किसानों के हित में आयात नीति बनानी होगी। अमेरिका से आ रहे कृषि उत्पाद पर टैरिफ छूट अगर दी गई है तो तुरंत बंद हो। भारतीय किसानों और कृषि को बचाते हुए ही सरकार टैरिफ छूट देने का निर्णय ले।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

नजरिया

# फोरलेन की मार : उजाड़ो नहीं, बसाओ भी

शाहपुर, जो कभी कांगड़ा जिले का शांत और समृद्ध व्यापारिक केंद्र माना जाता था, आज एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। फोरलेन निर्माण कार्य ने जहां एक ओर भविष्य की बेहतर राह दिखाई है, वहीं दूसरी ओर वर्तमान में हजारों व्यापारियों और आम नागरिकों को असहनीय आर्थिक और मानसिक कष्ट भी झेलने पड़ रहे हैं। दुकानें उजड़ रही हैं, घर टूट रहे हैं, रोजगार की धारा रुक रही है और फिर भी, लोग उम्मीद के साथ इस 'तपस्या' को झेल रहे हैं, लेकिन क्या यह तपस्या बिना सहायता और समर्थन के सफल हो सकती है?



लेखक : श्रेय अवस्थी
शाहपुर, जिला कांगड़ा

**इस कठिन समय में सरकार की जिम्मेदारी :** यह बात निर्विवाद है कि किसी भी बड़ी परियोजना का लाभ तभी सार्थक होता है, जब उसमें आम जनता को भागीदार बनाया जाए न कि उसे कुचला जाए। शाहपुर के लोग विकास में बाधा नहीं हैं, वे उसके हिस्सेदार बनना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें विशेष राज्य पैकेज और पुनर्वास की ठोस योजना की जरूरत है। राज्य सरकार को ये विशेष प्रावधान देने होंगे।

**प्रभावित व्यापारियों और निवासियों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज :** जिनकी दुकानें या मकान फोरलेन की चपेट में आए हैं, उन्हें मुआवजे के साथ–साथ पुन:स्थापना की पूरी सहायता मिलनी चाहिए। मुआवजा केवल जमीन का नहीं, बल्कि उस पर निर्भर जीवन का भी होना चाहिए।

**भूमि खरीदने के लिए ब्याज मुक्त ऋण :** प्रभावित लोग नई जगह पर जमीन खरीद सकें, इसके लिए सरकार को ब्याज मुक्त लोन देना चाहिए, साथ ही इस लोन की किस्तें अगले 2 वर्षों तक स्थगित रहनी चाहिएं, ताकि लोग आर्थिक रूप से उबर सकें।



**नवीन व्यापार स्थापित करने पर विशेष सब्सिडी :** जो व्यापारी दोबारा अपना व्यवसाय खड़ा करना चाहते हैं, उन्हें 60 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जाए। उनके लिए भी ब्याज मुक्त व्यवसाय ऋण की व्यवस्था होनी चाहिए।

**'पुनर्स्थापना योजना' (Re-establishment Scheme) लागू हो :** प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही लाखों योजनाओं की तरह, एक विशेष योजना शुरू होनी चाहिए जो व्यापारियों और मकान मालिकों की पुनर्स्थापना को सुनिश्चित करे। इसमें स्थायी दुकान आवंटन, टैक्स में छूट, तकनीकी सहयोग और मार्केटिंग सपोर्ट जैसे प्रावधान हों।

**5 वर्ष तक बिजली बिल में छूट या पूरी माफी :** जिन लोगों के व्यवसाय प्रभावित हुए हैं, उन्हें आगामी 5 वर्षों तक बिजली बिल में राहत दी जाए।

**परिवहन में सहायता :** जो व्यापारी सरकारी बसों से रोज यात्रा करते हैं, उनके लिए भाड़े में छूट या पूरी माफी का प्रावधान किया जाए। 'आज का कष्ट, कल का विकास बन सकता है, अगर सरकार साथ दे तो।

**शाहपुर के लोगों के भरोसे को निभाए सरकार :** फोरलेन का कार्य जरूर शाहपुर के भविष्य को आधुनिक और जोड़ने वाला बनाएगा। ट्रैफिक सुविधाजनक होगा, पर्यटक बढ़ेंगे और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में सुधार आएगा, लेकिन यह उज्ज्वल भविष्य तब तक अधूरा रहेगा, जब तक वर्तमान में प्रभावित लोगों को न्याय न मिले।

शाहपुर के लोगों ने सरकार पर भरोसा किया है। अब यह प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस भरोसे को निभाए। इस कठिन घड़ी में मानवीय दृष्टिकोण और नीतिगत हस्तक्षेप दोनों जरूरी हैं। गौर हो कि शाहपुर के लोग 'फोरलेन' को विरोध नहीं कर रहे, वे केवल यह कह रहे हैं कि 'हमें उजाड़ो मत, हमें बसाओ भी।' अगर यह तपस्या रंग लाएगी, तो उसका रंग सिर्फ सड़क पर नहीं, बल्कि हर घर की रसोई में, हर दुकान की रौनक में और हर बच्चे के भविष्य में दिखना चाहिए। सरकार को चाहिए कि वह शाहपुर को केवल एक 'परियोजना क्षेत्र' न माने, बल्कि उसे एक आदर्श पुनर्वास मॉडल के रूप में विकसित करे, तभी यह विकास जनता के लिए और जनता के साथ हो सकेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**बीते** कुछ वर्षों में बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदू समुदाय पर जिस तरह के अत्याचार बढ़े हैं, वे बेहद चिंता का विषय है। दंगे, लूटपाट, मंदिरों में तोड़फोड़, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और दुष्कर्म जैसी घटनाएं अब सामान्य होती जा रही हैं। ये घटनाएं सिर्फ मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं हैं, बल्कि बांग्लादेश के संविधान और वहां की धर्मनिरपेक्ष पहचान पर भी करारा तमाचा हैं। शेख हसीना के सत्ता से बाहर होते ही बांग्लादेश की कानून व्यवस्था तार–तार हो गई है, ऐसे में अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस की प्रशासनिक क्षमता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। मानवाधिकार संगठन, संयुक्त राष्ट्र और दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन (सार्क) जैसी संस्थाएं भी इस मुद्दे पर खामोश हैं। मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। यह सच बांग्लादेश को जितनी जल्दी समझ में आ जाए, उतना ही बेहतर होगा।

–सतीक्षण नाग, शाहपुर

# ई–वोटिंग : लोकतंत्र की मजबूती या तकनीकी जटिलता?

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है 'जनभागीदारी'। यह भागीदारी जितनी व्यापक होती है, उतना ही लोकतंत्र मजबूत होता है, लेकिन जब आम चुनावों में भी 100 में से केवल 60–65 लोग ही अपने मताधिकार का उपयोग करते हैं, तो सवाल उठता है कि शेष 35–40 प्रतिशत वोटर क्यों चुप रह जाते हैं? क्या यह निष्क्रियता है, उदासीनता है, या व्यवस्था की असुविधा? इस संदर्भ में ई–वोटिंग (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग, मोबाइल या इंटरनेट के माध्यम से) को भविष्य का समाधान बताया जा रहा है।



लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हाल ही में बिहार में हुए नगर निकाय उपचुनाव में एक ऐतिहासिक प्रयोग हुआ कि मोबाइल ऐप के जरिए कुछ क्षेत्रों में वोटिंग करवाई गई और उस क्षेत्र में मतदान प्रतिशत उल्लेखनीय रूप से बढ़ा। यह प्रयोग कई मायनों में संकेत देता है कि यदि तकनीक को सही तरीके से अपनाया जाए तो चुनावी भागीदारी क्रांतिकारी रूप से बढ़ सकती है। कई बार यह माना जाता है कि जो लोग वोट नहीं डालते, वे लोकतंत्र को गंभीरता से नहीं लेते, लेकिन यह दृष्टिकोण अधूरा है। प्रवासी मजदूर, जो चुनाव के समय अपने घर नहीं लौट पाते; वृद्ध या अस्वस्थ नागरिक, जो लंबी कतारों में खड़े नहीं हो सकते और दूरदराज क्षेत्रों के नागरिक जहां मतदान केंद्र तक पहुंचना एक कठिनाईपूर्ण कार्य है, इन सभी को यदि घर बैठे सुरक्षित और विश्वसनीय माध्यम से वोट डालने का विकल्प मिले, तो शायद भारत का मतदान प्रतिशत 90 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। ई–वोटिंग का सबसे बड़ा लाभ है सुलभता।

मोबाइल फोन आज हर हाथ में है। यदि बैंकिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन, नौकरी आवेदन – सब कुछ मोबाइल से हो सकता है, तो मतदान क्यों नहीं? ई–वोटिंग से लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं रहती, दिव्यांगजन और बुजुर्गों के लिए राहत होती है, कामकाजी वर्ग को कार्यालय से छुट्टी लेने की बाध्यता नहीं होती और प्रवासी नागरिक भी मतदान कर सकते हैं। यह तकनीक 'हर मतदाता तक पहुंचने' के लक्ष्य को साकार कर सकती है। ई–वोटिंग जितनी आकर्षक है, उतनी ही चुनौतियों से घिरी भी है। सबसे पहले साइबर सुरक्षा का प्रश्न आता है। क्या वोट सुरक्षित रहेंगे? क्या हैकिंग या डेटा लीक से लोकतंत्र खतरे में पड़ सकता है?




दूसरा प्रश्न है प्रामाणिकता, मोबाइल पर वोट डालने वाले व्यक्ति की पहचान कैसे सुनिश्चित होगी कि वह वही मतदाता है? तीसरा प्रश्न है गोपनीयता, वोट की गोपनीयता कैसे कायम रहेगी, जब व्यक्ति अपने घर में बैठकर वोट डाल रहा है? चौथा प्रश्न है टेक्नोलॉजी की पहुंच, क्या भारत का हर नागरिक स्मार्टफोन, इंटरनेट और ऐप का उपयोग करने में सक्षम है? बिहार नगर निकाय चुनाव में ई–वोटिंग को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया गया था। मोबाइल ऐप आधारित वोटिंग से बूथ स्तर पर बढ़ा हुआ मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया। इससे यह प्रमाणित हुआ कि तकनीक अपनाने से न केवल सुविधा बढ़ती है, बल्कि मतदाता सक्रियता भी, लेकिन इसे पूर्णत: सफल मानना जल्दबाजी होगी। यह प्रयोग सीमित क्षेत्र, चयनित मतदाताओं, और निगरानी में किया गया था। पूरे देश में इस मॉडल को लागू करना वृहद तैयारी, भरोसेमंद तकनीकी आधारभूत ढांचा और कानूनी वैधता की मांग करेगा।

भारत में आज भी 70 करोड़ से अधिक लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, जिनमें से बहुतों के पास स्मार्टफोन या तेज इंटरनेट नहीं है। डिजिटल साक्षरता की कमी, महिलाओं की तकनीकी पहुंच, बुजुर्गों का तकनीक के प्रति झुकाव, ये सभी कारक ई–वोटिंग को समावेशी नहीं, बल्कि विभाजनकारी बना सकते हैं, यदि इसे बिना तैयारी के लागू किया जाए। इसलिए आवश्यक है कि वोटर वेरिफिकेशन सिस्टम तैयार किया जाए, जैसे आधार कार्ड आधारित **OTP,** फेस रिकग्निशन, या बायोमेट्रिक लॉगिन। पहले कुछ महानगरों या संस्थानों में स्वैच्छिक रूप से इसे लागू कर प्रभाव का अध्ययन किया जाए। हर चरण पर डेटा एन्क्रिप्शन और ट्रैकिंग सिस्टम का निर्माण हो।

ग्रामीण और अशिक्षित वर्ग को तकनीकी मतदान की प्रक्रिया समझाई जाए। यह भी आवश्यक है कि कोई भी वोटर दबाव में या निगरानी में वोट न करे, इसके लिए गोपनीयता कानून स्पष्ट हों। ई–वोटिंग लोकतंत्र को और भी पारदर्शी बना सकती है, बशर्ते उस पर जनविश्वास हो। यदि सही तकनीक, मजबूत साइबर सुरक्षा, पारदर्शिता और व्यापक जनशिक्षा को मिलाया जाए, तो ई–वोटिंग न केवल मतदान प्रतिशत बढ़ा सकती है, बल्कि लोकतंत्र को सशक्त, समावेशी और समयानुकूल बना सकती है। कोई भी प्रणाली तभी सफल होती है, जब उस पर जनविश्वास हो। ई–वोटिंग में सबसे बड़ी चुनौती है लोगों का भरोसा जीतना। जिस दिन यह विश्वास बन जाएगा कि 'मोबाइल पर दिया गया मेरा वोट उतना ही सुरक्षित और गोपनीय है, जितना मतदान केंद्र पर', उसी दिन भारत में 90 प्रतिशत से अधिक मतदान हो सकता है।

ई–वोटिंग कोई कल्पना नहीं, बल्कि एक संभावनाशील भविष्य है, लेकिन इसे जल्दबाजी में नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, समावेशिता और सुरक्षा के साथ अपनाना होगा। लोकतंत्र की मजबूती केवल कानूनों से नहीं, बल्कि हर नागरिक की भागीदारी से बनती है और यदि तकनीक उस भागीदारी को सहज बना सकती है, तो क्यों न उसका स्वागत किया जाए, सोच–समझकर, संतुलन के साथ।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## थुनाग त्रासदी: साहिल व रोनित ने जान जोखिम में डालकर बचाई कई जिंदगियां

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



**थुनाग** उपमंडल के थुनाग स्थित बागवानी एवं वानिकी महाविद्यालय के करीब डेढ़ सौ से अधिक छात्र आपदा के दौरान फंसे हुए थे। जिन्होंने रात के अंधेरे में बड़ी मुश्किल से इधर-उधर भाग कर अपनी जान बचाई। लेकिन इनमें दो ऐसे छात्र भी थे जिन्होंने भाग कर अपनी जान बचाने के बजाय। अपनी जान को जोखिम में डालकर कॉलेज की प्राध्यापिका ओर उनके परिवार को सुरक्षित बाहर निकालने का साहसिक कारनामे को अंजाम दिया। इन दो छात्रों में एक छात्र साहिल ठाकुर जो सरकाघाट क्षेत्र के काश गांव से संबंध रखता है और दूसरा छात्र रोनित जो जिला सिरमौर का निवासी है। इस त्रासदी के प्रत्यक्षदर्शी छात्र साहिल ने बताया कि 30 जून की रात जब वे खाना खाने के बाद सोने की तैयारी में थे, तभी मकान मालिक ने उन्हें सूचना दी कि कहीं दूर डेजी गांव में थुनाग से 8 किलोमीटर पहले बादल फटा है और भारी मात्रा में मलबा व पानी थुनाग क्षेत्र की तरफ आ रहा है। सूचना मिलते ही सबसे पहले उन्होंने अपने कॉलेज के छात्रों और हॉस्टल में रह रही छात्राओं को फोन कर सूचित किया और उन्हें तुरंत सुरक्षित स्थानों की ओर भाग जाने को कहा। इसी दौरान देखते-देखते ही पूरा थुनाग बाजार पानी से लबालब भर गया। वे दोनों भी सुरक्षित जगह की तलाश में बिल्डिंग के छत पर चढ़ गए। इसके बाद उन्होंने कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

# थुनाग में खड्ड को चैनेलाइज करने की तलाशी जाएंगी संभावनाएं: विक्रमादित्य

### लोक निर्माण मंत्री बोले- आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें खोलने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**मंडी।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार भारी बरसात से प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों को खोलने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है। नाचन व सराज विधानसभा क्षेत्र के प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के उपरांत थुनाग पहुंचने पर उन्होंने यह बात कही। आपदा के बाद से ही थुनाग से सड़क संपर्क कटा होने के कारण यहां पहुंचना बेहद कठिन बना रहा और शनिवार को बगस्याड से लेहगला होते हुए लोक निर्माण मंत्री आधे रास्ते तक पैदल ही यहां पहुंचे। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित लोगों की पीड़ा शब्दों में बयां नहीं की जा सकती और प्रदेश सरकार इन क्षेत्रों में जनजीवन को सामान्य करने व प्रभावितों को पुन: उठ खड़ा होने के लिए संवेदनशील कदम उठा रही है। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि थुनाग को बगस्याड की ओर तथा जंजैहली को करसोग की ओर से सड़क संपर्क से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि थुनाग से बहने वाली खड्ड को चैनेलाइज करने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी, ताकि निजी व सार्वजनिक संपत्ति को हानि से बचाया जा सके। इससे पहले लोक निर्माण मंत्री नाचन विधानसभा क्षेत्र के दाण, गोहर, टिल्ली, बागा, पंगलियूर, स्यांज तथा सकोली खड्ड में प्रभावित परिवारों से मिले। वे उन परिवारों से भी मिले जिन्होंने इस त्रासदी में अपने परिजनों को खोया है। उन्होंने इन सदस्यों को ढाढस बंधाया तथा उन्हें आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार इस दु:ख की घड़ी में उनके साथ मजबूती से खड़ी है।



प्रभावितों का हालचाल पूछते हुए लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

## आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए स्वेच्छा से करें सहयोग: अपूर्व देवगन

अनंत गया ब्यूरो, मंडी



**जिला** मंडी में प्राकृतिक आपदा के कारण जान-माल को अत्याधिक नुकसान हुआ है। जिला के कई क्षेत्रों में लोगों के घर, गौशालाएं तथा निजी सम्पति बादल फटने तथा बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गई हैं। उपायुक्त मंडी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अपूर्व देवगन ने जिला में आई इस भयंकर त्रासदी के लिए समाज के साधन-सम्पन्न लोगों से सहयोग की अपील की है ताकि प्रभावित लोगों के पुनर्वास कार्य को गति को बल मिल सके।

उन्होंने समाज के सभी प्रबुद्ध वर्ग सभी विभागों तथा आम जन मानस से भी अपील की है कि इस त्रासदी के समय सभी अपने-अपने स्तर पर जिला प्रशासन तथा फंसे हुए लोगों की सहायता के लिए आगे आएं। उन्होंने जिला रेडक्रास सोसायटी और मुख्यमंत्री आपदा कोष में अपनी क्षमता अनुसार सहयोग करने का आग्रह किया है, ताकि आपके द्वारा की गई सहायता संकट में फंसे हुए लोगों की क्षतिपूर्ति करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।

उन्होंने बताया कि इच्छुक लोग अपना अंशदान सीएम राहत कोष के खाता संख्या 40610107381 आईएफएससी कोड एचपीएससी0000406 व जिला रेडक्रास सोसायटी के खाता संख्या 3377000104129588 और आईएफएससी कोड पीयूएनबी 0003377 पर जमा कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### दुकानों में पॉलीथिन मिलने पर वसूला जुर्माना

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एसडीएम मनीष चौधरी ने मच्छयाल स्थित बाजार में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ दुकानों में पॉलीथिन पाई गई, जिस पर संबंधित दुकानदारों से मौके पर ही जुर्माना वसूला गया। एसडीएम ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि वे भविष्य में किसी भी स्थिति में पॉलीथिन का इस्तेमाल न करें, अन्यथा आगामी बार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पानी की किल्लत से जूझ रहा नरोला गांव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नरोला गांव में पिछले एक सप्ताह से पीने के पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप है। इसकी वजह 30 जून की रात को हुई भारी वर्षा के चलते परलाल-मटियारा जल उठाऊ योजना के पंप हाउस में पानी भर जाना है। जल शक्ति विभाग की ओर से इस आपदा से निपटने के लिए टैंकर जल उठाऊ योजना का सहारा लेने की कोशिश की गई, लेकिन लाखों रुपए की लागत से स्थापित की गई मशीनें भी पूरी तरह फेल साबित हुई हैं। 'नरोला गांव की आवाज कमेटी' के सदस्यों कैप्टन जगदीश वर्मा, बालकराम शर्मा, महंत राम, इंद्रदेव, गोविंद राम और बलदेव सिंह ने एक संयुक्त बयान में बताया कि गांव के हालात बेहद चिंताजनक हैं। कैप्टन वर्मा ने विभाग से यह मांग की है कि जब तक सप्लाई सुचारू नहीं होती, तब तक गांव में टैंकरों से पीने के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि स्थानीय लोगों को इस गंभीर संकट से राहत मिल सके।

### श्रीमद्भागवत ज्ञान महायज्ञ का समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सेहली के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता बगलामुखी मंदिर, तुंगल जोन में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान महायज्ञ का भव्य समापन हुआ। इस धार्मिक आयोजन में कथा वाचक पंडित कृष्ण गोपाल ने प्रेमपूर्वक और रोचक शैली में श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया। कथा के साथ कीर्तन, भजन, पूजा-अर्चना और भंडारे का भी आयोजन सातों दिन भक्तों के लिए किया गया। ठाकुर एंड पार्टी साईगलू वालों ने भी भक्ति भाव से सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भावविभोर किया। मंदिर के पुजारी अमरजीत शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में मेल-मिलाप और धार्मिक जागरूकता को बढ़ावा देना था।

### फलदार पौधे किसानों के लिए उपलब्ध: निधि

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उद्यान विकास अधिकारी, विकास खंड चौंतड़ा डॉ. निधि ने बताया कि विभागीय नर्सरियों से आम, लीची, संतरा, नींबू इत्यादि के उच्च गुणवत्ता वाले फलदार पौधे किसानों एवं बागवानों के लिए उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इच्छुक किसान इन पौधों को सरकारी मूल्य पर प्राप्त कर सकते हैं। उद्यान विकास अधिकारी ने बताया कि वर्षाकालीन फलदार पौधों की वैज्ञानिक विधि से खेती करने पर किसानों को दीर्घकालीन आर्थिक लाभ प्राप्त होता है। आम, लीची, संतरा और नींबू जैसे फलों की बाजार में अच्छी मांग रहती है, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। यह पौधे 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर वितरित किए जा रहे हैं। व्यक्ति उद्यान विभाग विकास खंड चौंतड़ा के कार्यालय तथा बिक्री केंद्र पर संपर्क कर पौधों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### अमरनाथ गुफा के दर्शन कर लौटे श्रद्धालु

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** हिमालय की गोद में स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा के दर्शन कर जोगिंद्रनगर क्षेत्र से गए श्रद्धालु सकुशल लौट आए हैं। दस लोगों का यह जत्था 30 जून को जोगिंद्रनगर से रवाना हुआ था और 4 जुलाई को पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन किए। अब यह जत्था सात या आठ जुलाई तक जोगिंद्रनगर पहुंच जाएगा। इस बार की यात्रा में जोगिंद्रनगर से मनोज ठाकुर, राजीव बहल, सोनू शर्मा, प्रताप ठाकुर सहित अन्य श्रद्धालु शामिल थे। सभी श्रद्धालु गहरी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ बाबा बर्फानी के दरबार में पहुंचे और क्षेत्रवासियों की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। राजीव बहल ने बताया कि यह उनकी तीसरी अमरनाथ यात्रा है। उन्होंने कहा कि इस बार उनके साथ ऐसे श्रद्धालु भी यात्रा पर गए हैं जो सात से दस बार तक अमरनाथ यात्रा कर चुके हैं। यह यात्रा उनके लिए न सिर्फ धार्मिक बल्कि आत्मिक शांति और ऊर्जा प्राप्त करने का माध्यम है।

### समाजसेवियों को किया जाएगा सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने बताया कि हाल ही में मंडी जिला मुख्यालय में बाबा सिद्ध चानो को समर्पित धार्मिक धाज्जा उत्सव का सफल आयोजन हुआ है, जिसके उपलक्ष्य पर समाजसेवा एवं सांस्कृतिक योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। चमन राही ने बताया कि यह आयोजन बाबा सिद्ध चानो सच्ची सरकार के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में किया जा रहा है, जिसके माध्यम से समाज के उन व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा जो धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक उत्थान में निरंतर योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगला धाज्जा कार्यक्रम सोलन जिले में आयोजित किया जा रहा है और इसके पश्चात इसे सभी ब्लॉक स्तरों पर भी क्रमवार तरीके से आयोजित किया जाएगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक समर्पण को मान्यता देते हुए सिद्ध धाम समैला दरबार बाबा सिद्ध चानो बली सच्ची सरकार समैला हमीरपुर में गद्दीनशीन महंत चमन जी महाराज, राष्ट्रीय खिलाड़ी इंजीनियर भूपेंद्र काहू, बडसू पंचायत के प्रधान गोबिंद वर्धन, वाल्मीकि समाज सुधार समिति के संस्थापक चंद्रवीर कागरा एवं समाजसेवी पन्ना लाल भट्ट को विशेष रूप से सम्मानित करेंगे।

### छात्रों ने विभिन्न विषयों पर प्रस्तुत किए मॉडल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में इनोवेशन गैलरी का भव्य तथा उत्साहवर्धक आयोजन किया गया। स्कूल निर्देशक विजय शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की महिमा को गौरवान्वित किया। मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात प्रदर्शनी की विधिवत शुरुआत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावकों ने शामिल होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाई। प्रदर्शनी में कक्षा पहली से आठवीं तक सभी छात्रों ने विभिन्न विषयों पर आधारित कई नवीन और विचारोत्तेजक मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान और गणित, ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों के 150 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने अपने मॉडल की कार्य प्रणाली और उनके पीछे के वैज्ञानिक सिद्धांतों को शिक्षकों और अभिभावकों को बड़ी उत्साह के साथ समझाया।

### महिलाएं सीख रही पेपर कवर एनवलप बनाना

**अनंत ज्ञान, गोहर।** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसीटी)मंडी द्वारा ग्रामीण विकास मंत्रालय के सौजन्य से गोहर के दूर्गा मंदिर में पेपर कवर एनवलप और फाइल बनाने का 12 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में उपमंडल की बासा पंचायत की 35 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। संस्थान के निर्देशक सुरेंद्र ने उपस्थित महिलाओं को संस्थान द्वारा स्वरोजगार के लिउ चलाए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे विस्तार से बताया। 11 जुलाई तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में संस्थान से आइ स्वाति शर्मा व हरीश ने भी उपस्थित महिलाओं से विभिन्न प्रकार की जानकारियां सांझा की। प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक सपना रानी व अंजना महिलाओं को पेपर कवर एनवलप और फाइल कवर बनाने का प्रशिक्षण दे रही हैं।

## निक्का थाना गांव के बेघर परिवारों को दी जाए 2-2 बिस्वा भूमि: प्रकाश राणा



चौंतड़ा में पीड़ित परिवार से बातचीत करते विधायक प्रकाश राणा।

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

**टिक्करी** मुशेहरा पंचायत के निक्का थाना गांव में भारी बारिश और भूस्खलन के चलते 11 गरीब परिवारों को अपने आशियाने छोड़ने पड़े हैं। ये परिवार इस प्राकृतिक आपदा से बेघर हो गए हैं। फिलहाल इन पीड़ितों को चौंतड़ा में बने मुख्यमंत्री लोक भवन में अस्थायी रूप से शरण दी गई है। विधायक प्रकाश राणा ने मौके पर पहुंचकर प्रत्येक परिवार को 25,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी और सरकार से मांग की कि इन परिवारों को 2-2 बिस्वा भूमि आवंटित की जाए। उन्होंने बताया कि बीडीओ चौंतड़ा कार्यालय के पास वर्ष 2024 से कोई वाहन नहीं है, जिससे क्षेत्रीय दौरा और नुकसान का आकलन करने में समस्या आ रही है। राणा ने सीएम सुक्खू व मंडी जिला प्रशासन से अपील की है कि इन विस्थापित परिवारों के स्थायी पुनर्वास हेतु त्वरित और प्रभावी कदम उठाए जाएं।

## प्रभावितों के साथ खड़ी है भाजपा: निहाल चंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** 30 जून की रात को सराज व जिला मंडी के विभिन्न क्षेत्रों मे आई भयंकर त्रासदी ने बहुत ही जानमाल का नुकसान किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि हम इस हादसे में जान गवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं व लापता लोगों की सलामती की प्रार्थना करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रभावितों के साथ खड़ी है। निहाल ने कहा कि जब से इस त्रासदी की घटना घटी है तब से ही पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर आपदा स्थल पर ही डटे है। जयराम ठाकुर अकेले ऐसे नेता हैं जो अभी भी इस त्रासदी से टूट चुके लोगों का हौसला बढ़ा रहे हैं और इस त्रासदी से फिर उठ खड़े होने का भरोसा भी दे रहे हैं। निहाल चंद शर्मा ने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता राहत कार्यो मे लगे हुए हैं।

## राहत की राहें कठिन, लेकिन जज्बे को सलाम

### खच्चरों में राशन किट, गैस सिलेंडर सहित जरूरी चीजें पहुंचाई जा रही थुनाग

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान

**गोहर।** आपदा प्रभावित मंडी जिला के सराज क्षेत्र में प्रदेश सरकार के निर्देशों पर राहत कार्य निरंतर गतिमान हैं। शनिवार को 14 खच्चरों में 44 राशन किट, गैस सिलेंडर व डीजल इत्यादि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बगस्याड़ से की गई है। रैणगलू होते हुए यह राशन सामग्री थुनाग पहुंचाई जा रही है।

आपदा प्रभावित सराज क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुराहग के कतवांड में राशन व खाद्य सामग्री पहुंच गई है। ग्राम पंचायत शिकावरी के प्रभावित परिवारों के लिए 10 राशन किट व 15 तिरपाल पहुंचा दिए गए हैं। खौली से रेशन तक जीपों में राशन पहुंचाया जा रहा है। जंजैहली के लिए 25 क्विंटल राशन सामग्री लेकर जीभी से आए पोर्टर व स्थानीय लोग रेशन से रवाना हो चुके हैं। शनिवार को स्वयंसेवियों का दल 12 राशन किट लेकर लेहगलू होते हुए थुनाग के लिए रवाना हुए हैं। मंडी जिला के सराज में आपदा प्रभावितों तक राशन व आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने में जिला पदा प्रबंधन प्राधिकरण निरंतर प्रयासरत है।

भारतीय सेना के जवान भी कठिन डगर में अमूल्य सहयोगी बन कर खड़े हैं। शनिवार को राशन ले जा रहे पोर्टर व अन्य लोगों की मदद करने में जुटे भारतीय सेना के जवान।

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व देवगन आपदा प्रभावित सराज क्षेत्र के थुनाग में पहुंच गए हैं। शनिवार को उन्होंने पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा के साथ थुनाग के मिनी सचिवालय में राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। बगस्याड़ से पैदल चलकर उपायुक्त एवं अन्य अधिकारी थुनाग पहुंचे हैं। उन्होंने क्षेत्र में हुए नुकसान का जायजा भी लिया।



राहत कार्यों में जुटे लोग व डीसी मंडी अपूर्व देवगन व एसपी साक्षी वर्मा जायजा लेते हुए।

## एनसीसी शिविर में भाग लेने आए बच्चों को पंडोह में मिला आसरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला के पंडोह में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के शिविर में भाग लेने आए जंजैहली क्षेत्र के कुछ बच्चे भी सोमवार मध्य रात्रि की प्राकृतिक आपदा के कारण विकट परिस्थितियों में पहुंच गए थे। संपर्क मार्ग अवरुद्ध होने से उनकी घर वापसी असंभव थी। ऐसे में उन्हें पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, पंडोह में अस्थायी राहत शिविर में रखा गया। यहां उनका ठहरने, खाने-पीने का उचित ख्याल रखा गया। कैडेट्स ने इसके लिए प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। एनसीसी कैंप एटीसी 191 आर्मी ट्रेनिंग कैंप 24 जून से 3 जुलाई तक पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय स्कूल पंडोह में आयोजित किया गया। इसमें गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जंजैहली के 41 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## सराज घाटी में आपदा प्रभावितों को अभिलाषी विवि और अभिलाषी शिक्षण समूह मंडी ने पहुंचाई राहत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**भारी** वर्षा के कारण सराज घाटी के थुनाग व बगस्याड़ क्षेत्रों में आई बाढ़ और भूस्खलन से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। संकट की इस घड़ी में अभिलाषी विश्वविद्यालय एवं अभिलाषी शिक्षण समूह, मंडी ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए राहत सामग्री वितरण का बीड़ा उठाया है। राहत सामग्री वितरण में 25 क्विंटल राशन की 100 किटें, 100 कंबल, 100 तिरपाल, 35 सोलर लाइट जैसी दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल हैं।

अभिलाषी शिक्षण समूह के अध्यक्ष डॉ. आरके अभिलाषी ने कहा कि हम शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व को भी गंभीरता से लेते हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि आपदा की इस घड़ी में हम अपने क्षेत्रवासियों की हरसंभव सहायता करें। अभिलाषी ग्रुप प्रशासन की हर संभव सहायता के लिए हमेशा तैयार रहेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि संत निरंकारी मंडल, डडौर, सेवादल से लगभग 40 लोग बाढ़ग्रस्तों के राहत कार्य शिविर में लगातार जुटे हैं। प्रशासन के अधिकारियों ने भी इस कठिन समय में राहत कार्यों में सहयोग करने के लिए अभिलाषी संस्थान की सराहना की और इसे सामुदायिक सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. आरके अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी तथा सचिव नरेंद्र कुमार भी इस मानवीय सेवा के कार्य में विशेष रूप से सक्रिय रहे।



आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री रवाना करते हुए अभिलाषी विश्वविद्यालय के कर्मचारी।

## स्याठी के बेघर लोगों की मदद के लिए खोला बैंक खाता: अती देवी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

▶ प्रभावित परिवार कमेटी ने जारी किया बैंक खाता नंबर

**धर्मपुर** खंड की ग्राम पंचायत लौंगनी गांव स्याठी के बीस आपदा प्रभावित परिवारों द्वारा बनाई कमेटी ने सहयोग राशि बैंक खाता के माध्यम से प्राप्त करने के उद्देश्य से लौंगनी स्थित सहकारी बैंक में खाता खोल दिया है। जिसकी अकाउंट नंबर 33410105139 और आईएफएससी कोड क्रमांक एचपीएससी0000334 है जबकि यूपीआई के लिए एचपीएससी0000438 है प्रभावित कमेटी की प्रधान अती देवी, उपप्रधान रजनी देवी, सचिव नीलम, सह सचिव धनदेव कोषाध्यक्ष दीप कुमार और सदस्य सलिता देवी और ललित कुमार ने आम जनता से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था जो हमारी मदद करना चाहते हैं वे कमेटी के खाते के माध्यम से ही करें। उन्होंने कहा कि हमें सामग्री के रूप में बहुत से लोग मदद कर रहे हैं लेकिन उस सामग्री को रखने के लिए कोई स्थान उपलब्ध नहीं है इसलिए हमें सामग्री के बजाय बैंक खाते के माध्यम से ही सहयोग करें। हमारी सर्वप्रथम ये जरूरत है कि हमें रखने के लिए उचित मकान उपलब्ध करवाए जाएं और उसके साथ साथ हमें भूमि दी जाए। वर्तमान में मंदिर के आसपास अस्थायी शौचालय व स्नानगृह बनाने की जरूरत है क्योंकि वर्तमान में ये यहां पर आर्याप्त हैं। उन्होंने हिमाचल सरकार व स्थानीय विधायक का इस बात के लिए धन्यवाद किया है कि वह हमें किराये के मकानों में रहने के लिए पांच हजार मासिक किराया, राशन व नुक़सान का मुआवजा देगी।

## आपदा में राहत जुटाने में जुटा संयुक्त व्यापार संगठन

### संगठन के सभी सदस्य प्रभावितों के लिए राहत सामग्री एकत्र करने में दिन-रात जुटे

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के बीच संयुक्त व्यापार संगठन के सदस्य फिर एक बार इंसानियत की मिसाल पेश कर रहे हैं। संगठन के सभी सदस्य इस कठिन घड़ी में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री एकत्र करने में दिन-रात जुटे हुए हैं।

जानकारी देते हुए संगठन के अध्यक्ष सुरेश कौशल ने कहा कि इस राहत अभियान को और अधिक सशक्त बनाने के लिए जिला बिलासपुर की महिला अध्यक्ष पिंकी शर्मा की अगुवाई में जोरशोर से कार्य किया जा रहा है। पिंकी शर्मा लंबे समय से समाजसेवा में सक्रिय हैं और इस बार भी उनके नेतृत्व में राहत कार्यों में उल्लेखनीय तेजी आई है। उन्होंने कहा कि संयुक्त व्यापार संगठन द्वारा गठित बाढ़ ग्रस्त सेवा समिति के माध्यम से घरेलू राशन, कपड़े, बच्चों व बड़ों के लिए जूते-चप्पल, बर्तन, आवश्यक दवाइयां एवं अन्य जरूरी वस्तुएं एकत्र की जा रही हैं। हर गांव में संगठन के स्वयंसेवी भाई-बहन अपने स्तर पर सामग्री जुटाने में लगे हुए हैं। संगठन के सदस्यों का मानना है कि अगर इंसान ही इंसान के काम न आए, तो जीवन का क्या अर्थ रह जाता है।



### कोरोनाकाल में दिखी सेवा भावना फिर आई लौट

**संगठन** के सदस्यों ने याद करते हुए कहा कि जैसे कोरोनाकाल में उन्होंने दिन-रात मेहनत कर लोगों को भोजन उपलब्ध कराया था, ठीक उसी भावना से आज फिर काम कर रहे हैं। उस समय भोजन के लिए लोग लाइनों में खड़े थे, लेकिन आज का समय अलग है। लोग आत्मगौरव के कारण सहायता मांगने में संकोच कर रहे हैं। ऐसे में जरूरतमंदों तक खुद पहुंचना हमारा दायित्व है।

## सरकाघाट में मनरेगा मजदूर 9 को करेंगे प्रदर्शन: भूपेंद्र

### राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के लंबित लाभ व मजदूरी जारी करने की उठाएंगे मांग

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** मनरेगा व निर्माण मजदूर यूनियन की बैठक खंड अध्यक्ष करतार सिंह चौहान की अध्यक्षता में टिहरा में हुई, जिसमें यूनियन के राज्य महासचिव व श्रमिक कल्याण बोर्ड सदस्य भूपेंद्र सिंह, यूनियन कमेटी सदस्य लुददर सिंह, सुरजीत सिंह, निर्मला देवी, रीनू देवी, बबिता देवी, पूनम सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के सरकाघाट उप कार्यालय में उनकी मांग के आधार पर दो साल से खाली पड़े मोटीवेटर की पोस्ट पर कर्मचारी की नियुक्ति हो गई है, इसलिए अब ईकेवाईसी के लिए सभी पंचायतों में अगले दो महीनों में कैंप किए जाएंगे। इन कैंपों में पिछले चार साल से लंबित सहायता राशि के आवेदन पत्रों की वेरिफिकेशन भी की जाएगी और उसके बाद लंबित लाभ जारी होंगे। उन्होंने बताया कि गत माह आयोजित की गई बोर्ड बैठक में जो राशि वितरित करने की रिपोर्ट पेश की गई थी उसमें मंडी जिला के और उसमें भी सरकाघाट व धर्मपुर खंडों के किसी भी मजदूर की वित्तिय सहायता जारी नहीं कि गई है, जिसके विरोध में 9 जुलाई को सरकाघाट में प्रदर्शन किया जा रहा है व इस महीने में भी सहायता राशि जारी नहीं होती है, तो अगस्त माह में बोर्ड कार्यालय हमीरपुर का घेराव किया जाएगा। यूनियन अपना जिला सम्मेलन 15 जुलाई व राज्य सम्मेलन 26, 27 जुलाई को मंडी में आयोजित करने जा रही है व उसमें बोर्ड कार्यालय हमीरपुर पर किये जाने वाले प्रदर्शन की तिथि निर्धारित की जाएंगी।



मनरेगा मजदूरों को संबोधित करते हुए भूपेंद्र सिंह।

## कार्यक्रम | पुरानी मंडी से हुई 'स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ' कार्यक्रम की शुरुआत

# स्वच्छता ही स्वास्थ्य की पहली सीढ़ी: वीरेंद्र

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**नगर** निगम मंडी द्वारा पुरानी मंडी के राजकीय माध्यमिक पाठशाला के प्रांगण में 'स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ' कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम के महापौर वीरेंद्र शर्मा ने की, जिसमें अतिरिक्त आयुक्त विजय कुमार सहित नगर निगम के अनेक वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना और उन्हें व्यक्तिगत तथा सामाजिक स्तर पर साफ-सफाई की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करना था। महापौर वीरेंद्र ने कहा कि स्वच्छता ही स्वास्थ्य की पहली सीढ़ी है और बच्चों को स्वच्छता के महत्व को समझाकर ही हम स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। पुरानी मंडी राज्य माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में पाठशाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और 70 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता संबंधी खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने अपनी सक्रिय भागीदारी से सभी का मनोबल बढ़ाया। साथ ही, विद्यालय परिसर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र की भी साफ-सफाई का कार्य किया गया। बच्चों ने स्वच्छता के महत्व को समझने के साथ-साथ इसे अपने दैनिक जीवन में उतारने का संकल्प भी लिया। नगर निगम मंडी ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया है। आने वाले दिनों में शहर के विभिन्न विद्यालयों में इस तरह के आयोजन किए जाएंगे, ताकि स्वच्छता के संदेश को घर-घर तक पहुंचाया जा सके और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो।

नगर निगम के अधिकारिक क्षेत्र में हॉट स्पॉट को चिन्हित कर, स्वच्छता अभियान किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से नगर निगम ने यह संदेश दिया है कि स्वस्थ समाज का निर्माण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवा पीढ़ी की भी जिम्मेदारी है, जो स्वच्छता अपनाकर अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं।



'स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ' कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए महापौर नगर निगम।

## आयुर्वेद पद्धति अपनाने से ही जड़ से मिटाया जा सकता रोग: चमन राही



अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**आयुर्वेद** के प्रसार प्रचार के लिए जिला मुख्यालय मंडी में वैदिक संस्था द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने किया और विशेष आमंत्रित सदस्यों में बडसू पंचायत प्रधान गोविंद वर्धन, वाल्मीकि समाज सुधार समिति के संस्थापक चंद्रवीर कागरा आदि मौजूद रहे। इस मौके पर चमन राही ने कहा कि आयुर्वेद ही एक ऐसी पद्धति है जिससे रोग को जड़ से मिटाया जा सकता है। जंगलों और गांव में आज भी ऐसी ऐसी जड़ी बूटियां हैं, जिनके उपयोग से रोग मुक्त हुआ जा सकता है। वैदिक संस्था के पदाधिकारी संजीव कुमार, प्रेरणा कौशल, हरीश ठाकुर व डिंपल ने भी आयुर्वेद के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### चिंतपूर्णी पुलिस ने अवैध शराब बरामद की

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी पुलिस ने शराब तस्करी पर कार्रवाई करते हुए वधमाणा में जसवीर सिंह के कब्जे से 7 बोतल शराब देसी मार्का संतरा बरामद की है। यह कार्रवाई शुक्रवार रात के समय निरीक्षक जयराम कुमार शर्मा प्रभारी पुलिस थाना चिंतपूर्णी की अध्यक्षता में की गई । इस संदर्भ में आरोपी जसवीर सिंह के खिलाफ अभियोग आबकारी अधिनियम में थाना चिंतपूणी में मामला दर्ज किया है।
**पुलिस की मुहिम जारी :** चिंतपूर्णी पुलिस की यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ एक बड़ी सफलता है। पुलिस अधीक्षक जिला ऊना ने क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### पैसेंजर ट्रेन का विस्तार होने पर अनुराग का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गाड़ी संख्या 64511/64512 हरिद्वार- ऊना हिमाचल- हरिद्वार पैसेंजर वाया सरहिंद जंक्शन का ऊना जिले के अंब अंदौरा तक विस्तार किया गया। इस पर युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा 27 नवंबर 2024 को उनके आवास पर मांग पत्र सौंपा था, जिसमें उन्होंने इस रेलगाड़ी का विस्तार दौलतपुर चौक करने की मांग उठाई थी। फिलहाल रेलवे द्वारा इस रेलगाड़ी का विस्तार अंब अंदौरा तक किया गया है।

### इन्नरव्हील क्लब ने गुरु के लंगर में किया योगदान



क्षेत्री अस्पताल ऊना में लंगर में सेवा करते हुए इन्नरव्हील क्लब की टीम।

**अनंत ज्ञान, ऊना।** इन्नर व्हील क्लब ऊना ने अन्नपूर्णा दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में गुरु का लंगर सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में लगाए गए लंगर में योगदान किया। इन्नरव्हील क्लब ने लंगर में वित्तीय सहयोग करते हुए एक समय के भोजन का खर्च वहन किया। वहीं, लंगर में क्लब सदस्यों ने रोगियों व उनके तीमारदारों को लंगर का प्रसाद वितरित किया। क्लब की प्रधान शोभा सोनी ने बताया कि जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में इन्नरव्हील क्लब द्वारा हर वर्ष अन्नपूर्णा दिवस के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसमें जरूरतमंद लोगों को राशन सामग्री, लंगर में सहयोग व गरीब परिवारों को भोजन की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने गुरु का लंगर सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा शुरु किए गए इस प्रकल्प को बहुत ही सराहनीय सेवा कार्य बताया। इस अवसर पर क्लब की सचिव अमरजीत बबली, पूर्व प्रधान रमा कंवर, जतिंद्र कौर, आईएसओ मीरा मेहता, कोषाध्यक्ष निरुपमा महाजन, क्लब सदस्य सुमन पुरी, रमा कालिया, रेखा शर्मा, कमला कंवर, रंजना बख्शी, गुरु का लंगर सेवा समिति के सदस्य विपिन सैनी, सरदार ज्ञान सिंह व अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### आज के समय में स्विमिंग सीखना जरूरी : सचिन


मुख्यातिथि अंब के एसडीएम सचिन शर्मा के साथ प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के युवाओं को स्विमिंग स्किल सीखने के लिए शाइन स्विमिंग पूल कुठेड़ा खैरला अंब एवं हिमाचल प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हो रहा है। शिविर के पांचवें दिन बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम अंब सचिन शर्मा ने शिरकत की। हिमाचली परंपरा अनुसार शाइन स्विमिंग पूल के मैनेजिंग डायरेक्टर रशीद मोहम्मद ने मुख्य अतिथि को हिमाचली टोपी हिमाचली शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान एसडीएम सचिन शर्मा ने कहा कि मैं खुद स्विमर रह चुका हूं और आज के समय में हर युवा को स्विमिंग सीखना जरूरी है। स्विमिंग सीखना कोई शौक नहीं, बल्कि स्विमिंग सीखा हुआ व्यक्ति आपदा जैसी घटनाओं में खुद के साथ साथ आस पास के लोगों को भी सुरक्षित रख सकता है। इस प्रशिक्षण के बाद बढ़िया प्रदर्शन करने बाले खिलाड़ीयों को राज्य स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा। ऊना जिला स्विमिंग एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य रशीद मोहम्मद ने बताया कि जिला ऊना के बच्चों, युवाओं एवं स्विमिंग के 60 खिलाड़ियों के लिए पांच दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को समापन होना था परंतु तेज बारिश की बजह से सेमीफाइनल मुकाबले ही देखने को मिले। रविवार को फाइनल मुकाबले होंगे।

### बाढ़ प्रभावितों की मदद करेगी क्रशर एसोसिएशन

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** मंडी में आई प्राकृतिक आपदा में सहायता के लिए ऊना जिला स्टोन क्रशर वेलफेयर एसोसिएशन आगे आई है। एसोसिएशन के ऊना यूनिट ने सहायता राशि के रूप में फौरी तौर पर 2 लाख 51 हजार रुपए की नकद राशि देने का ऐलान किया है। इसके अतिरिक्त जिनके घर बाढ़ की भेंट चढ़े हैं, उन्हें नए घरों के निर्माण के लिए 100 गाड़ियां रेत और बजरी की निशुल्क रूप से प्रदान की जाएंगी। इसका फैसला क्रशर एसोसिएशन ऊना ने आज एक बैठक में लिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष डिंपल ठाकुर, डॉ. लखविंदर सिंह, अमित कौंडल, रमन पाठक, रविंद्र ढिल्लों, भूपिंदर ठाकुर, नरेश कुमार, हरीश शर्मा, भवेश जसवाल, रोहित मेहता, विशाल शर्मा, कपिल शर्मा व विश्वजीत पटियाल सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि आपदा के समय उनकी एसोसिएशन सरकार और पीड़ितों की हर प्रकार से मद्द करेगी। इसके अतिरिक्त भी जरूरत हुई तो और भी सहायता को हाथ बढ़ाए जाएंगे। एसोसिएशन ने कहा कि जब भी कोई आपदा आई क्रशर एसोसिएशन ने हमेशा अपना योगदान दिया है। हालांकि कुछ मामलों में कई क्रशर मालिक सामाजिक सरोकारों से भी जुड़े रहे हैं। एसोसिएशन ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू आपदा पीड़ितों को हरसंभव सहायता देने में जुटे हुए हैं। पूरी सरकार इस आपदा की घड़ी में लोगों के साथ खड़ी है, ऐसे में उनका उद्योग वर्ग भी सरकार और सीएम के साथ है। मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों के मुताबिक यदि उनके उद्योग को और भी सहायता देनी पड़ी तो वह भी दी जाएगी।

## डेढ़ साल की बेटी सहित लापता महिला का नहीं लग पाया सुराग

# ससुराल पक्ष ने प्रताड़ित कर किया गायब

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**ऊना।** करीब एक माह बाद लापता विवाहित महिला के पिता की शिकायत पुलिस द्वारा दर्ज कर ली गई है। पिता द्वारा लगाए गए आरोपों से ऊना जिले के डठवाड़ा गांव से महिला के लापता होने के मामले में नया मोड़ आ गया है। पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को प्रताड़ित करके गायब किया गया है। उन्होंने इस मामले में पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं।

डठवाड़ा गांव से डेढ़ साल की बेटी के साथ लापता महिला पल्लवी के पिता द्वारका दास ने उसके ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला के पति द्वारा पल्लवी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाने को द्वारका दास ने ड्रामा करार दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें शक है कि उनकी बेटी के साथ किसी तरह की अनहोनी घटना करने के बाद तथ्यों को छुपाने के लिए यह षड्यंत्र रचा गया है। उन्होंने कहा कि बार-बार आग्रह करने पर भी उनकी शिकायत को दर्ज नहीं किया जा रहा था। यहां तक कि उन्हें भटकाया जा रहा था। बता दें कि हाल ही में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के डठवाड़ा गांव से एक महिला लापता हो गई थी। इस महिला के पास लगभग डेढ़ साल की बच्ची भी थी। यह भी बताया जा रहा है कि किसी ने इस महिला को रेलवे स्टेशन में भी देखा था।

**महिला के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर जड़े आरोप**

**लड़की के पिता ने पुलिस की भूमिका पर भी उठाए सवाल**

जानकारी के मुताबिक इस महिला के पति द्वारा हाल ही में पुलिस में अपनी पत्नी के लापता हो जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, हालांकि आरोप है कि उसकी गुमशुदगी के बारे में उसके मायके पक्ष को किसी तरह की कोई सूचना नहीं दी गई थी। इस बीच लापता लापता महिला के पति द्वारा पंचायत के सामने उसे खर्चे के लिए पैसे दिए जाने की भी बात सामने आई है। उधर, लापता पल्लवी के पिता द्वारका दास ने इस पूरे घटनाक्रम को ड्रामा करार दिया है। उन्होंने कहा है कि सच्चाई को छिपाने के लिए ही उनकी बेटी को पंचायत के सामने पैसे देने का ड्रामा रचा गया था ताकि उसको रास्ते से आसानी से हटाया जा सके। ठीक इसके बाद में उसके गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाने की औपचारिकता निभाई गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को ससुराल पक्ष के लोग इतना प्रताड़ित करते थे, कि वह मानसिक रूप से परेशान हो चुकी थी। इस मामले में कई दफा पुलिस तक भी जानकारी दी गई, लेकिन पुलिस द्वारा हमेशा अनसुना कर दिया गया।

> पुलिस द्वारा इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अभी तक लापता पल्लवी का और उनकी बेटी का कोई सुराग नहीं लग पाया है। इस मामले में निष्पक्ष जांच की जा रही है।
> -संजीव भाटिया, एएसपी ऊना

### बेटी की तलाश के लिए पुलिस के पास लगाए कई चक्कर

द्वारका दास ने आरोप लगाया की न्याय पाने के लिए और अपनी बेटी को तलाश करने के लिए लगातार पुलिस के अधिकारियों के पास चक्कर काट रहे थे, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी है। अब जब मामला बहुत आगे बढ़ चुका है तो पुलिस ने उनकी शिकायत को दर्ज किया है। इस मामले में तुरंत पल्लवी के ससुराल पक्ष के लोगों से गहन पूछताछ की जानी चाहिए जिससे सच्चाई का पता चल सके। उनकी बेटी किन परिस्थितियों में लापता हुई है, यह जिम्मेदारी उसके ससुराल पक्ष के लोगों की है। उन्होंने जानकारी को छुपाकर रखा तो सख्ती की जाए। शादी के बाद करीब दस साल तक उनकी बेटी को इतना प्रताड़ित किया जाता रहा है कि उसे मायके फोन से बात तक नहीं करने दी जाती थी।

## कुठियाड़ी में तीन गाड़ियां आपस में टकराईं, एक गंभीर रूप से घायल


उपमंडल अंब के अंतर्गत कुठियाड़ी में हादसे के बाद खड़ी क्षतिग्रस्त गाड़ियां।

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** उपमंडल अंब के अंतर्गत कुठियाड़ी में शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक के बाद एक तीन वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में एक गाड़ी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी पहचान जयसिंहपुर निवासी पुष्पेंद्र कुमार पुत्र गजेंद्र सिंह के रूप में हुई है। घायल को उपचार हेतु क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुष्पेंद्र कुमार चंडीगढ़ से बगलामुखी मंदिर की ओर जा रहे थे। कुठियाड़ी के पास सामने से आ रहे एक पिकअप चालक ने अपने आगे चल रही गाड़ी को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान पुष्पेंद्र की गाड़ी पिकअप के पिछले टायर से टकरा गई और घूमकर विपरीत दिशा में आ गई। पीछे से आ रही एक अन्य कार भी आकर पुष्पेंद्र की गाड़ी से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गाड़ियों के सेफ्टी एयरबैग खुल गए। हादसे में पुष्पेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि अन्य वाहन चालकों को मामूली चोटें आईं।

घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, हेड कांस्टेबल अमन गुलरिया व कांस्टेबल संजय कुमार मौके पर पहुंचे। टीम ने तत्काल रिकवरी वैन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया और यातायात को पुनः सामान्य किया। हादसे के कारण सड़क का एक हिस्सा कुछ समय के लिए बाधित रहा, जिससे राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रास्ते के अधूरे निर्माण कार्य को लेकर पंचायत ने एडीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले के साथ लगते कुठार खुर्द गांव की पंचायत व ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल रास्ते के निर्माण की समस्या को लेकर अतिरिक्त जिला उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर से मिला। उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त को गांव के मुख्य रास्ते को लेकर एक ज्ञापन भी दिया। प्रधान कुठार खुर्द रचना देवी ने बताया कि इस वर्ष की शुरुआत में अरनियाला से महिला पुलिस थाना, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, होते हुए कुठार खुर्द तक के रास्ते के चौड़ीकरण को लेकर कार्य प्रशासन, विभाग और ठेकेदार द्वारा शुरू किया गया था, तब लोगों को आस थी कि रास्ता चौड़ा होगा तो उन्हें ट्रैफिक समस्या से निजात मिलेगी।

उम्मीद थी कि यातायात सुचारु रूप से चलेगा, लेकिन यहां उल्टा हुआ है, यह लोगों को निजात दिलाने के चक्कर में जब सड़क को उखाड़ा गया तो लोगों ने सहमति दी थी और सोचा था कि जल्द ही यह मार्ग पूरा हो जाएगा। 6 महीने बीत जाने के बाद भी इस सड़क का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। बार-बार प्रशासन व ठेकेदार से संपर्क करने से यही आश्वासन मिला कि जल्द इस सड़क निर्माण का कार्य पूरा हो जाएगा, लेकिन उनके आश्वासन धरे के धरे ही रह गए। हमारी मांग है कि जल्द विभाग व ठेकेदार को निर्देश दें कि इस मार्ग का काम पूरा किया जाए।

आप को बता दें की इस सड़क मार्ग के निर्माण अधूरा होने के चलते पैदल चलने वालों राहगीरों व दोपहिया वाहन वाले चालकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। छात्र तो पानी खड़ा होने के चलते स्कूल तक नहीं पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मार्ग का प्रयोग पूरा गांव करता है क्योंकि कीचड़ होने के चलते लोग अब इस मार्ग का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से माग की है कि जल्द से जल्द इस अधूरे कार्य को पूरा करवाया जाए।

## रोटरी क्लब ऊना का किया विस्तार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रोटरी क्लब ऊना की बैठक मुख्यालय स्थित एक निजी होटल ऊना में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता क्लब के प्रधान यशपाल सिंह ठाक्कुर ने की। इस मौके पर क्लब में चार नए सदस्यों को शामिल किया गया, जिसमें जतिंद्र कंवर, शंकुतला आर्य, अरविंद यादव व प्रशांत शामिल हैं। यशपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि पिछले वर्ष क्लब की सदस्यता 33 थी, जो कि बढ़ाकर 40 की जाएगी।

क्लब में नारी शक्ति को शामिल करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी क्लब सदस्यों से आह्वान किया कि क्लब की विभिन्न गतिविधियां में सभी सदस्य सहयोग दें। क्लब को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। इस मौके पर क्लब के पूर्व प्रधान डा. केआर आर्य, शंकुतला आर्य, एचएन चीटू, बलदेव चंद, औंकार नाथ कसाना, संजीव अग्रिहोत्री, बरजिंद्रजीत सिंह गोल्डी, नरेंद्र कपिला, मोहित शर्मा, संजीव पुरी, अरविंद यादव, जतिंद्र कंवर, रंजीत सिंह जसवाल, मुनिंद्र सिंह अरोड़ा आदि उपस्थित थे।

## युवाओं को दिया नशामुक्ति का संदेश

### स्व. राजा महेंद्र पाल की जयंती पर बंगाणा में भव्य मैराथन का किया आयोजन

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**


बंगाणा में आयोजित मैराथन को कार्यकारी एसडीएम अमित शर्मा ने हरी झंडी दिखाई।

**बंगाणा।** बंगाणा में स्व. राजा महेंद्र पाल की जयंती के उपलक्ष्य में कुटलैहड़ विकास मंच द्वारा एक भव्य और प्रेरणादायक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष टीका शबिंद्र पाल ने की, जबकि कार्यकारी उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) अमित शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया।

यह मैराथन जमासनी माता मंदिर से प्रारंभ होकर आशीर्वाद होटल तक आयोजित हुई, जिसकी कुल दूरी 3.3 किलोमीटर रही। आयोजन में क्षेत्र भर से आए लगभग 200 प्रतिभागियों सहित सैकड़ों युवाओं, विद्यार्थियों, नागरिकों व खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम अमित शर्मा ने युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से अनुशासन, एकता और सामाजिक सौहार्द को बल मिलता है। मैराथन में प्रथम स्थान पर रहे अभिषेक सिंह 5100 रुपए नकद व ट्रॉफी, द्वितीय स्थान पर रहे अभिषेक राणा 3100 रुपए नकद व ट्रॉफी, तृतीय स्थान पर रहे प्रिंस राणा 2100 रुपए नकद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इस मैराथन में 67 वर्षीय वरिष्ठ धावक अश्वनी कुमार शर्मा विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जिन्होंने अपने जोश और जज्बे से युवाओं को प्रेरित किया। इस सफल आयोजन में स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन पर कुटलैहड़ विकास मंच ने सभी प्रतिभागियों, अधिकारियों, प्रशासनिक कर्मियों और सहयोगी संस्थाओं का आभार प्रकट किया।

इस मौके पर थाना प्रभारी रोहित कुमार, बीडीओ सुशील कुमार, कनिष्ठ अभियंता सचिन कुमार, जोगिंद्र देव आर्य, उपप्रधान अजय कुमार, अभय सिंह राणा, अमन शर्मा, ज्योति प्रकाश, अजय धीमान, विशाल भारती शर्मा, सुदर्शन कुमार, शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, राज कुमार सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

## शिक्षाविद डॉ. शर्मा ने शिक्षा और समाज सेवा पर दिया विशेष संदेश

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**


डॉ. आरसी शर्मा को सम्मानित करता चौकीमन्याद कॉलेज का प्रबंधन।

**अंब।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय रहा, जब प्रतिष्ठित शिक्षाविद, समाजसेवी और क्षेत्र के गौरव डॉ. आरसी शर्मा ने महाविद्यालय का दौरा किया। मूल रूप से चौकीमन्यार के निवासी डॉ. शर्मा ने अमेरिका के प्रसिद्ध कोलंबिया विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है और वह शिक्षा एवं नीति-निर्माण के क्षेत्र में लंबे समय से कार्यरत हैं।

उन्होंने यूनेस्को और एनसीईआरटी जैसे संस्थानों में सलाहकार की भूमिका निभाई है। वर्तमान में वे नोएडा स्थित रामेश इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन का संचालन कर रहे हैं और शिक्षक-प्रशिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। डॉ. शर्मा ने समाज सेवा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है और समय-समय पर आर्थिक सहायता प्रदान कर गरीब बच्चों के उत्थान में सहयोग किया है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा ही किसी समाज की सबसे सशक्त नींव है।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि वह आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों के लिए वित्तीय सहायता एवं मेंटरशिप कार्यक्रम शुरू करेंगे, जिससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और करियर निर्माण में मार्गदर्शन प्राप्त होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलविंदर सिंह राणा, शिक्षकों एवं प्रशासन ने डॉ. शर्मा का हार्दिक स्वागत किया और उनके सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

प्राचार्य डॉ. राणा ने कहा कि शिक्षा और समाज एक-दूसरे के पूरक हैं। जितनी अच्छी शिक्षा होगी, उतना ही बेहतर समाज बनेगा। डॉ. शर्मा की इस यात्रा से छात्रों में उत्साह का संचार हुआ है और आने वाले समय में यह यात्रा छात्रों के भविष्य को नई दिशा देगी।

## जलभराव से बचाव के लिए नगर निगम रहा मुस्तैद

**अनंत ज्ञान, ऊना**


सफाई अभियान का जायजा लेते प्रशासनिक अधिकारी।

बरसात के मौसम को मद्देनजर रखते हुए नगर निगम ऊना द्वारा शहर में नालों की साफ-सफाई के लिए विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को नगर निगम आयुक्त एवं एडीसी ऊना महेंद्र पाल गुर्जर और लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता कुलदीप सिंह की देखरेख में पुराना होशियारपुर सड़क किनारे के नाले की साफ-सफाई की गई।

**एडीसी की निगरानी में चला सफाई अभियान**

नगर निगम आयुक्त ने बताया कि सफाई कार्य का मुख्य उद्देश्य बरसात के दौरान संभावित जलभराव की समस्या को रोकना, सड़क किनारे के आवासीय एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना तथा जनसुविधा सुनिश्चित बनाना है। इस विशेष साफ-सफाई अभियान के अंतर्गत नालों में जमी गाद, प्लास्टिक, मलवा तथा अन्य कचरे को निकाला गया, ताकि नालों में पानी की निकासी सुचारु बनी रही। महेंद्र ने आमजन से अपील की है कि वे नालियों में कचरा, प्लास्टिक अथवा घरेलू अपशिष्ट न डालें तथा स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

ऊना शहर में नालों की साफ-सफाई के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि ऊना शहर को स्वच्छ और जलभराव मुक्त बनाया जा सके।

## नाग मंदिर मोईन में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** शनिवार को नाग मंदिर मोईन में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी अंकित शर्मा द्वारा विशेष पूजा-अर्चना की गई। पूजा-अर्चना करने के पश्चात समस्त ग्रामीणों ने हवन कुंड में आहुतियां डालीं और सुख-समृद्धि की कामना की। हवन पूजन के बाद झंडा रस्म को ग्रामीणों ने संपूर्ण किया।

## निशुल्क जांची आंखें

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमोत्कर्ष साहित्य संस्कृति एवं जन कल्याण परिषद ऊना ने एमसी पार्क में स्थित वरिष्ठ नागरिक भवन में निशुल्क आंखों के चेकअप कैंप का आयोजन किया। इस शिविर में रोटरी आई अस्पताल धुसाड़ा से डॉ. अनिल काकड़े, अतुल व अन्य स्टाफ सदस्यों ने अपनी सेवाएं दीं। कैंप में करीब 25 लोगों ने आंखों की जांच करवाई, जिन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर हिमोत्कर्ष संस्था के पदाधिकारियों में प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, जिलाध्यक्ष ऊना करणपाल सिंह मनकोटिया, सुधीर कुमार, मुनिंद्र अरोड़ा, मणि कुमार आदि मौजूद रहे।

## विधायक विवेक ने लठियाणी स्कूल के मेधावियों को दी छात्रवृत्ति

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

विधायक विवेक शर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियाणी में एक सराहनीय पहल करते हुए छात्रों को छात्रवृत्तियां वितरित कीं। विधायक विवेक शर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियानी में आयोजित कार्यक्रम में कुल 12 मेधावी छात्रों को छात्रवृत्तियां वितरित कीं। इस अवसर पर उन्होंने प्रथम स्थान पर आने वाले चार छात्रों को 10,000 प्रति छात्र, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले चार छात्रों को 5,000 प्रति छात्र तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले चार छात्रों को 3,000 प्रति छात्र की छात्रवृत्ति प्रदान की। लठियाणी स्कूल में छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम के बाद विधायक विवेक शर्मा ने लठियाणी स्कूल में एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं पौधरोपण करते हुए सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि वे अपनी मां के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाएं।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर देशराज मौदगिल, कार्यकारी एसडीएम अमित शर्मा, स्कूल प्रबंधक कमेटी के प्रधान दर्शन सिंह, अश्विनी कुमार बेबी, संजीव कुमार रेलू, कृषि सभा के प्रधान अश्विनी शर्मा, सविता देवी,चेतन जसवाल,सुषमा, मंजूषा शर्मा, सरीना शर्मा के अलावा सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद थे।


मेधावी छात्रों के स्वजनों को आवंटित राशि वितरित करते विधायक विवेक शर्मा।

**सहायता** कुटलैहड़ के भाजपा नेता भुट्टो ने निजी खर्चे से मंडी के प्रभावितों के लिए भेजी 40 राशन किटें

## सभी एकजुट होकर पीड़ितों को पहुंचाएं राहत : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


मंडी आपदा राहत के लिए राशन से भरे ट्रक के साथ देवेंद्र भुट्टो और अन्य।

प्रदेश के मंडी जिले में आई प्राकृतिक आपदा ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। इस संकट की घड़ी में जहां सरकारें राहत कार्यों में जुटी हैं, वहीं सामाजिक व राजनीतिक संगठन भी सहायता के लिए आगे आ रहे हैं। कुटलैहड़ भाजपा मंडल की तरफ से 40 किटें कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने अपनी निजी आय से खर्च कर भेजीं।

उन्होंने इस आपदा को राजनीति से ऊपर उठकर देखने की अपील की है और समाज के हर वर्ग से अनुरोध किया है कि वह पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं। भुट्टो ने कहा कि यह अभी शुरुआत है। हमारे कुटलैहड़ के सभी कार्यकर्ता एवं अन्य पदाधिकारी मंडल के सदस्यों द्वारा राशन किटें तैयार की जा रही हैं और मुझे उम्मीद है कि पीड़ित परिवारों को राहत की राशन कीटों का आंकड़ा कुटलैहड़ विस क्षेत्र में दो सौ से पार होगा। भुट्टो ने कहा कि प्रदेश के कई हिस्सों, विशेष रूप से मंडी जिले में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

कई घरों को नुकसान पहुंचा है, लोगों की आजीविका छिन गई है, और अनेक परिवार राहत शिविरों में शरण लेने को मजबूर हैं। ऐसी परिस्थिति में सहायता के लिए आगे आना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। भुट्टो ने कहा कि इस समय राजनीति से ऊपर उठकर हमें मानवता के नाते एक-दूसरे की मदद करनी चाहिए। जब कोई संकट आता है तो उसका असर केवल एक वर्ग या समुदाय पर नहीं होता, बल्कि समाज के हर तबके को उसका सामना करना पड़ता है, ऐसे में हमें एकजुट होकर पीड़ितों को राहत पहुंचानी चाहिए।

भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और मंडलों को आदेश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से राशन, दवाइयां, कपड़े और अन्य आवश्यक सामग्री एकत्र कर आपदा पीड़ितों तक पहुंचाएं। इसी आदेश के तहत कुटलैहड़ भाजपा मंडल ने 40 राशन किटें तैयार कीं, जिनमें आटा, चावल, दाल, तेल, चीनी, चायपत्ती, नमक व अन्य जरूरी खाद्य सामग्री शामिल थी।

कुटलैहड़ मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ ने जानकारी दी कि इन किटों को भाजपा कार्यकर्ताओं के माध्यम से मंडी जिले के उन गांवों में पहुंचाया गया है, जहां तक सरकार की राहत सामग्री अभी तक सीमित मात्रा में ही पहुंची है। उन्होंने बताया कि इस पहल को जन सहयोग भी प्राप्त हुआ, जिससे कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया जा सका। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, उपाध्यक्ष राज कुमार मनकोटिया, महामंत्री श्याम चंदेल, विजय कुमार, सूरम सिंह, राजेंद्र ठाकुर, सुभाष शास्त्री, सुशील रिंकू, अरुण मनकोटिया, अनिल कुमार, रोहित रॉकी, रोहित ठाकुर, कुलदीप शर्मा आदि गणमान्य मौजूद रहे।

## मरवाड़ी में अवैध स्टोन क्रशर पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की सख्ती

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**


गगरेट क्षेत्र का अवैध कटान से प्रभावित स्थल।

**गगरेट।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल राष्ट्रीय हरित अधिकरण की प्रधान पीठ, नई दिल्ली ने ग्राम मरवाड़ी तहसील घनारी, जिला ऊना हिमाचल प्रदेश में बिना वैध अनुमति भूमि समतलीकरण व पेड़ों की अवैध कटाई के मामले में एक महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है।

न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव अध्यक्ष एवं डॉ ए सेंथिल वेल विशेषज्ञ सदस्य की पीठ ने मूल आवेदन संख्या 302/2025 पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। आवेदनकर्ता देवी लाल द्वारा अधिवक्ता विनय कुमार त्रार के माध्यम से यह शिकायत की गई थी कि प्रतिवादीगण संख्या 1 से 3 द्वारा स्टोन क्रशर स्थापित करने हेतु अवैध रूप से भूमि को समतल किया गया तथा बिना किसी वैधानिक स्वीकृति के हरे-भरे पेड़ों की कटाई की गई है। हालांकि पेड़ काटे जाने के आरोप लगाए गए, उस संबंध में अवैध खनन व अवैध कटान के दस्तावेज शिकायतकर्ता द्वारा कोर्ट में जमा करवा दिए गए हैं।

मामले की सुनवाई के दौरान यह सामने आया कि आवेदनकर्ता ने दिनांक गत 21 फरवरी को हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को लिखित शिकायत सौंपी थी। इस पर कोई कार्रवाई न होने के कारण शिकायत करता को एनजीटी की शरण में जाना पड़ा। हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव को निर्देश दिए कहा कि इस संबंध में सभी दस्तावेज तय समय में पेश किया जाए ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।

# 'शाशुर छेशू' उत्सव में आस्था का संगम

**अनंत ज्ञान, केलांग**

बौद्ध संस्कृति और परंपराओं को समर्पित दो दिवसीय शाशुर छेशू उत्सव का शुभारंभ शनिवार को ऐतिहासिक शाशुर गोम्पा, केलांग में हुआ। उपायुक्त लाहौल स्पीति किरण भड़ाना ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शाशुर छेचू उत्सव बौद्ध संस्कृति की अनुपम छटा और पारंपरिक आस्था का संगम व समृद्ध आध्यात्मिक विरासत और पारंपरिक जनजीवन का अद्भुत परिचायक बनकर उभरा है। उन्होंने घाटी के समस्त बुद्धिस्ट समाज को इस उत्सव की हार्दिक बधाई दी।





कलाकार पक्षियों के मुखौटे पहनकर नृत्य करते हुए व (नीचे) डीसी किरण भड़ाना उत्सव के शुभारंभ मौके पर नन्हीं बच्ची व लामाओं के साथ।

**उपायुक्त किरण ने उत्सव में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत**

गोम्पा के भंडारी नवांग उपासक द्वारा उपायुक्त किरण का पारंपरिक खतक पहनाकर स्वागत एवं सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि यह उत्सव बौद्ध गुरु पद्मसंभव (गुरु रिंपोछे) के जन्मदिवस की स्मृति में प्रत्येक वर्ष श्रद्धा व आस्था से मनाया जाता है। उत्सव के पहले दिन गोम्पा परिसर में बौद्ध भिक्षुओं द्वारा पवित्र छम नृत्य (मुखौटों सहित पारंपरिक अनुष्ठानिक नृत्य) प्रस्तुत किया गया, जो बुराई पर अच्छाई की जीत और आत्मिक शुद्धता का प्रतीक माना जाता है।

इस अवसर पर गोम्पा भंडारी नवांग उपासक ने उपायुक्त के समक्ष गोम्पा परिसर के समग्र विकास हेतु कई आवश्यक मांगें रखीं, जिनमें छम्म मैदान का विस्तार, संपर्क मार्ग का सुधार, भिक्षुओं के लिए आवासीय सुविधाओं का विकास तथा गोम्पा की छत का जीर्णोद्धार शामिल है। मुख्यातिथि किरण भड़ाना ने मांगों को सहानुभूतिपूर्वक सुनते हुए आश्वस्त किया कि बौद्ध संस्कृति और धार्मिक स्थलों के संरक्षण व संवर्धन हेतु शाशुर गोम्पा के विकास कार्यों को बुद्धिस्ट डेवलपमेंट प्लान के अंतर्गत लिया जाएगा।

उत्सव के दौरान गोम्पा कमेटी केलांग द्वारा सभी श्रद्धालुओं व पर्यटकों हेतु भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। शाशुर छेशू उत्सव में देशी एवं विदेशी पर्यटकों ने पारंपरिक लामा संस्कृति, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लेते हुए लाहौल की सांस्कृतिक विविधता से रू-ब-रू होने का अवसर प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी आकांक्षा शर्मा, खंड विकास अधिकारी केलांग विवेक गुलेरिया, जिला परिषद सदस्य कुंगा बौध सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जीवा नाला में बहे दो लोगों का नहीं मिल पाया सुराग

**अनंत ज्ञान, सैंज।** सैंज घाटी के जीवा नाला में भ्यानक बाढ़ में बहे तीन लोगों में से दो लोगों का 10 दिनों बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। सनद रहे कि बादल फटने से आई बाढ़ में एक परिवार के तीन लोग जिनमें पिता, बेटी और बुआ बह गए थे जिनमें से अभी तक सिर्फ बेटी का ही शव बरामद हुआ है जबकि दोनों भाई-बहन का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है।

परिजनों को अभी भी आस है कि दोनों के शव बरामद हो जाएंगे। हादसे में बही लड़की मुर्ती देवी का तीसरे दिन 5 किलोमीटर दूर मलबे में दबा हुआ शव मिला था। इसके अलावा सिउंड में खडी जेसीबी और स्कूटी जोकि बाढ़ से आए मलबे में दब गई थी वह भी नहीं मिली है।

दि मनु महाराज दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति तुंग शैंशर के प्रधान महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा है कि बाढ़ में बहे लोगों के शव को ढूढने के लिए प्रशासन को डॉग स्क्वायड का सहारा लेना चाहिए ताकि जीवा नाला बाढ में आये मलबे के ढेर करके शवों को ढूंढकर परिजनों को सौंप सके।

महेंद्र पालसरा ने प्रशासे आग्रह किया है कि अभी आने वाले समय मे मौसम विभाग द्वारा कुल्लू जिला का ऊपरी इलाके मे रेड अलर्ट जारी किया है और सिउंड पुल पर मलबे का ढेर अभी भी पड़ा है ऐसे में यदि कहीं जलस्तर बढ़ता है तो सिउंड पल पर पानी की झील बन सकती है पुल टूट सकता है।

# जिला दिव्यांगता एवं पुनर्वास केंद्र जरूरतमंदों के लिए सेवा माध्यम : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र के कार्यों की समीक्षा करते हुए केंद्र द्वारा दिव्यांगजनों के हित में किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि यह केंद्र समाज के विशेष जरूरतों वाले व्यक्तियों के लिए एक महत्वपूर्ण सेवा माध्यम है और इसकी भूमिका सराहनीय रही है। डीसी ने कहा कि पुनर्वास केंद्र द्वारा श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, कृत्रिम अंग, फिजियोथैरेपी सेवाएं, काउंसलिंग, शिक्षा एवं रोजगार परामर्श जैसी सुविधाएं जरूरतमंदों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जो दिव्यांगजनों के आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में उपयोगी कदम हैं।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस केंद्र की पहुंच ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों तक सुनिश्चित की जाए ताकि अधिक से अधिक लाभार्थी इसका लाभ ले सकें।

उन्होंने सामुदायिक जागरूकता शिविरों के आयोजन की आवश्यकता पर भी बल दिया ताकि समाज में दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि पुनर्वास केंद्र और अधिक प्रभावी, सुलभ एवं परिणाममुखी बन सके।बैठक में बताया गया कि गत वर्ष 248 दिव्यांगजन चिन्हित कर जिला स्तरीय मेडिकल बोर्ड से विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करवाने में मदद की गई है।

### शिविर में 650 विकलांगता प्रमाण पत्र किए जारी

**जिला** बोर्ड द्वारा 21 विकलांग आंकलन शिविर लगाए गए। जिनमें 650 विकलांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए। जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र द्वारा 2496 लोगों की फिजियोथैरेपी, स्पीच थेरेपी, मनोविज्ञान मोबिलिटी, एक ओरिएंटेशन तथा हियरिंग लॉस असेसमेंट की गई। इस केंद्र में 6 वर्ष से कम आयु के 612 बच्चे जिनमें विकासात्मक कमजोरी चिन्हित की गई। ऐसे बच्चों को विभिन्न प्रकार की थैरेपीज के माध्यम से विकलांगता को समाप्त किया गया और कुछ बच्चों कुछ बच्चों में विकलांगता का असर कम किया गया। इसके अतिरिक्त 207 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, बैसाखियां, एल्बो स्टिक और कृत्रिम अंग प्रदान कर उन्हें पुनर्वासित किया गया है। इसके अतिरिक्त समीक्षा बैठक में जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र ने यह भी निर्णय लिया कि आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं प्रशिक्षित करने के लिए ब्लॉक स्तर पर विकलांगता प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। प्रथम चरण में बंजार ब्लॉक को कवर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक एक्शन प्लान की अनुमोदित किया गया। इस बैठक में सीएमओ नागराज, एमएस, जिला कल्याण अधिकारी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे व बैठक का संचालन वीके मोदगिल द्वारा किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### कुल्लू जिला एसएसबी गुरिल्ला संघ की बैठक कल

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** कुल्लू जिला एसएसबी प्रशिक्षित स्वयंसेवी गुरिल्ला संगठन की मासिक बैठक सोमवार को ढालपुर कुल्लू में होगी। बैठक की अध्यक्षता प्रधान कुल्लू जिला प्रेम सिंह राणा करेंगे और इस बैठक में ऑल इंडिया एसएसबी संगठन के चेयरमैन प्रीतम सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित होंगे। जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राणा ने बताया कि बैठक में सुप्रीम कोर्ट में जो ऑल इंडिया संगठन ने रिट पिटिशन लगाई है उस पर विस्तार से चर्चा होगी और दिल्ली हाइकोर्ट में लगे केस की भी लिस्ट फाइनल की जाएगी। उन्होंने जिला से संघ के साथ जुड़े सभी एसएसबी गुरिल्ला सदस्यों से अपील की है कि सभी बैठक में भाग लें और सभी अपना अपना नाम चैक करें। जो छूट जाएगा वो खुद इसका जिम्मेवार होगा इसलिए सबका इस बैठक में हाजिर होना जरूरी है जो गैरहाजिर रहेंगे उनके ऊपर संगठन के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### पतलीकूहल में सेब सीजन के लिए तैयारियां शुरू

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** सेब सीजन की तैयारियों को देखते हुए पतलीकूहल सब्जी मंडी और बाजार की मुख्य सड़कों की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य शुरू कर दिया गया है। पतलीकूहल चौक से मछली फार्म तथा पतलीकूहल चौक से सब्जी मंडी होते हुए नग्गर पुल तक सड़क पर गड्ढों को भरकर पैचवर्क का कार्य प्रगति पर है। इस कार्य की निगरानी कर रहे लोक निर्माण विभाग के एसडीओ केडी कश्यप ने जानकारी दी कि सड़क के गड्ढों को भरने के बाद इन पर तारकोल से ब्लैक टॉपिंग की जाएगी, ताकि यातायात सुचारु रूप से संचालित हो सके और सेब परिवहन में कोई बाधा न आए। स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने बताया कि सेब सीजन को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने और जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बागबानों और व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। पतलीकूहल सब्जी मंडी आढ़ती संघ के अध्यक्ष कुन्ज लाल ठाकुर ने सड़क को जल्द ठीक करने की पहल की सराहना की है। वहीं पतलीकूहल व्यापार मंडल के अध्यक्ष अर्जुन गौतम ने कहा कि सड़क के रखरखाव की लौबे अरसे मांग की जा रही थी, जिस ओर देर से ही सही लेकिन सकारात्मक कदम काबिले तारीफ है।



### केंद्र सरकार ने सेब उत्पादकों को दी बड़ी राहत : प्रेम

**अनंत ज्ञान, मनाली।** फलोत्पादक संघ कटराईं के अध्यक्ष प्रेम शर्मा ने कहा है कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश सहित अन्य सेब उत्पादकों को बड़ी राहत देते हुए विदेशी सेब पर न्यूनतम आयात मूल्य को 50 से बढ़ाकर 80 रुपए प्रति किलो कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से बागवानों को बहुत बड़ी राहत मिली है जिसके लिए फलोत्पादक संघ केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से देश के सेब बागवानों को उचित मूल्य मिल सकेगा और विदेशी सेब की अंधाधुंध घुसपैठ पर रोक लगेगी। प्रेम शर्मा ने कहा कि सेब उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए केंद्र ने आयात नीति में संशोधन कर न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) में बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि विदेशी सेब के कारण हिमाचल के सेब उत्पादकों को नुकसान उठाना पड़ रहा था लेकिन अब न्यूनतम 80 रुपए आयात मूल्य लागू होने से आयात शुल्क जुड़ने के बाद भारत में विदेशी सेब महंगा होगा। उन्होंने कहा कि बागवान अब अपना सेब कोल्ड स्टोर में रख सकेंगे और समय समय पर बेहतर दाम के साथ बाजार में बेच सकेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस निर्णय से बागवान खुश हैं। उन्होंने कहा कि संघ का अध्यक्ष बनते ही उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू को इस विषय में पत्र लिखा था। उन्होंने इस दिशा में सार्थक पहल की है इसके लिए संघ मुख्य मंत्री का भी आभार व्यक्त करते हैं।



### आउटर अखाड़ा क्षेत्र में आज बंद होगी बिजली आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** विद्युत उपमंडल नं. 1 के अंतर्गत आउटर अखाड़ा स्थित 11/0.415 केवी, 400 केवीए सब-स्टेशन की एलटी लाइनों की मुरम्मत एवं आवश्यक रख-रखाव कार्य किया जाना है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सब-स्टेशन की एलटी लाइनों की मुरम्मत के चलते (रविवार) को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक होटल कुल्लू वैली, होटल सिद्धार्थ, नवीन गेस्ट हाउस, हरिसन, आर्य समाज गली, सपना स्वीट्स, मित्र भूषण हार्डवेयर सहित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### पर्यटन स्थलों की रौनक गायब, वीकेंड रहा फीका

**अनंत ज्ञान, मनाली।** हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में आई प्राकृतिक आपदा के बाद मनाली का पर्यटन कारोबार बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इस बार वीकेंड भी फीका चल रहा है। पिछले सप्ताह पर्यटकों से भरे रहे पर्यटन स्थलों से रौनक गायब हो गई है। अधिकतर होटल खाली चल रहे हैं। कहीं पर्यटक ठहरे भी हैं तो पांच से 10 प्रतिशत आक्यूपेंसी रह गई है। पिछले सप्ताह तक मनाली में रोजाना दो से तीन हजार पर्यटक वाहन आ रहे थे। पिछले दो-तीन दिनों से पर्यटकों की संख्या अपेक्षा से अधिक कम हुई है। वीकेंड में भी मनाली आने वाले वाहनों का आंकड़ा महज 300 चल रहा है। वोल्वो बसों और टेंपो ट्रैवलर की संख्या भी नाममात्र दर्ज की जा रही है। वीरवार को मनाली 315 पर्यटक वाहन आए। शुक्रवार को भी पर्यटक वाहनों का आंकड़ा ऐसा ही रहा। दो दिन पहले मनाली से लौटने वाले पर्यटकों को लेकर दिल्ली गईं वोल्वो बसों को सवारियां नहीं मिल रही थीं। अभी तक वोल्वो बसें मनाली नहीं लौट पाई हैं। बरसात का मनाली के कारोबार पर प्रतिकूल असर देखने को मिल रहा है। मंडी में आई आपदा के बाद लोग खौफजदा हैं। आपदा के भय से लोग मनाली का रुख नहीं कर रहे। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर का कहना है कि आपदा के बाद पर्यटकों की संख्या न के बराबर रह गई है। वीकेंड भी खाली चल रहा है। पिछले सप्ताह से बरसात अधिक बरसने से हुए नुकसान के बाद पर्यटन कारोबार को झटका लगा है।



# शातिरों ने बैंक खाते से उड़ाए 6.99 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान भुंतर।** कुल्लू जिला के भुंतर में एक फ्रॉड का मामला सामने आया है। उपमंडल के सेरीबेहड़ इलाके के एक व्यक्ति को शातिरों ने पहले फोन किया और फिर उसको लिंक भेजा। जैसे ही व्यक्ति ने लिंक पर क्लिक किया उसके बैंक खाते से 6.99 लाख रुपए गायब हो गए। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने इसकी शिकायत भुंतर थाने में की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

**लिंक पर क्लिक करते ही खाते से पैसे हुए गायब**

पुलिस के अनुसार सोहनलाल की शिकायत पर यह केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि शातिरों ने उसे फोन कर लोन स्वीकृति के चक्कर में अपने झांसे में लिया। इसके बाद उसे एक लिंक भेजा, जिस पर क्लिक करने को कहा गया। उसने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया तो उसके खाते से पैसे गायब हो गए। जब तक वह कुछ समझ पाता, तब तक उसकी मेहनत की कमाई लुट चुकी थी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को वह मोबाइल नंबर भी बता दिया है, जिस नंबर से उसे फोन कॉल आई थी। एएसपी संजीव चौहान ने मामला दर्ज होने की पुष्टि की है।

# नग्गर सड़क पर चला स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए, ग्राम पंचायत नगर ने शनिवार को नग्गर सड़क पर स्थित गंदगी के सभी चिह्नित 'हॉटस्पॉट' की सफाई का अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया।

यह सराहनीय पहल थी जिसमें ग्राम पंचायत के सदस्यों और कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। ग्राम पंचायत नगर के प्रधान प्रदीप ठाकुर और सचिव दिनेश के नेतृत्व में, पूरी टीम ने आज सुबह से ही सफाई कार्य शुरू कर दिया था।

कड़ी मेहनत और लगन से उन्होंने उन सभी स्थानों को साफ कर दिया जहां अकसर कूड़ा-कर्कट जमा हो जाता था और गंदगी का माहौल बना रहता था। इस अभियान से नग्गर सड़क का एक नया और स्वच्छ रूप सामने आया है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों को लाभ होगा। ग्राम पंचायत के इस उत्कृष्ट कार्य की सभी ओर प्रशंसा हो रही है। बताया गया है कि आने वाले दिनों में ग्राम पंचायत नगर द्वारा सफाई अभियान से संबंधित जागरूकता बोर्ड भी स्थापित किए जाएंगे, ताकि भविष्य में लोग इन स्थानों पर गंदगी न फैलाएं।

ग्राम पंचायत नगर, प्रधान प्रदीप ठाकुर और सचिव दिनेश सहित उनकी पूरी टीम ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया है।



स्वच्छता अभियान के दौरान एकत्र किया गया कूड़ा कचरा।

# ठेके पर दी जा रही बंजार मिनी सचिवालय की पार्किंग

**अनंत ज्ञान, बंजार**

उपमंडल अधिकारी बंजार के कार्यालय द्वारा मिनी सचिवालय भवन का पार्किंग स्थल 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2026 तक के लिए निविदा प्रक्रिया के माध्यम से ठेके पर दिया जाना है।

सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी दी कि पार्किंग के लिए इच्छुक बोलीदाता 23 जुलाई को दोपहर 1 बजे तक 25 हजार का बैंक ड्राफ्ट/अग्रिम राशि के साथ पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा उपमंडल अधिकारी (ना0) कुल्लू के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त निविदाएं अमान्य मानी जाएंगी। सभी निविदाएं इसी दिन सांय 4 बजे खोली जाएंगी।

निविदा हेतु मुख्य शर्तें इस प्रकार से रहेंगी। सफल बोलीदाता की अग्रिम राशि निविदा अवधि तक कार्यालय में बन्दक अग्रिम राशि के रूप में जमा रहेगी। ठेके की शेष राशि हर तीन माह के भीतर नियत समय पर जमा करनी होगी, अन्यथा ठेका रद्द किया जा सकता है। मिनी सचिवालय धरातल मंजिल में पार्किंग की अनुमति केवल मिनी सचिवालय में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों की गाड़ियों के लिए होगी।

सचिवालय परिसर के अंदर के रास्ते में दाहिनी गैलरी में कोई गाड़ी पार्क नहीं होगी, जिससे गाड़ियों के आवागमन में कोई भी बाधा न आए।

पार्किंग निर्धारित नियत स्थानों पर की जाएगी। आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग शुल्क 50 रुपए प्रति गाड़ी प्रतिदिन निर्धारित किया गया है।

# एनएच-305 की बदहाली पर हो कड़ी कार्रवाई : सुरेंद्र शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

दलाशनी पुल निर्माण में देरी को लेकर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा उठाए गए सख्त कदम पर बंजार विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा है कि विभागीय लापरवाही पर इस तरह का निर्णय लिया जाना लाजमी था। इस तरह के निर्णय लेने से कठोर जनता का सरकारी व्यवस्थाओं पर विश्वास बना रहता है। इसी तरह के कई अन्य प्रकरण माननीय लोक निर्माण मंत्री के संज्ञान की प्रतीक्षा में है उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि लापरवाही, लेटलतीफी व भ्रष्टाचार के ऐसे मामलों पर अफसरों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाएगी तथा व्यवस्था दुरुस्त करने की ओर कदम बढ़ाया जाएगा।

विधायक शौरी ने मांग की है कि एनएच-305 की बदहाली और वर्षों से लंबित टारिंग कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर भी ऐसी ही कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यह राष्ट्रीय राजमार्ग लंबे समय से बदहाल स्थिति में है और जनता लगातार परेशानी झेल रही है। विधायक ने एनएच पर टारिंग कार्य को देरी से करने वाले ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने में हो रही देरी पर भी चिंता जताई है।



**दलाशनी पुल प्रकरण की तर्ज पर अब बंजार विधायक ने उठाई एनएच की आवाज**

उनका कहना है कि जिस ठेकेदार को यह कार्य सौंपा गया था, उसने या तो जानबूझ कर कार्य में देरी की या विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से यह स्थिति बनी। ऐसे में संबंधित अधिकारियों पर भी उदाहरण प्रस्तुत करने योग्य कार्रवाई जरूरी है। शौरी ने कहा कि सरकार यदि वास्तव में विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना चाहती है, तो फिर ऐसे मामलों में भी बिना देरी के कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि जनता का सरकार पर भरोसा बना रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा में सुंदर समाज निर्माण के लिए लोगों को किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली के सोलंग नाला में आराध्यदेव नाग मंदिर के प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शनिवार को समापन हुआ। कथा वाचक रवि शर्मा ने भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण का व्याख्यान किया। रवि शर्मा ने सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए लोगों को प्रेरित किया।

इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन मंडली ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया।



सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन अवसर पर लोग।

**महिला आयोग की अध्यक्षा विद्या नेगी ने भी की शिरकत**

आयोजक एवं पंडित बुध राम शर्मा ने कहा कि घाटी के लोगों ने सात दिन तक इस संगीतमयी भागवत कथा का आनंद उठाया। कथा में आस-पास गांव के अलावा दूरदराज से काफी संख्या में महिला-पुरूष भक्तों ने इस कथा का आनंद उठाया।

शर्मा ने कहा कि सात दिनों तक इस कथा में पुरा वातावरण भक्तिमय रहा। प्रवचन के बाद भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। कथा के अंतिम दिन महिला आयोग की अध्यक्षा विद्या नेगी, होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष चमन कपूर ने भी भाग लिया।

# अनंत नाग रिंगु नाग जी सिउंड संगम स्थल में करेंगे शाही स्नान

**अनंत ज्ञान, सैंज।** गढ़ रूपी रैला के अनंत नाग देव श्री रिंगु नाग जी विक्रमी संवत 2082, 23,आषाढ मंगलवार को सिउंड संगम स्थान में हारियानों संग शाही स्नान करेंगे। गढ़ रूपी रैला के अनंत नाग रिंगु नाग जी नए मोहरे व आभूषण की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत मंगलवार को हरियान संग सिउंड संगम स्थल में शाही स्नान करेंगे। प्रधान ग्राम पंचायत रैला, जोगिंद्र सोनी, रिंगु नाग के करदार चेत राम, कमेटी प्रधान जय सिंह, मनोज प्रेम पालसरा, बालम कुंद, कबीर डाबेराम राणा व स्थानी ग्रामीण का कहना है कि हाल ही में जीवा नाला में बादल फटने से सिउंड संगम स्थल पर बहुत सारा मलबा आने से संगम स्थल का नामोनिशान मिट गया है।

सिउंड संगम स्थल में गढ़ रूपी रैला अधिष्ठात्री देवी मां आशापूरी, लक्ष्मी नारायण, जम्दग्नि ऋषि सहित कोठी बनोगी के देवी देवता भी स्नान करते हैं, लेकिन हाल ही में जीवा नाला में भयानक बाढ़ आने से सिउंड संगम स्थल में देव आस्था से जुड़े देव कार्यक्रम का निर्वहन करना खतरे से खाली नहीं है। सैंज घाटी के हजारों लोगों की देव आस्था से जुड़े सिउंड संगम स्थल को बहाल करना आवश्यक है। लोगों ने सिउंड संगम स्थल से मलबा हटाने के लिए प्रशासन और पार्वती जल विद्युत परियोजना चरण-2 के व सैंज हाइड्रो जल विद्युत परियोजना प्रबंधन से मांग की है कि शीघ्र अतिशीघ्र सिउंड संगम स्थल पर मलबा हटाकर हाल ही में होने वाले श्री रिंगु नाग जी के शाही स्नान के लिए उचित जगह बनाएं।

**आपदा** राहत न मिलने पर बैहना पंचायत ने जताई नाराजगी

# भूस्खलन से 32 परिवारों के घरों पर मंडराया खतरा

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** ग्राम पंचायत बैहना में 30 जून 2025 की रात आई भीषण आपदा के बाद 32 परिवारों के मकान गंभीर खतरे में आ गए हैं। प्रभावित परिवारों में तिहणी, मुगरी, शुश, कोट और बेहना गांव के लोग शामिल हैं।

पंचायत द्वारा तुरंत टीन की चादरें और अन्य राहत सामग्री उपलब्ध करवाने की मांग की गई थी, ताकि संभावित बारिश से मकानों को सुरक्षित रखा जा सके। मगर 5 जुलाई तक भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस मदद नहीं पहुंची है।

पंचायत प्रधान विनोद ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि यदि प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत नहीं दी गई, तो संभावित जान-माल के नुकसान के लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा। बैठक में यह भी बताया गया कि कुछ मकानों की नींव तक खिसक चुकी है और कई घरों के आसपास की जमीन धंसने से रहना बेहद खतरनाक हो गया है। पंचायत ने 'रेड अलर्ट' की चेतावनी को देखते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग दोहराई है।



बारिश की वजह से हुआ भूस्खलन जिससे अब घर को खतरा है।

### प्रभावित गांवों को लेकर प्रशासन सजग : एसडीएम

**पंचायत** प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन की उदासीनता पर नाराजगी जताई और चेताया कि अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए तो मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। इस संबंध में एसडीएम लक्ष्मण सिंह कनेट ने कहा, 'ग्राम पंचायत बेहना के प्रभावित गांवों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है। आवश्यक सहायता प्रदान करने और कार्यवाही के निर्देश संबंधित विभागों को दे दिए गए हैं। प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और सहायता प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रयासरत : गौड़

**अनंत ज्ञान, मनाली**

राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनाली में शनिवार को स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कला मंच का शिलान्यास किया। पिछले कई सालों से स्कूल की तरफ से इसकी मांग की जा रही थी। मुख्यातिथि विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास रही है। उन्होंने कहा कि मनाली स्कूल में काफी समय से कला मंच की मांग की जा रही थी जिस का आज शिलान्यास कर दिया है।



कला मंच का शिलान्यास करते विधायक भुवनेश्वर गौड़।

उन्होंने कहा उम्मीद है जल्द ही इस का काम पूरा किया जाएगा ताकि बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम करने में सुविधा हो। उन्होंने कहा कि मनाली विधान सभा में अब बहुत ही कम स्कूल रह गए हैं जहां कला मच नहीं है। उन्होंने कहा कि मनाली स्कूल में बास्केटबॉल कोर्ट का भी निर्माण कार्य किया का रहा है। विधायक ने स्कूल परिसर का निरीक्षण भी किया और स्कूल प्रबंधन को शिक्षा के साथ साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देने की सलाह दी ।

इस अवसर पर मनाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवेंद्र नेगी, नवीन तंवर, प्रेम शर्मा तहसीलदार, मनाली डीएसपी केडी शर्मा, सहायक अभियंता सुनील कालिया भी उपस्थित रहे ।

## न्यूज ब्रीफ

### बकाया राशि जारी न करने पर महासंघ ने जताया रोष

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भारतीय राज्य पेंशन महासंघ जिला सोलन की दाड़लाघाट यूनिट की मासिक बैठक अध्यक्ष मनोज शर्मा की अध्यक्षता में शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई, जिसमें विशेष रूप से बाबूराम कोंडल उपस्थित रहे। इस बैठक में सरकार ने जो 75 वर्ष तक के पेंशनर्स के पक्ष में जो 1-1 2016 से 31-1-2022 के दौरान संशोधित वेतनमान में पेंशन का 30 प्रतिशत बकाया जारी किया है उसका धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। इसके साथ ही उपरोक्त आयु वर्ग का बकाया एरियर शीघ्र जारी करने की पुरजोर मांग की गई 1 जनवरी 2016 से 1 जनवरी 2022 की समय अवधि में 58 वर्ष से 70 वर्ष के आयु वर्ग तक सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों को वेतनमान के बकाया व प्रमोशन का बकाया जारी न करने को लेकर भारी रोष व्यक्त किया गया। अभी तक महंगाई राहत की 13 प्रतिशत किश्तें जो बकाया हैं। जिसकी अदायगी नही हुई है बैठक में पेंशनर के पैंडिंग चिकित्सक बिलों के भुगतान बारे सरकार से बात की गई। 1 जनवरी 2016 से 1 जनवरी 2024 के दौरान सेवानिवत्त हुए पेंशनरों के पक्ष में संशोधित वेतनमान का बकाया आज तक जारी नहीं किया गया है न ही सरकार द्वारा उसके बारे में कोई विचार किया गया है। बैठक में सभी पेंशनरों ने इस जल्द जारी करने की मांग की है। इस बैठक में गोपाल सिंह, हेमराज शर्मा, मस्तराम, जगदीश, चेतराम, मंसाराम, देवी चंद, देवेंद्र गर्ग और मनोज गर्ग सहित अन्य लोग भी इस बैठक में उपस्थित रहे।

### परिवहन विभाग ने आवेदन तिथि 14 तक बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** प्रदेश के परिवहन विभाग द्वारा 350 चयनित मार्गों पर स्टेज कैरिज बस रूट के संचालन के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि को 14 जुलाई, 2025 तक बढ़ा दिया गया है। यह जानकारी क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन कविता ठाकुर ने दी। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा इन 350 चयनित मार्गों पर स्टेज कैरिज बस रूट के संचालन के लिए 9 जून से 30 जून, 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदन तिथि को 14 जुलाई, 2025 तक बढ़ाया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने कहा कि चयनित मार्गों की सूची और इन रूटों के आबंटन प्रक्रिया के नियम व शर्तों का विवरण वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### अकाउंट्स एग्जीक्यूटिव बैच को टूलकिट की वितरित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा फाउंडेशन आईटीआई दाड़लाघाट ने यस फाउंडेशन के सहयोग से अकाउंट्स एग्जीक्यूटिव बैच के लिए टूलकिट वितरण समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम में 20 प्रशिक्षुओं को डॉक्यूमेंट फोल्डर, 32जीबी पेन ड्राइव, डायरी और पेन से युक्त टूलकिट प्रदान किए गए। मुख्यातिथि थाना प्रभारी दाड़ला मुकुल शर्मा ने युवाओं को नशे से दूर रह कर कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की शुरुआत ट्रेनर राजकुमार गुप्ता ने की, जबकि समापन पर संस्थान प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर मुकुल शर्मा को स्मृति चिन्ह के रूप में हस्तनिर्मित ड्रीम कैचर भेंट किया गया। संस्थान प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### उपभोक्ता विद्युत बकाया बिलों का शीघ्र करें भुगतान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड ने सोलन के विद्युत उपमंडल नंबर 01 के उन उपभोक्ताओं से अपने विद्युत बकाया बिलों का शीघ्र भुगतान करने का आग्रह किया है जिन्होंने अभी तक अपने बिल जमा नहीं करवाए हैं। यह जानकारी सोलन विद्युत उपमंडल नंबर 01 के सहायक अभियंता ने दी। उन्होंने कहा कि ऐसे उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर दिए गए हैं जिन्होंने अभी तक अपने विद्युत बिल जमा नहीं करवाए हैं। उन्होंने कहा कि भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति काट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लग गए हैं, को बिलिंग कर्मचारी द्वारा प्रिंटेड बिल नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिल का भुगतान विद्युत बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट, जी पे, भीम एप और पेटीएम के माध्यम से किया जा सकता है। सहायक अभियंता ने कहा कि अधिक जानकारी के लिए विद्युत बोर्ड के सर्कुलर रोड स्थित कार्यालय में तथा कार्यालय नंबर 01792-223611 पर संपर्क किया जा सकता है।

### पैलेस होटल चायल में किया पौधरोपण

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के चायल स्थित पैलेस होटल कर्मचारियों ने वन महोत्सव मनाया। इस दौरान पैलेस परिसर में बान और देवदार के 100 पौधे लगाए गए। इस होटल के प्रबंधक विपिन जिसटु ने बताया कि सभी कर्मचारियों ने पौधे लगाकर इसके संरक्षण करने की शपथ ली। निगम के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों को बढ़ावा देने के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। होटल के सभी कर्मचारियों ने उसमें सहयोग किया।

### संत निरंकारी मिशन ने लगाया रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** संत निरंकारी मिशन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवन दाड़लाघाट में होगा। निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर की जानकारी देते हुए दाड़लाघाट ब्रांच के संयोजक महात्मा विद्या सागर ठाकुर ने बताया कि मिशन द्वारा 1986 से लगातार रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं। पूरे भारत में यह शिविर वर्षभर चलते हैं। इसी कड़ी में दाड़लाघाट में इस शिविर का आयोजन 6 जुलाई को किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन मुख्यातिथि विधायक अर्की संजय अवस्थी करेंगे। शिविर में चारशाखाओं अर्की, कुनिहार, बलेरा ओर दाड़लाघाट के अलावा स्थानीय ग्रामीणों से इस रक्तदान शिविर में शामिल होने का आग्रह किया है।

### 8 को होगा नाहन के महिला वार्डों का आरक्षण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपमंडलाधिकारी नाहन राजीव सांख्यान ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग हिप्र के निर्देशों की अनुपालना में नगर परिषद नाहन के 13 वार्डों में से एक वार्ड अनुसूचित वर्ग की महिला हेतु तथा शेष अन्य वार्डों में से 5 वार्ड महिलाओं हेतु आरक्षित किए जाने है। उपमंडल अधिकारी ने जिला वासियों को सूचित किया है कि उपायुक्त सिरमौर द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन वार्डों के आरक्षण का निर्धारण 8 जुलाई, 2025 को सायं 4:30 बजे नगर परिषद के कार्यालय सभागार में लॉट द्वारा किया जाएगा।

### बारिश से हुए नुकसान की होगी भरपाई : ज्योति

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान, राजगढ़।** नगर पंचायत राजगढ़ के वार्ड नं. 4 के नेहरु मैदान के साथ लगते नाले में भारी बारिश के दौरान आने वाले पानी से साथ लगती दुकानों, मकानों व राहगीरों को राहत मिलेगी। नगर पंचायत द्वारा शीघ्र ही नाले के सुधारीकरण का कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्षा ज्योती साहनी ने बताया कि यह कार्य लगभग 15 लाख की लागत से किया जायेगा और इस कार्य का टेंडर कर दिया गया है।



सोमवार को कार्य का आवंटन कर दिया जाएगा और कार्य आरंभ हो जाएगा। ज्योती साहनी ने कहा कि मैदान के साथ लगते नाला मिट्टी से भर चूका है और अकसर भारी बारिश के कारण यहाँ बाढ़ जैसी स्थिती उत्पन्न हो जाती है। वार्ड नं. 4 में मैदान के साथ लगती दुकानों और मकानों का कई बार पानी घुसने से नुकसान हो चूका है और पानी आने के बाद राहगीरों का चलना भी मुश्किल हो जाता है। नगर पंचायत अध्यक्षा ने बताया कि उपायुक्त जिला सिरमौर के समक्ष नाले की समस्या को रखा गया था और उन्होंने लोगो की समस्या को देखते हुए इस कार्य के लिए बजट उपलब्ध करवाया है।

# बरसात में भी प्यासे सोलन के लोग

## शहर में 6 से 7 दिन बाद की जा रही पेयजल की आपूर्ति, लोगों में रोष

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** गिरी पेयजल योजना से सुचारू रूप से पानी की लिफ्टिंग नहीं होने से शहरवासियों के कंठ सूखने लगे हैं। शनिवार को सुबह तक गिरी से आधा इंच पानी की लिफ्टिंग हो रही थी पर 11 बजे के आसपास अचानक गिरी से पानी की लिफ्टिंग बंद हो गई। इससे शहर के खुंडीधार क्षेत्र में पानी की सप्लाई बंद करनी पड़ी। बताया जा रहा है गिरी से धर्मपुर कुमारहट्टी क्षेत्र के लिए भी पानी की सप्लाई की जा रही है, जिससे शहरवासियों की मांग पूरी नहीं हो रही है।

ऐसे में जिला मुख्यालय सोलन के बाशिंदों को बरसात के मौसम में भी 6 से 7 दिन बाद पेयजल की आपूर्ति किए जाने से लोगों में खासा रोष पनप रहा है। लोगों को मजबूरन टैंकर मंगवाकर गुजारा करना पड़ रहा है और जो लोग पानी के टैंकर के लिए पैसे नहीं दे पा रहे है उनकी समस्या और बढ़ गई है। पानी की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है लेकिन नगर निगम और जल शक्ति विभाग एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करने पर लगा हुआ है, जिसका खामियाजा सोलन की जनता की भुगतना पड़ रहा है।



पानी की समस्या के कारण सोलन शहर में टैंकर से पानी की सप्लाई होती हुई।

### गिरी नदी से पानी की लिफ्टिंग शुरू : विभाग

नगर निगम का कहना है कि इन दिनों जल शक्ति विभाग से 20 से 30 लाख लीटर पानी की सप्लाई की जा रही है। वहीं जल शक्ति विभाग के मुताबिक आज गिरी नदी से पानी की लिफ्टिंग शुरू हो गई है। वहीं तकनीकी कारणों से गिरी और अश्वनी पेयजल योजना से पानी की लिफ्टिंग बाधित होने से शहर के वार्ड क्षेत्रों में लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जल शक्ति विभाग द्वारा नगर निगम को 41 लाख लीटर पानी लिफ्ट किया गया। हालांकि नगर निगम को शहर में रोजाना पानी की मांग पूरी करने के लिए 90 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है। पर इन दिनों मांग से आधा पानी भी निगम को नहीं मिल रहा है। ऐसे में वार्ड क्षेत्र में लोगों को 5 से 6 दिन बाद सप्लाई दी जा रही है।

### बारिश के कारण पानी नहीं हो पा रहा लिफ्ट

जल शक्ति विभाग अधीक्षक अभियंता आशीष राणा का कहना है कि पिछले दिनों हुई बारिश के बाद आई गाद से पर्याप्त मात्रा में पानी लिफ्ट नहीं किया जा रहा है। बारिश से पहले नगर निगम को आवश्यकता के अनुसार पानी लिफ्ट किया जा रहा था।

### कई हिस्सों में पानी की सप्लाई बंद : मेयर

नगर निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा ने बताया कि उन्हें रोज 90 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है लेकिन उन्हें जल शक्ति विभाग द्वारा केवल 20 से 30 लाख लीटर पानी ही लिफ्ट किया जा रहा है। इससे पानी की राशनिंग करनी पड़ रही है। शनिवार को भी गिरी पेयजल योजना से पानी की लिफ्टिंग बंद होने से शहर के कई हिस्सों में पानी की सप्लाई नहीं हो पाई।

# एचपीपीसीएल और पटेल कंपनी की लापरवाही से पोवारी का सड़क मार्ग कटा



अनिल नेगी, अनंत ज्ञान

**रिकांगपिओ।** किन्नौर जिले के पोवारी निवासी पूर्ण सिंह नेगी ने शनिवार को आरोप लगाया कि एचपीपीसीएल और पटेल कंपनी की लापरवाही के कारण पोवारी के पास सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ने और पानी का रुख बदलने से सड़क मार्ग कट गया है। इन कंपनियों द्वारा बैराज निर्माण के दौरान बरती गई कोताही को इसका मुख्य कारण बताया जा रहा है।

पूर्ण सिंह नेगी ने बताया कि सैकड़ों किसानों की मटर और अन्य नकदी फसलें तैयार हो चुकी हैं, लेकिन बड़े वाहनों की आवाजाही रुकने से उन्हें मंडी तक ले जाने में मुश्किल हो रही है। उन्होंने चिंता जताई कि अगस्त के बाद सेब की फसल भी तैयार होगी।

नेगी के अनुसार, सड़क मार्ग कटने के बाद से पूर्बनी और पोवारी से रिकांगपिओ के लिए बस सेवा भी कई महीनों से बंद है, जिससे सैकड़ों लोग प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में पुलिस थाना रिकांग पिओ में एचपीपीसीएल और पटेल कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने प्रशासन से जल्द सड़क मार्ग को जल्द से जल्द बहाल करने का आग्रह भी किया है।

### बैराज के पास सड़क बहाल

**इस** मामले पर एचपीपीसीएल शौंगटोंग करछम के महाप्रबंधक खेम सिंह ठाकुर ने बताया कि यदि पूर्बनी और पोवारी के ग्रामीण मटर या अन्य नकदी फसलों को बड़े वाहनों से मंडी तक पहुंचाना चाहते है, तो पोवारी के पास बैराज के सामने वाली सड़क को खोल दिया गया है। परियोजना की निगरानी में बड़े वाहनों को भेजा जाएगा, लेकिन जलस्तर कई बार बढ़ने के कारण रात्रि के समय आवाजाही की अनुमति नहीं दी जाएगी। छोटे वाहन पोवारी के पास लगे ब्रिज से आवाजाही कर रहे हैं।

# सोलन को टीबी मुक्त बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी : डीसी

अनंत ज्ञान, सोलन

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिला सोलन को टीबी मुक्त बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। मनमोहन शर्मा गत दिवस स्वास्थ्य अधिकारियों व उद्योग संघों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि जिला सोलन को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों व उद्योगों का आपसी समन्वय के साथ कार्य करना आवश्यक है ताकि अधिक से अधिक लोगों को टीबी रोग के बारे में जागरूक किया जा सका। उपायुक्त ने कहा कि उद्योगों को निक्षय मित्र के रूप में पंजीकरण करवाना चाहिए ताकि टीबी रोगियों को पोषण, निदान व व्यावसायिक सहायता मिल सके।

उद्योगों के कर्मचारियों की टीबी जांच करवाना तथा शीघ्र रोग का पता चलने से सही समय पर उपचार आरंभ किया जा सकता है। इससे जहां टीबी रोग की रोकथाम में सहायता मिलेगी वहीं कार्यस्थल का वातावरण सौहार्द भी बनेगा। उन्होंने अधिकारियों को टीबी जागरूकता और रोकथाम का समर्थन करने के लिए सीएसआर के माध्यम से सामुदायिक पहुंच बढ़ाने के निर्देश दिए।

# अस्पताल का निर्माण कार्य जल्द हो पूरा : शांडिल

अनंत ज्ञान, सोलन

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने सोलन के कथेड़ में निर्माणाधीन अत्याधुनिक बहुउद्देशीय अस्पताल को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है।



अस्पताल का निरीक्षण करते कर्नल धनीराम शांडिल।

उन्होंने आज इस निर्माणाधीन अस्पताल, तृतीय स्तरीय ट्रॉमा सेंटर तथा मातृ एवं शिशु अस्पताल का निरीक्षण किया और निर्माण तथा सुविधाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए। डॉ. शांडिल ने कहा कि इस 200 बिस्तर वाले बहुउद्देशीय अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर के साथ-साथ मातृ शिशु इकाई का पृथक से निर्माण किया जा रहा है।

### निर्माण पर 100 करोड़ से अधिक किए जा रहे व्यय

उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय अस्पताल के निर्माण पर लगभग 100 करोड़ रुपए से अधिक व्यय किए जा रहे हैं। बहुउद्देशीय अस्पताल का 50 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है।

इस अवसर पर जोगिंद्रा सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश ठाकुर, नगर निगम सोलन के मनोनीत पार्षद विजय ठाकुर, सक्षम शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक, वनमंडलाधिकारी सोलन एचके गुप्ता, तहसीलदार मुल्तान सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य मंत्री 7 को सोलन के प्रवास पर



**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 7 जुलाई, 2025 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 7 जुलाई, 2025 को दोपहर 12.30 बजे सोलन के चायल स्थित नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत दिन में 1.30 बजे ग्राम पंचायत नगाली में पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे।

# सराहां अस्पताल में डॉक्टरों के 9 पद खाली

संजय राजन, अनंत ज्ञान

**सराहां।** उपमंडल पच्छाद की 34 पंचायतों के लोगों के अतिरिक्त साथ लगती तहसील नाहन, राजगढ़, कसौली, रेणुका के अतिरिक्त पड़ोसी राज्य हरियाणा के साथ लगते इलाकों को लाभवंतित करने वाला सराहां सिविल अस्पताल इन दिनों खुद ही बीमार नजर आ रहा है।



इस समय अस्पताल में डॉक्टरों के नौ,एक फार्मासिस्ट व दो स्वीपर के पद खाली होने के कारण क्षेत्र के लोगो को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। पुरे सिविल अस्पताल में 11 में से दो डॉक्टर ही कार्यरत है।

दिन रात स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए डेपुटेशन पर दूसरी पीएचसी से डॉक्टर को बुला कर सिविल अस्पताल को चलाया जा रहा है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सराहां सिविल अस्पताल की। लोगों ने मांग की है कि शीघ्र ही खाली पड़े पदों को भरा जाए इसके अलावा फार्मासिस्ट व स्वीपर के पदों को भी भरा जाए।

### डेपुटेशन पर आते हैं डॉक्टर

**सराहां** सिविल अस्पताल में विभाग द्वारा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पीएचसी से डॉक्टर को सराहां सिविल अस्पताल में डेपुटेशन पर बदलकर बुलाया जाता है डेपुटेशन पर दूसरे पीएचसी से डॉक्टर के आने के कारण उन क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हो रही है क्योंकि वहां कोई भी डॉक्टर नहीं होते। रिकॉर्ड के अनुसार सराहां सिविल अस्पताल में डॉक्टर के 11 पद है जिनमें से अब मात्र दो डॉक्टर हैं, दो डॉक्टरों के स्थानांतरण हो गए हैं, अब दो डॉक्टर 24 घंटे सेवाएं कैसे दे सकते हैं।

# कल्होग में अश्वनी खड्ड पर पुल की मांग अनसुनी

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** कल्होग गांव में सीनियर सेकेंडरी स्कूल के समीप अश्वनी खड्ड पर पैदल पुल की मांग दशकों से अनसुनी हैं। बिना पुल कई गांवों के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को खड्ड का पानी तैरकर आवाजाही करनी पड़ती हैं। इस गंभीर समस्या से जूझ रहे क्षेत्र के लोगों की मांग सुनने वाला कोई नहीं।

कल्होग क्षेत्र का व्यवसायिक केंद्र के साथ चायल-कंडाघाट आने जाने वाली बसों का ठहराव हैं। इसके अतिरिक्त यहां क्षेत्र का एक मात्र स्कूल हैं। यहां पहुंचने के लिए चोहड़ा, पवाश, कल्होग गांव के कुछ क्षेत्र के लोगों, स्थानीय गांव के ग्रामीणों को अपने खेतों में



जाने, गांव के दूसरे घरों में आने जाने के लिए अश्वनी खड्ड तैरकर पार करनी पड़ती हैं। कई गांवों के बच्चे भी नदी पार करके कल्होग स्कूल पहुंचते हैं। इसके अतिरिक्त धरेयां, दोची सहित कई गांवों के बच्चे भी बस सेवा बाधित होने पर पैदल इस खड्ड को पार करके स्कूल पहुंचते हैं।

अश्वनी खड्ड का पानी बढ़ने पर ग्रामीण को पहले पांच किलोमीटर पैदल चलकर चिऊथ, दोची और साधुपुल पहुंचना पड़ता हैं उसके बाद बस का तीन से आठ किलोमीटर बस का एकतरफा सफर करके कल्होग पहुंचना पड़ता हैं। कल्होग में अश्वनी खड्ड पर पैदल पुल बना हो तो यह पैदल सफर पांच से दस मिनट में होता हैं। इस खड्ड में क्षेत्र की शिमला से निकलने वाली शैमल खड्ड, कुफरी के क्षेत्र से आने वाली अश्वनी और सैगन खड्ड, चायल से निकलने वाली थरोला खड्ड सहित कई दर्जन नाले मिलते हैं। ग्रामीणों ने एक बार फिर प्रदेश सरकार से मांग दोहराई हैं कि कल्होग में अश्वनी खड्ड पर पैदल पुल का निर्माण शीघ्र किया जाए।

# अब वर्ष के चार महीने में बनेंगे हिमकेयर कार्ड : डॉ . अजय पाठक

अनंत ज्ञान, सोलन

प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित स्वास्थ्य योजना हिमकेयर के अंतर्गत अब नए कार्डों का पंजीकरण वर्ष में मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर माह में किया जाएगा। जुलाई, 2025 में भी नए कार्ड पंजीकृत करने की प्रक्रिया जारी रहेगी। यह जानकारी आज यहां मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अजय पाठक ने दी। डॉ. अजय पाठक ने कहा कि हिमकेयर कार्ड का नवीनीकरण वैध तिथि के 30 दिनों के भीतर करवाना होगा। कार्ड की वैधता एक वर्ष के लिए होगी। उन्होंने कहा कि हिमकेयर योजना के अंतर्गत लोक मित्र केंद्र या सामान्य सेवा केंद्र में नामांकन करने और दस्तावेजों को अपलोड करने के लिए लाभार्थी से प्रीमियम के अतिरिक्त 50 रुपए का शुल्क लिया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि हिमकेयर योजना के अंतर्गत लोकमित्र केन्द्रों, साइबर कैफे में कार्ड बनवाया जा सकता है। डॉ. पाठक ने कहा कि हिमकेयर योजना के तहत परिवार को 5 लाख रुपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलती है।

# अंतर्सदनीय एमयूएन प्रतियोगिता में टीक सदन बना विजेता

अनंत ज्ञान, सोलन

पाइन ग्रोव स्कूल धर्मपुर में 3 से 4 जुलाई तक अंतर्सदनीय एमयूएन प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में सभी चारों सदनों के कुल 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने बहुआयामी कौशल का प्रदर्शन किया।

इस आयोजन का संचालन छात्र समन्वयक निश्चय प्राशर द्वारा चेयरपर्सन की भूमिका में किया गया जिनके साथ उपाध्यक्ष के रूप में पार्थ सर्राफ भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता का अंतिम दौर विद्यालय के मुख्य सभागार



प्रतियोगिता में हिस्सा लेते पाइन ग्रोव के छात्र।

'कोलोसियम' में आयोजित किया गया जिसमें लोकसभा समिति के माध्यम से विषय 'भारत में न्यायिक सुधार, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और समकालीन आवश्यकताएं' पर बहस की गई। प्रतियोगिता का स्तर संतोषजनक रहा। सांस्कृतिक विभाग के प्रमुख विशाल गौरी ने सभी प्रतिनिधियों को उत्साहित करते हुए इस बात पर बल दिया कि किसी भी विषय को गहराई को समझने के लिए अधिक गहन शोध करना आवश्यक है।

प्रतियोगिता में वरन्या अग्रवाल एवं अभिनव को श्रेष्ठ प्रतिनिधि, जयादित्य किल्होर एवं नव्या जैनको उच्च सराहना,पान्वी एवं रेयांश सूद को विशेष उल्लेख तथा मोक्ष को सर्वश्रेष्ठ नवोदित प्रतिनिधि के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में टीक सदन विजेता रहा जबकि दीवार सदन ने दूसरा तथा ओक सदन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# पूर्व सैनिक संघ सोलन का हुआ पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पूर्व सैनिकों के हित और संगठन को मजबूत करने हेतु 'पूर्व सैनिक संघ सदर सोलन' का पंजीकरण पूर्ण कर लिया गया है। यह पंजीकरण उपायुक्त सोलन और उनके स्टाफ के सहयोग से पूर्व सैनिकों की वर्षों की मांग को पूरा करता है।

बैठक में सूबेदार मेजर सचिदानंद शर्मा सेवानिवृत्त ने बताया कि पंजीकरण से पूर्व सैनिकों को अब एक मान्यता प्राप्त मंच मिलेगा, जिससे उनकी समस्याओं और कल्याण से जुड़े कार्यों को प्रशासन और समाज के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा जा सकेगा।

## व्यवसाय

### योजनाओं का लाभ लेकर गुलाम रसूल की आर्थिकी हुई सुदृढ़

# स्वरोजगार आरंभ कर 7 लोगों को दिया रोजगार

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** प्रदेश सरकार लोगों के सामाजिक तथा आर्थिक उत्थान के लिए कृत संकल्प है जिसके तहत अनेकों कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थी गुलाम रसूल गांव खैरी, डाकघर त्रिलोकपुर, तहसील नाहन जिला सिरमौर कृषि व पशुपालन व्यवसाय से जुड़े थे।



इस व्यवसाय से उनकी आमदनी इतनी अच्छी नहीं थी कि वह परिवार का बेहतर पोषण कर सके। उन्होंने वर्ष 2023 में मछली पालन हेतु 3 लाख की परियोजना स्वीकृत करवाई जिस पर उन्हें 30 प्रतिशत अनुदान भी मिला। जिससे उन्होंने 4 तालाबों का निर्माण किया तथा जिला सोलन के नालागढ़ से पंगास तथा राहु प्रजाति के मछली के बीज क्रय किए। वर्ष 2023 से अब तक उन्हें मछली पालन से 6 लाख 50 हजार रुपए की आय अर्जित हुई, जिससे उन्हें 4 लाख 50 हजार का शुद्ध लाभ हुआ। इस कार्य के लिए उन्होंने 2 लोगों को रोजगार दिया है वह तालाबों से ही मछली विक्रय करते हैं जिसके लिए चंडीगढ़ तथा उत्तर प्रदेश के व्यापारी आकर खरीदते हैं।

वह 70 रुपए से 100 रुपए प्रति किलो के हिसाब से मछली विक्रय कर रहे हैं। गुलाम रसूल ने मछली पालन व्यवसाय से प्रेरित होकर पशुपालन विभाग से वर्ष 2024 में बकरी पालन के लिए 60 लाख रुपए की परियोजना स्वीकृत करवाई, जिसमें 30 लाख ऋण तथा 30 लाख अनुदान मिला। उन्होंने इसके लिए दो शेड तथा एक चारा भंडारण का निर्माण करवाया। उन्होंने पंजाब के संगरूर से 300 बकरी तथा 15 बकरे के बच्चे खरीदे। आज 1 वर्ष के भीतर उनके पास 450 बकरियां हैं जिनका वह आगामी वर्ष से विक्रय करना आरंभ करेंगे। इस कार्य में उन्होंने पांच लोगों को रोजगार भी दिया है। गुलाम रसूल का 1000 बकरियां/बकरा तैयार करने का लक्ष्य है। उन्होंने बकरी पालन का 15 दिनों का प्रशिक्षण केंद्रीय अनुसंधान केंद्र मथुरा उत्तर प्रदेश से लिया है।

# स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य प्रगति पर

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** विद्युत उपमंडल राजगढ़ के अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस अभियान के अंतर्गत अब तक लगभग 1800 उपभोक्ताओं के पारंपरिक मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदला जा चुका है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिल स्वतः बनना प्रारंभ हो गए हैं।

ऐसे उपभोक्ताओं को अब विभाग की ओर से भौतिक (प्रिंटेड) बिल प्रदान नहीं किए जाएंगे। यह जानकारी अंकित वर्मा सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल राजगढ़ ने दी। उन्होंने बताया कि इसके स्थान पर बिल की जानकारी उपभोक्ताओं को एसएमएस के माध्यम से उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेज दी जाएगी।

# वाईएसएस आध्यात्मिक रिट्रीट में 350 साधक हुए शामिल

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन स्थित शूलिनी विश्वविद्यालय का शांत परिसर दिव्य ऊर्जा से भर गया है, क्योंकि पूरे भारत से 350 से अधिक भक्त शूलिनी विश्वविद्यालय के सहयोग से योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विशेष आध्यात्मिक रिट्रीट के लिए यहां एकत्रित हुए हैं।



शूलिनी विश्वविद्यालय में शिविर में पहुंचे साधक।

आज से शुरू हुआ यह 3 दिवसीय कार्यक्रम विश्वविद्यालय में वाईएसएस द्वारा दूसरा आध्यात्मिक रिट्रीट है और चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति के बावजूद इसमें भारी भागीदारी देखी गई। योगी की आत्मकथा के प्रसिद्ध लेखक परमहंस योगानंद द्वारा स्थापित, योगदा सत्संग सोसाइटी 1917 से आध्यात्मिक साधकों का मार्गदर्शन कर रही है और इसका मुख्यालय रांची में है।

योगदा सत्संग ध्यान केंद्र, सोलन के सहयोग से आयोजित वर्तमान रिट्रीट ने आध्यात्मिक आकांक्षियों, जिनमें शूलिनी विश्वविद्यालय के संकाय, छात्र और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं, को एक समृद्ध अनुभव के लिए एक छत के नीचे एक साथ लाया है। वाईएसएस के तीन पूज्य स्वामी स्वामी श्रद्धानंद , स्वामी चैतन्यानंद और स्वामी निश्चलानंद रिट्रीट के दौरान आध्यात्मिक सत्रों का नेतृत्व कर रहे हैं। शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति और वाईएसएस के समर्पित अनुयायी प्रो. पीके खोसला ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा, शूलिनी विश्वविद्यालय में दूसरी बार योगदा सत्संग सोसायटी की मेजबानी करना हमारे लिए सम्मान की बात है। खराब मौसम के बावजूद 350 से अधिक भक्तों की जबरदस्त प्रतिक्रिया पूरे भारत में साधकों की अटूट आस्था और समर्पण को दर्शाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### आत्मनिर्भर बना प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिला के गांव बवानिया से निकली 'प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह' की कहानी आज पूरे प्रदेश और देश की महिलाओं के लिए एक अमर प्रेरणा बन चुकी है। यह कहानी है बनारसी देवी और उनके समूह की उन मेहनती महिलाओं की है जिन्होंने अपने सामूहिक प्रयास, अटूट विश्वास और हरियाणा सरकार की दूरदर्शी नीतियों के सहयोग से आत्मनिर्भरता की एक नई इबारत लिखी है। आज यह समूह न केवल 300 से अधिक महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार दे रहा है बल्कि उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की ख्याति देश की सीमाओं को लांघकर अमेरिका और जापान जैसे दूर देशों तक पहुंच चुकी है। इस स्वयं सहायता समूह की यात्रा वर्ष 2001 में शुरू हुई जब बनारसी देवी ने अपने गांव की महिलाओं को संगठित कर आत्मनिर्भर बनने का सपना देखा। इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह की नींव रखी। वर्ष 2005 में इस समूह की विकास यात्रा ने गति पकड़ी। इसके बाद वर्ष 2017 में उन्होंने गांव की महिलाओं को अचार बनाने का कौशल सिखाया। इस शुरुआती सफलता से उत्साहित होकर समूह की महिलाओं को करनाल स्थित बागवानी प्रशिक्षण संस्थान में उन्नत प्रशिक्षण के लिए भेजा गया जहां उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता और पैकेजिंग के गुर सीखे। हरियाणा सरकार के 'राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन' का सहयोग समूह के लिए एक गेम-चेंजर साबित हुआ। समूह ने हरियाणा और राजस्थान में समय-समय पर प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन कर 100 से अधिक महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने का मार्गदर्शन दिया है। महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सैनी द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है। इस समूह में प्रधान भागवंती, सचिव कृष्णा देवी, कोषाध्यक्ष रेखा देवी, चलती, माया, सविता, मंजू, राजबाला, सुमन, सुषमा, रेनू यादव, गायत्री, सविता, रेनू देवी, संतोष, ललिता देवी जैसी कई सशक्त महिलाएं महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

### 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की स्थापना पर 4 वर्ष पूर्ण होने पर एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में राजेष जोगपाल, आईएएस द्वारा मुख्यातिथि के तौर पर भाग लिया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्यातिथि द्वारा संस्थान के प्रांगण में भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई पहल 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत पौधरोपण करके किया गया। संस्थान द्वारा आयोजित की गई इस वॉकथॉन में संस्थान के अंतर्गत विभिन्न राज्यों की सहकारी समितियों, विभागों, बैंकों आदि के प्रतिनिधियों एवं संस्थान में संचालित किए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों के लगभग 300 छात्रों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। यह आयोजन संस्थान और सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के प्रयासों का प्रतीक रहा जिसमें सभी सहभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सहकारिता के संदेष को समाज में फैलाने का संकल्प लिया।

### दो स्कूलों में सीएम फ्लाइंग का छापा, मिली अनियमितताएं

**अनंत ज्ञान, हिसार।** सीएम फ्लाइंग की टीम ने अग्रोहा क्षेत्र के गांव मीरपुर स्थित राजकीय माध्यमिक स्कूल व राजकीय प्राथमिक स्कूल में छापेमारी की। छापे के दौरान टीम ने स्कूलों में ग्रांट के उपयोग, मिड-डे मील, इको क्लब ग्रांट और अन्य रिकॉर्ड की जांच की। पता चला है कि जांच के दौरान सीएम फ्लाइंग ने कई तरह की अनियमितताएं पकड़ी है। मिली जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग टीम ने शनिवार को इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में यह छापामार कार्रवाई की। इसमें शिक्षा विभाग के चेकिंग अधिकारी के रूप में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दड़ोली के प्रिंसिपल प्रकाश चंद्र, बीईओ अग्रोहा के क्लर्क वीरेंद्र, एएसआई सुरेंद्र कुमार और एचसी विजय शामिल रहे। सुनैना ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि मीरपुर गांव के दोनों स्कूलों में ग्रांट के दुरुपयोग और अनियमितताओं की शिकायतें हैं। इस सूचना के आधार पर टीम ने दोनों स्कूलों में रेड की और रिकॉर्ड्स की गहन जांच की। सीएम फ्लाइंग की इंचार्ज सुनैना ने बताया कि जांच के दौरान राजकीय माध्यमिक स्कूल में मुख्याध्यापक अनिल कुमार की मौजूदगी में कई खामियां पाई गईं। इंचार्ज सुनैना ने बताया कि स्कूल में दी गई ग्रांट के कई बिल वेरिफाइड नहीं थे। विशेष रूप से, छत की मरम्मत के लिए निकाले गए ग्रांट में मजदूरों की दिहाड़ी के बिल गायब थे। इसके अलावा, इको क्लब ग्रांट की कोटेशन खाली पाई गई और कैश बुक व प्रॉपर्टी रजिस्टर लंबे समय से अपडेट नहीं किए गए थे।

# नूंह में बकाया मुआवजा राशि न मिलने पर भड़के किसान

## पिछले करीब डेढ़ साल से मुआवजे की मांग को लेकर धरनारत हैं किसान

**अनंत ज्ञान, नूंह**



जमीन अधिग्रहण का पूरा मुआवजा नहीं मिलने की सूरत में नूंह जिला के रोजका मेव में आईएमटी के निर्माण को रुकवाने का निर्णय किसानों ने लिया है। इसे लेकर शनिवार को महापंचायत बुलाई गई थी। स्थिति को भांपते हुए वहां पर भारी संख्या में पुलिस बस तैनात किया गया। साथ ही किसानों की गिरफ्तारी के लिए बसें भी मौके पर मंगवाई गई। जब तक महापंचायत चली, माहौल तनावपूर्ण रहा। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद सहित कई किसान नेताओं ने यहां शिरकत की।

किसानों की मांग के समर्थन में पहुंचे किसान नेता रवि आजाद बोले, सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है। जब मुआवजा राशि के लिए सरकार ने किसानों से एफिडेविट तक ले लिए, तो फिर मुआवजा की बकाया राशि क्यों नहीं दी। आश्वासन देने के बाद भी प्रशासन ने सरकार के साथ किसानों की मुलाकात नहीं कराई। 11 मार्च

**स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल किया तैनात**

2024 को भी इसी तरह का माहौल यहां बना था। उस समय 54 महिलाओं समेत 107 किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया था। अब किसान अपनी मांग को लेकर शांत नहीं बैठेंगे। रोजका मेव आईएमटी के निर्माण के लिए सरकार की ओर से नूंह जिला के नौ गांवों के किसानों की 1600 एकड़ जमीन का अधिग्रहण वर्ष 2010 में किया गया था। उस समय सरकार द्वारा किसानों को प्रति एकड़ 25 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया था। सरकार ने बाद में फरीदाबाद जिला के चंदावली, मच्छगर गांवों की जमीन का भी अधिग्रहण किया। वहां के किसानों ने अदालत की शरण लेते हुए कहा कि उनकी जमीन को सरकार ने सस्ते रेट में लिया है। इसलिए उनका मुआवजा बढ़ाया जाए। किसानों के पक्ष में फैसला देते हुए कोर्ट ने प्रति एकड़ दो करोड़ की राशि देने के सरकार को आदेश दिए थे। इन आदेशों के बारे में जब नूंह जिला के किसानों को पता चला तो उन्होंने भी मुआवजा राशि को लेकर असंतुष्टि जाहिर करते हुए इसे बढ़ाने की मांग की। इसके लिए आंदोलन शुरू किया। किसानों ने सरकार पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें आज तक वे 25-25 लाख रुपए नहीं दिए गए हैं।

# कटारिया ने पौधा लगाकर की पौधरोपण अभियान की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



वार्ड नंबर 24 में शनिवार को पौधरोपण अभियान चलाया गया। सेक्टर-36 के फ्रैगरेंस गार्डन में आयोजित इस पौधरोपण अभियान के तहत चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने पौधा रोपित कर इसकी शुरुआत की। इस अवसर पर होम सेक्रेटरी मनदीप बराड़, निगम आयुक्त अमित कुमार, स्पेशल कमिश्नर प्रदीप कुमार और चंडीगढ़ नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर और वार्ड पार्षद जसबीर सिंह बंटी सहित एमओएच इंद्रदीप कौर और स्कूल प्रिंसिपल कुलदीप कौर भी उपस्थित थे। वहीं, इस दौरान वार्ड की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी, प्रशासन व निगम अधिकारियों सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। अभियान की शुरुआत के तहत कुल-मिलाकर 1200 पौधे लगाए गए।

पौधारोपण अभियान के अंतर्गत वार्ड के अधीन आते सेक्टर-53 और 54 के गवर्नमेंट स्कूल्स में भी पौधरोपण किया गया, जिसमें नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर और वार्ड पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने पौधारोपण कर बच्चों को हमारी इंसानी जिंदगी में पेड़ पौधों की अहमियत से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम में बदलाव आया है। उसका मुख्य कारण प्रकृति से खिलवाड़ है। हम लोग पेड़-पौधों की जगह पर कंक्रीट की बस्तियों को बसाने में लगे हुए हैं। पेड़ पौधों की संभाल न कर इन्हें खत्म करने पर तुले हुए हैं। ऐसा ही रहा तो हम ताजी हवा में सांस लेने को तरस जाएंगे। इस मौके बच्चों ने प्रण लिया कि वह स्कूल में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे। हम मिलकर पौधे लगाएंगे और उनकी अच्छे से देखभाल भी करेंगे।

# यूज्ड पीईटी बोटल-फ्री पुरी रथ यात्रा-2025' लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



कचरा प्रबंधन को लेकर साझा प्रयास के तहत कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन आनंदना ने पुरी, ओडिशा में 'यूज्ड पीईटी बोटल-फ्री पुरी रथ यात्रा-2025' पहल लॉन्च की। यह पहल हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस (एचसीसीबी), पुरी नगर निगम, जिला प्रशासन (पुरी), ओडिशा डेवलपमेंट मैनेजमेंट प्रोग्राम (ओडीएमपी) और वाई4डी फाउंडेशन के साथ मिलकर की गई है।

इस पहल की शुरुआत दिगाबरेनी स्क्वायर से स्वर्गद्वार तक पीईटी बोटल क्लीन-अप अभियान के साथ की गई। इस दौरान ओडिशा सरकार के माननीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री गणेश राम सिंह खुंटिया, ओडिशा विधानसभा के पूर्व सदस्य जयंत कुमार सारंगी और पुरी नगर निगम के कार्यकारी अधिकारी अभिमन्यु बेहेरा उपस्थित रहे। मैदान साफ अभियान के तहत करीब 200 वॉलंटियर्स ने हिस्सा लिया। उन्होंने यूज्ड पीईटी बोतलों को एकत्र किया और आगंतुकों के बीच जिम्मेदारी से कचरा प्रबंधन की प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाई। शहर की ज्यादा भीड़भाड़ वाली जगहों पर 200 से ज्यादा पीईटी कलेक्शन बिन्स लगाई गईं। इनके अतिरिक्त रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों पर 10 हेल्प डेस्क भी स्थापित की गईं। उन्होंने आगंतुकों को इको-फ्रेंडली डिस्पोजल प्रैक्टिस के बारे में जानकारी प्रदान की।

## यमुनानगर: कृषि विभाग ने गोदाम से यूरिया खाद के 450 अवैध बैग पकड़े

**अनंत ज्ञान, यमुनानगर।** जिला कृषि विभाग व पुलिस ने थाना बुडिया के गांव बीबीपुर व कनालसी के बीच एक गोदाम में छापा मारा और वहां रखे अवैध 450 बैग यूरिया खाद को जप्त कर गोदाम को सील कर दिया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी। जिला कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर आदित्य डबास ने शनिवार को बताया कि गांव बीबीपुर और कनालसी के बीच स्थित एक गोदाम में कृषि में इस्तेमाल करने वाला यूरिया का अवैध रूप से भंडारण और आपूर्ति किए जाने का मामला सामने आया है।

थाना बुडिया व उपमंडल कृषि अधिकारी अजय कुमार ने मौके पर निरीक्षण किया तो पाया गया कि एक संगठित गिरोह द्वारा यह अवैध कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा था। गोदाम से 450 बैग (प्रत्येक 45 किलोग्राम) यूरिया बरामद किया गया। जिसे नैशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड, भटिंडा द्वारा उत्पादित किया गया था। यह यूरिया बिना वैध लाइसेंस के रखा गया था और इसका उपयोग प्लाईवुड उद्योगों में किए जाने के उद्देश्य से किया जा रहा था, जो कि केवल कृषि कार्यों के लिए अनुमोदित है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मुख्यमंत्री धामी ने बाल संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों से किया सीधा संवाद

**अनंत ज्ञान, देहरादून**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को पर्यटक आवास गृह, टनकपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चम्पावत जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से बाल संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत सीधा संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में खेल गतिविधियों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करना तथा खिलाड़ियों से उनकी आवश्यकताओं और सुझावों पर चर्चा करना रहा।

मुख्यमंत्री ने चम्पावत के गौरव, पाटी की प्रीति, टनकपुर की कंचन, चौमेल के सागर एवं चम्पावत की मोनिका से बातचीत कर खेल सुविधाओं, संसाधनों और प्रशिक्षण संबंधी जानकारी ली। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना से नियमित लाभान्वित हो रहे हैं, जिससे उनके खेल कौशल को संवारने में मदद मिल रही है।

मुख्यमंत्री धामी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे पढ़ाई के साथ खेलों को भी बराबर महत्व दें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड केवल देवभूमि नहीं, बल्कि खेलभूमि के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने युवाओं को अमृतकाल का सारथी बताते हुए अनुशासन, समय प्रबंधन और कठिन परिश्रम के महत्व पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को सशक्त मंच देने और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### ट्रंप ने बिग ब्यूटीफुल बिल पर किए साइन



**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैक्स और खर्च में कटौती करने वाले बिग ब्यूटीफुल बिल पर साइन कर दिए हैं। इसके साथ ही यह बिल अब कानून बन गया है। इस बिल पर साइन करने के लिए खास सेरेमनी का आयोजन किया गया। यह बिल 4 जुलाई को अमेरिकी संसद के निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स) से पास हुआ। बिल के सपोर्ट में 218, जबकि विरोध में 214 लोगों ने वोट डाला। ट्रंप की ही पार्टी के दो सांसद थॉमस मैसी और ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने इस बिल के खिलाफ वोट दिया था। इसी बिल को लेकर ट्रंप और एलन मस्क ने एक-दूसरे के खिलाफ तीखी बयानबाजी की थी। यह बिल 3 दिन पहले ही अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में 50-51 के मामूली अंतर से पास हुआ था। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस बिल को लेकर निर्णायक वोट डाला था। (अनंत ज्ञान)

### बिजनेसमैन गोपाल खेमका की पटना में हत्या

**एजेंसी, पटना।** बिहार में शुक्रवार रात साढ़े 11 बजे बिजनेसमैन गोपाल खेमका की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में शनिवार को पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों की माने तो मर्डर शूटर से कराया गया था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। आईजी जितेंद्र राणा ने बताया कि हत्याकांड के कई पहलू सामने आए हैं। जिस पर जांच हो रही है। शूटर ने गोली मारी है। उसके साथ कुछ लाइजनर भी थे। शूटर से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। शूटर और शूटर को भेजने वालों की जानकारी मिल चुकी है। हत्या क्यों की गई ये भी लगभग सामने आ चुका है। जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी होगी। कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं, बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा भी परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन पर खेमका का मां का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा भी भाजपा में था। मुझे इंसाफ चाहिए। (अनंत ज्ञान)



### हमास सीजफायर प्रस्ताव पर बातचीत को तैयार

**एजेंसी, गाजा।** फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने शनिवार को कहा वो इसराइल के साथ 60 दिन के युद्धविराम प्रस्ताव पर तुरंत बातचीत के लिए तैयार है। यह प्रस्ताव कतर की तरफ से दिया गया था। इसराइल बुधवार को ही इस युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी दे चुका है। हालांकि, पहले भी दोनों पक्ष कई बार समझौते के करीब पहुंचे थे, लेकिन आखिरी समय में छोटी-छोटी बातों पर सहमति टूट गई थी। इससे पहले ट्रंप ने मंगलवार को अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में हमास को चेतावनी देते हुए कहा था- मुझे उम्मीद है कि हमास इस सौदे को स्वीकार कर लेगा, वरना उनके लिए हालात और खराब हो जाएंगे। 7 अक्तूबर 2023 को शुरू हुई इसराइल-हमास जंग में अब तक 56 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, जबकि लाखों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# अमेरिका से भारत तभी डील करेगा जब दोनों का होगा फायदा: गोयल

## कहा, भारत समयसीमा के आधार पर व्यापार समझौता नहीं करता

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अमेरिका से ट्रेड डील पर जारी बातचीत के बीच केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत समयसीमा के आधार पर व्यापार समझौता नहीं करता। गोयल ने कहा, 'भारत अमेरिका से ट्रेड डील तभी स्वीकार करेगा जब यह अंतिम रूप ले ले और देशहित में हो।' गोयल ने कहा कि भारत की अमेरिका के अलावा यूरोपीय यूनियन, न्यूजीलैंड, ओमान, चिली व पेरू सहित विभिन्न देशों से मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत जारी है। अमेरिका से अंतरिम ट्रेड डील के सवाल पर गोयल ने कहा, यह तभी होगा जब दोनों पक्षों का फायदा हो। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को भारत से आयात पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त जवाबी शुल्क लगाया था। हालांकि, इसे 90 दिन के लिए यानी 9 जुलाई तक टाल दिया गया। समयसीमा खत्म होने के पहले भारत और अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने लगे हैं। (अनंत ज्ञान)

**ट्रंप की टैरिफ समयसीमा के आगे मोदी झुक जाएंगे: राहुल**



**पीयूष** गोयल के बयान पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी टिप्पणी की है। उन्होंने शनिवार को एक्स पर लिखा कि पीयूष गोयल चाहे जितनी छाती पीट लें, मेरी बात पर ध्यान दीजिए, ट्रंप की टैरिफ समयसीमा के आगे मोदी झुक जाएंगे।

## पाकिस्तान में अरबों डॉलर का निवेश करेगा अजरबैजान

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अजरबैजान के बीच संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। अब दोनों देशों में एक समझौता हुआ है, जिसके तहत अजरबैजान, पाकिस्तान में दो अरब डॉलर का निवेश करेगा। यह निवेश पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था के विविध क्षेत्रों में किया जाएगा। समझौते पर हस्ताक्षर अजरबैजान के खानकेंदी में पाकिस्तान के डिप्टी पीएम इशाक डार और अजरबैजान के वित्त मंत्री मिकाइल जब्बारोव ने किए। इस दौरान अजरबैजान के राष्ट्रपति और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भी मौजूद रहे। अजरबैजान के राष्ट्रपति जल्द ही पाकिस्तान का दौरा करेंगे, जिसमें विस्तृत समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। बीते दिनों भारत के साथ पाकिस्तान का जो संघर्ष हुआ था, उसमें भी अजरबैजान ने पाकिस्तान की मदद की थी। (अनंत ज्ञान)

# सभी वक्फ संपत्तियों का होगा ऑनलाइन पंजीकरण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट रूल्स, 2025 का नोटिफिकेशन जारी किया है। ये नियम वक्फ संपत्तियों के पोर्टल और डेटाबेस, उनके पंजीकरण, ऑडिट और खातों के रखरखाव से जुड़े हैं। नए नियमों के तहत एक केंद्रीकृत पोर्टल और डेटाबेस बनाया गया है, जिसमें देशभर की वक्फ की पूरा रिकॉर्ड दर्ज होगा। इसमें वक्फ संपत्तियों की सूची अपलोड करना, नया पंजीकरण, वक्फ रजिस्टर का रखरखाव, खातों की जानकारी देना, ऑडिट रिपोर्ट प्रकाशित करना और बोर्ड के आदेशों को दर्ज करना शामिल है। वक्फ संपत्ति का प्रबंधक (मुतवल्ली) अपने मोबाइल नंबर और ई-मेल के जरिए ओटीपी से लॉगिन करके पोर्टल पर रजिस्टर करेगा। इसके बाद वक्फ और उसकी संपत्ति का विवरण अपलोड कर सकेगा। नई वक्फ संपत्ति को बनने के तीन महीने यानी 90 दिन के अंदर पोर्टल पर फॉर्म 4 में पंजीकरण कराना होगा। नए नियम वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के तहत बनाए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

**केंद्र सरकार ने जारी की नए नियमों की नोटिफिकेशन**

# अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से 24 लोगों की मौत



**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के टेक्सास राज्य में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद ग्वाडालूप नदी में आई बाढ़ से 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 लड़कियां लापता हो गई। अब तक 400 से ज्यादा लोगों को बचाया गया है। टेक्सास के गवर्नर डैन पैट्रिक ने बताया कि रेस्क्यू टीम काम कर रही है, जिसमें नौ बचाव दल, 14 हेलिकॉप्टर और 12 ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**23 लड़कियां लापता हेलिकॉप्टर से किया जा रहा रेस्क्यू**

कर्विल के पास कैंप मिस्टिक, जो एक लड़कियों का समर कैंप है, पूरी तरह बाढ़ में डूब गया। कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचाया गया है। कैंप में बिजली नहीं है और कई बच्चे अभी भी रेस्क्यू का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि कितने लोग लापता हैं, इसका सटीक आंकड़ा बताना मुश्किल है। (अनंत ज्ञान)

**अगले कुछ घंटों में और ज्यादा बारिश का खतरा**

**पूर्वानुमान** में बारिश की संभावना जताई गई थी और लगभग 30 हजार लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ घंटों में टेक्सास और तेज बारिश हो सकती है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा- हम बाढ़ से निपटने के लिए सभी जरूरी संसाधनों को इस्तेमाल कर रहे हैं। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, शुक्रवार देर रात और शनिवार सुबह कर्विल काउंटी में 5 से 10 इंच बारिश हुई, जिसकी वजह से टेक्सास में ग्वाडालूप नदी का जलस्तर कुछ ही घंटों में 7 फीट से बढ़कर 29 फीट हो गया।

**प्रोटेस्ट** प्रदर्शनकारियों ने की तोड़फोड़, 'टूरिस्ट मेक्सिको से बाहर जाओ' के लगाए नारे

# मेक्सिको में बढ़ते टूरिज्म के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन

**एजेंसी, मेक्सिको सिटी**



मेक्सिको सिटी के कई शहरों में शुक्रवार को टूरिज्म और जेंट्रीफिकेशन (शहरीकरण) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ। कोंडेसा और रोमा जैसे टूरिस्ट एरिया में शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुआ प्रदर्शन बाद में हिंसक हो गया। कुछ नकाबपोश प्रदर्शनकारियों ने कई दुकानों में लूटपाट, तोड़फोड़ और आगजनी की। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने 'टूरिस्ट मेक्सिको से बाहर जाओ', 'हमारे घर चुराना बंद करो' जैसे नारे लगाए।

प्रदर्शनकारियों ने शहर में टूरिज्म को कंट्रोल करने और आवास नियमों को सख्त करने की मांग की। बाद में प्रदर्शनकारी अमेरिकी दूतावास के बाहर पहुंचे और शहर की मेट्रो में नारेबाजी की। पुलिस ने दूतावास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी, और शहर में चेतावनी के लिए सायरन बजाय गए। (अनंत ज्ञान)

**स्थानीय लोगों को बेदखल कर रहा बढ़ता टूरिज्म**

**मेक्सिको** में 2020 से अमेरिकी टूरिस्ट काफी बढ़े हैं, जिनके आने से यहां घरों के किराये में काफी बढ़ गए हैं, जिससे स्थानीय लोग अपने ही इलाकों से बेदखल हो रहे हैं। अमेरिकी कम किराये और मेक्सिको संस्कृति से आकर्षित हुए। इससे स्थानीय संस्कृति और सामुदायिक संरचना पर दबाव पड़ा। विदेशी पर्यटकों और प्रवासियों की वजह से शॉर्ट-टर्म रेंटल प्लेटफॉर्म्स की मांग बढ़ी। इसके कारण किराया आसमान छूने लगा, जिससे स्थानीय लोग बेदखल हो रहे हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### आत्मनिर्भर बना प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिला के गांव बवानिया से निकली 'प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह' की कहानी आज पूरे प्रदेश और देश की महिलाओं के लिए एक अमर प्रेरणा बन चुकी है। यह कहानी है बनारसी देवी और उनके समूह की उन मेहनती महिलाओं की है जिन्होंने अपने सामूहिक प्रयास, अटूट विश्वास और हरियाणा सरकार की दूरदर्शी नीतियों के सहयोग से आत्मनिर्भरता की एक नई इबारत लिखी है। आज यह समूह न केवल 300 से अधिक महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार दे रहा है बल्कि उनके द्वारा निर्मित उत्पादों की ख्याति देश की सीमाओं को लांघकर अमेरिका और जापान जैसे दूर देशों तक पहुंच चुकी है। इस स्वयं सहायता समूह की यात्रा वर्ष 2001 में शुरू हुई जब बनारसी देवी ने अपने गांव की महिलाओं को संगठित कर आत्मनिर्भर बनने का सपना देखा। इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने प्रगतिशील टैगोर स्वयं सहायता समूह की नींव रखी। वर्ष 2005 में इस समूह की विकास यात्रा ने गति पकड़ी। इसके बाद वर्ष 2017 में उन्होंने गांव की महिलाओं को अचार बनाने का कौशल सिखाया। इस शुरुआती सफलता से उत्साहित होकर समूह की महिलाओं को करनाल स्थित बागवानी प्रशिक्षण संस्थान में उन्नत प्रशिक्षण के लिए भेजा गया जहां उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता और पैकेजिंग के गुर सीखे। हरियाणा सरकार के 'राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन' का सहयोग समूह के लिए एक गेम-चेंजर साबित हुआ। समूह ने हरियाणा और राजस्थान में समय-समय पर प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन कर 100 से अधिक महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने का मार्गदर्शन दिया है। महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सैनी द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है। इस समूह में प्रधान भागवंती, सचिव कृष्णा देवी, कोषाध्यक्ष रेखा देवी, चलती, माया, सविता, मंजू, राजबाला, सुमन, सुषमा, रेनू यादव, गायत्री, सविता, रेनू देवी, संतोष, ललिता देवी जैसी कई सशक्त महिलाएं महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

### 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की स्थापना पर 4 वर्ष पूर्ण होने पर एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में राजेष जोगपाल, आईएएस द्वारा मुख्यातिथि के तौर पर भाग लिया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्यातिथि द्वारा संस्थान के प्रांगण में भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई पहल 'एक पेड़ मां के नाम' के अंतर्गत पौधरोपण करके किया गया। संस्थान द्वारा आयोजित की गई इस वॉकथॉन में संस्थान के अंतर्गत विभिन्न राज्यों की सहकारी समितियों, विभागों, बैंकों आदि के प्रतिनिधियों एवं संस्थान में संचालित किए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों के लगभग 300 छात्रों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। यह आयोजन संस्थान और सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के प्रयासों का प्रतीक रहा जिसमें सभी सहभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सहकारिता के संदेष को समाज में फैलाने का संकल्प लिया ।

### दो स्कूलों में सीएम फ्लाइंग का छापा, मिली अनियमितताएं

**अनंत ज्ञान, हिसार।** सीएम फ्लाइंग की टीम ने अग्रोहा क्षेत्र के गांव मीरपुर स्थित राजकीय माध्यमिक स्कूल व राजकीय प्राथमिक स्कूल में छापेमारी की। छापे के दौरान टीम ने स्कूलों में ग्रांट के उपयोग, मिड-डे मील, इको क्लब ग्रांट और अन्य रिकॉर्ड की जांच की। पता चला है कि जांच के दौरान सीएम फ्लाइंग ने कई तरह की अनियमितताएं पकड़ी है। मिली जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग टीम ने शनिवार को इंचार्ज सुनैना के नेतृत्व में यह छापामार कार्रवाई की। इसमें शिक्षा विभाग के चेकिंग अधिकारी के रूप में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दड़ोली के प्रिंसिपल प्रकाश चंद्र, बीईओ अग्रोहा के क्लर्क वीरेंद्र, एएसआई सुरेंद्र कुमार और एचसी विजय शामिल रहे। सुनैना ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि मीरपुर गांव के दोनों स्कूलों में ग्रांट के दुरुपयोग और अनियमितताओं की शिकायतें हैं। इस सूचना के आधार पर टीम ने दोनों स्कूलों में रेड की और रिकॉर्ड्स की गहन जांच की। सीएम फ्लाइंग की इंचार्ज सुनैना ने बताया कि जांच के दौरान राजकीय माध्यमिक स्कूल में मुख्याध्यापक अनिल कुमार की मौजूदगी में कई खामियां पाई गईं। इंचार्ज सुनैना ने बताया कि स्कूल में दी गई ग्रांट के कई बिल वेरिफाइड नहीं थे। विशेष रूप से, छत की मरम्मत के लिए निकाले गए ग्रांट में मजदूरों की दिहाड़ी के बिल गायब थे। इसके अलावा, इको क्लब ग्रांट की कोटेशन खाली पाई गई और कैश बुक व प्रॉपर्टी रजिस्टर लंबे समय से अपडेट नहीं किए गए थे।

# नूंह में बकाया मुआवजा राशि न मिलने पर भड़के किसान

## पिछले करीब डेढ़ साल से मुआवजे की मांग को लेकर धरनारत हैं किसान

**अनंत ज्ञान, नूंह**



जमीन अधिग्रहण का पूरा मुआवजा नहीं मिलने की सूरत में नूंह जिला के रोजका मेव में आईएमटी के निर्माण को रुकवाने का निर्णय किसानों ने लिया है। इसे लेकर शनिवार को महापंचायत बुलाई गई थी। स्थिति को भांपते हुए वहां पर भारी संख्या में पुलिस बस तैनात किया गया। साथ ही किसानों की गिरफ्तारी के लिए बसें भी मौके पर मंगवाई गई। जब तक महापंचायत चली, माहौल तनावपूर्ण रहा। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद सहित कई किसान नेताओं ने यहां शिरकत की।

किसानों की मांग के समर्थन में पहुंचे किसान नेता रवि आजाद बोले, सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही है। जब मुआवजा राशि के लिए सरकार ने किसानों से एफिडेविट तक ले लिए, तो फिर मुआवजा की बकाया राशि क्यों नहीं दी। आश्वासन देने के बाद भी प्रशासन ने सरकार के साथ किसानों की मुलाकात नहीं कराई। 11 मार्च 2024 को भी इसी तरह का माहौल यहां बना था। उस समय 54 महिलाओं समेत 107 किसानों को पुलिस ने हिरासत में लिया था। अब किसान अपनी मांग को लेकर शांत नहीं बैठेंगे। रोजका मेव आईएमटी के निर्माण के लिए सरकार की ओर से नूंह जिला के नौ गांवों के किसानों की 1600 एकड़ जमीन का अधिग्रहण वर्ष 2010 में किया गया था। उस समय सरकार द्वारा किसानों को प्रति एकड़ 25 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया था। सरकार ने बाद में फरीदाबाद जिला के चंदावली, मच्छगर गांवों की जमीन का भी अधिग्रहण किया। वहां के किसानों ने अदालत की शरण लेते हुए कहा कि उनकी जमीन को सरकार ने सस्ते रेट में लिया है। इसलिए उनका मुआवजा बढ़ाया जाए। किसानों के पक्ष में फैसला देते हुए कोर्ट ने प्रति एकड़ दो करोड़ की राशि देने के सरकार को आदेश दिए थे। इन आदेशों के बारे में जब नूंह जिला के किसानों को पता चला तो उन्होंने भी मुआवजा राशि को लेकर असंतुष्टि जाहिर करते हुए इसे बढ़ाने की मांग की। इसके लिए आंदोलन शुरू किया। किसानों ने सरकार पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें आज तक वे 25-25 लाख रुपए नहीं दिए गए हैं।

**स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल किया तैनात**

# कटारिया ने पौधा लगाकर की पौधरोपण अभियान की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




वार्ड नंबर 24 में शनिवार को पौधरोपण अभियान चलाया गया। सेक्टर-36 के फ्रैगरेंस गार्डन में आयोजित इस पौधरोपण अभियान के तहत चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने पौधा रोपित कर इसकी शुरुआत की। इस अवसर पर होम सेक्रेटरी मनदीप बराड़, निगम आयुक्त अमित कुमार, स्पेशल कमिश्नर प्रदीप कुमार और चंडीगढ़ नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर और वार्ड पार्षद जसबीर सिंह बंटी सहित एमओएच इंद्रदीप कौर और स्कूल प्रिंसिपल कुलदीप कौर भी उपस्थित थे। वहीं, इस दौरान वार्ड की आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी, प्रशासन व निगम अधिकारियों सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। अभियान की शुरुआत के तहत कुल-मिलाकर 1200 पौधे लगाए गए।

पौधारोपण अभियान के अंतर्गत वार्ड के अधीन आते सेक्टर-53 और 54 के गवर्नमेंट स्कूल्स में भी पौधरोपण किया गया, जिसमें नगर निगम के सीनियर डिप्टी मेयर और वार्ड पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने पौधारोपण कर बच्चों को हमारी इंसानी जिंदगी में पेड़ पौधों की अहमियत से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम में बदलाव आया है। उसका मुख्य कारण प्रकृति से खिलवाड़ है। हम लोग पेड़-पौधों की जगह पर कंक्रीट की बस्तियों को बसाने में लगे हुए हैं। पेड़ पौधों की संभाल न कर इन्हें खत्म करने पर तुले हुए हैं। ऐसा ही रहा तो हम ताजी हवा में सांस लेने को तरस जाएंगे। इस मौके बच्चों ने प्रण लिया कि वह स्कूल में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे। हम मिलकर पौधे लगाएंगे और उनकी अच्छे से देखभाल भी करेंगे।

# यूज्ड पीईटी बोटल-फ्री पुरी रथ यात्रा-2025' लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



कचरा प्रबंधन को लेकर साझा प्रयास के तहत कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन आनंदना ने पुरी, ओडिशा में 'यूज्ड पीईटी बोटल-फ्री पुरी रथ यात्रा-2025' पहल लॉन्च की। यह पहल हिंदुस्तान कोका-कोला बेवरेजेस (एचसीसीबी), पुरी नगर निगम, जिला प्रशासन (पुरी), ओडिशा डेवलपमेंट मैनेजमेंट प्रोग्राम (ओडीएमपी) और वाई4डी फाउंडेशन के साथ मिलकर की गई है।

इस पहल की शुरुआत दिगाबरेनी स्क्वायर से स्वर्गद्वार तक पीईटी बोटल क्लीन-अप अभियान के साथ की गई। इस दौरान ओडिशा सरकार के माननीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री गणेश राम सिंह खुंटिया, ओडिशा विधानसभा के पूर्व सदस्य जयंत कुमार सारंगी और पुरी नगर निगम के कार्यकारी अधिकारी अभिमन्यु बेहेरा उपस्थित रहे। मैदान साफ अभियान के तहत करीब 200 वॉलंटियर्स ने हिस्सा लिया। उन्होंने यूज्ड पीईटी बोतलों को एकत्र किया और आगंतुकों के बीच जिम्मेदारी से कचरा प्रबंधन की प्रक्रियाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाई। शहर की ज्यादा भीड़भाड़ वाली जगहों पर 200 से ज्यादा पीईटी कलेक्शन बिन्स लगाई गईं। इनके अतिरिक्त रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों पर 10 हेल्प डेस्क भी स्थापित की गईं। उन्होंने आगंतुकों को इको-फ्रेंडली डिस्पोजल प्रैक्टिस के बारे में जानकारी प्रदान की।

# यमुनानगर: कृषि विभाग ने गोदाम से यूरिया खाद के 450 अवैध बैग पकड़े

**अनंत ज्ञान, यमुनानगर।** जिला कृषि विभाग व पुलिस ने थाना बुडिया के गांव बीबीपुर व कनालसी के बीच एक गोदाम में छापा मारा और वहां रखे अवैध 450 बैग यूरिया खाद को जप्त कर गोदाम को सील कर दिया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी। जिला कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर आदित्य डबास ने शनिवार को बताया कि गांव बीबीपुर और कनालसी के बीच स्थित एक गोदाम में कृषि में इस्तेमाल करने वाला यूरिया का अवैध रूप से भंडारण और आपूर्ति किए जाने का मामला सामने आया है।

थाना बुडिया व उपमंडल कृषि अधिकारी अजय कुमार ने मौके पर निरीक्षण किया तो पाया गया कि एक संगठित गिरोह द्वारा यह अवैध कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा था। गोदाम से 450 बैग (प्रत्येक 45 किलोग्राम) यूरिया बरामद किया गया। जिसे नैशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड, भटिंडा द्वारा उत्पादित किया गया था। यह यूरिया बिना वैध लाइसेंस के रखा गया था और इसका उपयोग प्लाईवुड उद्योगों में किए जाने के उद्देश्य से किया जा रहा था, जो कि केवल कृषि कार्यों के लिए अनुमोदित है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मुख्यमंत्री धामी ने बाल संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों से किया सीधा संवाद

**अनंत ज्ञान, देहरादून**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को पर्यटक आवास गृह, टनकपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चम्पावत जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से बाल संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत सीधा संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में खेल गतिविधियों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करना तथा खिलाड़ियों से उनकी आवश्यकताओं और सुझावों पर चर्चा करना रहा।

मुख्यमंत्री ने चम्पावत के गौरव, पाटी की प्रीति, टनकपुर की कंचन, चौमेल के सागर एवं चम्पावत की मोनिका से बातचीत कर खेल सुविधाओं, संसाधनों और प्रशिक्षण संबंधी जानकारी ली। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना से नियमित लाभान्वित हो रहे हैं, जिससे उनके खेल कौशल को संवारने में मदद मिल रही है।

मुख्यमंत्री धामी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे पढ़ाई के साथ खेलों को भी बराबर महत्व दें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड केवल देवभूमि नहीं, बल्कि खेलभूमि के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने युवाओं को अमृतकाल का सारथी बताते हुए अनुशासन, समय प्रबंधन और कठिन परिश्रम के महत्व पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को सशक्त मंच देने और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### ट्रंप ने बिग ब्यूटीफुल बिल पर किए साइन

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैक्स और खर्च में कटौती



करने वाले बिग ब्यूटीफुल बिल पर साइन कर दिए हैं। इसके साथ ही यह बिल अब कानून बन गया है। इस बिल पर साइन करने के लिए खास सेरेमनी का आयोजन किया गया। यह बिल 4 जुलाई को अमेरिकी संसद के निचले सदन (हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स) से पास हुआ। बिल के सपोर्ट में 218, जबकि विरोध में 214 लोगों ने वोट डाला। ट्रंप की ही पार्टी के दो सांसद थॉमस मैसी और ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने इस बिल के खिलाफ वोट दिया था। इसी बिल को लेकर ट्रंप और एलन मस्क ने एक-दूसरे के खिलाफ तीखी बयानबाजी की थी। यह बिल 3 दिन पहले ही अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में 50-51 के मामूली अंतर से पास हुआ था। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस बिल को लेकर निर्णायक वोट डाला था। (अनंत ज्ञान)

### बिजनेसमैन गोपाल खेमका की पटना में हत्या

**एजेंसी, पटना।** बिहार में शुक्रवार रात साढ़े 11 बजे बिजनेसमैन गोपाल खेमका की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में शनिवार को पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों की माने तो मर्डर शूटर से कराया गया था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। आईजी जितेंद्र राणा ने बताया कि हत्याकांड के कई पहलू सामने आए हैं। जिस पर जांच हो रही है। शूटर ने गोली मारी है। उसके साथ कुछ लाइजनर भी थे। शूटर से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। शूटर और शूटर को भेजने वालों की जानकारी मिल चुकी है। हत्या क्यों की गई ये भी लगभग सामने आ चुका है। जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी होगी। कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं, बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा भी परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन पर खेमका का मां का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कहा कि मेरा बेटा भी भाजपा में था। मुझे इंसाफ चाहिए। (अनंत ज्ञान)



### हमास सीजफायर प्रस्ताव पर बातचीत को तैयार

**एजेंसी, गाजा।** फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने शनिवार को कहा वो इसराइल के साथ 60 दिन के युद्धविराम प्रस्ताव पर तुरंत बातचीत के लिए तैयार है। यह प्रस्ताव कतर की तरफ से दिया गया था। इसराइल बुधवार को ही इस युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी दे चुका है। हालांकि, पहले भी दोनों पक्ष कई बार समझौते के करीब पहुंचे थे, लेकिन आखिरी समय में छोटी-छोटी बातों पर सहमति टूट गई थी। इससे पहले ट्रंप ने मंगलवार को अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में हमास को चेतावनी देते हुए कहा था- मुझे उम्मीद है कि हमास इस सौदे को स्वीकार कर लेगा, वरना उनके लिए हालात और खराब हो जाएंगे। 7 अक्तूबर 2023 को शुरू हुई इसराइल-हमास जंग में अब तक 56 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, जबकि लाखों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# अमेरिका से भारत तभी डील करेगा जब दोनों का होगा फायदा: गोयल

## कहा, भारत समयसीमा के आधार पर व्यापार समझौता नहीं करता

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अमेरिका से ट्रेड डील पर जारी बातचीत के बीच केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत समयसीमा के आधार पर व्यापार समझौता नहीं करता। गोयल ने कहा, 'भारत अमेरिका से ट्रेड डील तभी स्वीकार करेगा जब यह अंतिम रूप ले ले और देशहित में हो।' गोयल ने कहा कि भारत की अमेरिका के अलावा यूरोपीय यूनियन, न्यूजीलैंड, ओमान, चिली व पेरू सहित विभिन्न देशों से मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत जारी है। अमेरिका से अंतरिम ट्रेड डील के सवाल पर गोयल ने कहा, यह तभी होगा जब दोनों पक्षों का फायदा हो। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को भारत से आयात पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त जवाबी शुल्क लगाया था। हालांकि, इसे 90 दिन के लिए यानी 9 जुलाई तक टाल दिया गया। समयसीमा खत्म होने के पहले भारत और अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने लगे हैं। (अनंत ज्ञान)

**ट्रंप की टैरिफ समयसीमा के आगे मोदी झुक जाएंगे: राहुल**



**पीयूष** गोयल के बयान पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी टिप्पणी की है। उन्होंने शनिवार को एक्स पर लिखा कि पीयूष गोयल चाहे जितनी छाती पीट लें, मेरी बात पर ध्यान दीजिए, ट्रंप की टैरिफ समयसीमा के आगे मोदी झुक जाएंगे।

# पाकिस्तान में अरबों डॉलर का निवेश करेगा अजरबैजान

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अजरबैजान के बीच संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। अब दोनों देशों में एक समझौता हुआ है, जिसके तहत अजरबैजान, पाकिस्तान में दो अरब डॉलर का निवेश करेगा। यह निवेश पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था के विविध क्षेत्रों में किया जाएगा। समझौते पर हस्ताक्षर अजरबैजान के खानकेंदी में पाकिस्तान के डिप्टी पीएम इशाक डार और अजरबैजान के वित्त मंत्री मिकाइल जब्बारोव ने किए। इस दौरान अजरबैजान के राष्ट्रपति और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भी मौजूद रहे। अजरबैजान के राष्ट्रपति जल्द ही पाकिस्तान का दौरा करेंगे, जिसमें विस्तृत समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। बीते दिनों भारत के साथ पाकिस्तान का जो संघर्ष हुआ था, उसमें भी अजरबैजान ने पाकिस्तान की मदद की थी। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से 24 लोगों की मौत



**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका के टेक्सास राज्य में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद ग्वाडालूप नदी में आई बाढ़ से 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 लड़कियां लापता हो गई। अब तक 400 से ज्यादा लोगों को बचाया गया है। टेक्सास के गवर्नर डैन पैट्रिक ने बताया कि रेस्क्यू टीम काम कर रही है, जिसमें नौ बचाव दल, 14 हेलिकॉप्टर और 12 ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**23 लड़कियां लापता हेलिकॉप्टर से किया जा रहा रेस्क्यू**

कर्विल के पास कैंप मिस्टिक, जो एक लड़कियों का समर कैंप है, पूरी तरह बाढ़ में डूब गया। कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचाया गया है। कैंप में बिजली नहीं है और कई बच्चे अभी भी रेस्क्यू का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि कितने लोग लापता हैं, इसका सटीक आंकड़ा बताना मुश्किल है। (अनंत ज्ञान)

**अगले कुछ घंटों में और ज्यादा बारिश का खतरा**

**पूर्वानुमान** में बारिश की संभावना जताई गई थी और लगभग 30 हजार लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ घंटों में टेक्सास और तेज बारिश हो सकती है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा- हम बाढ़ से निपटने के लिए सभी जरूरी संसाधनों को इस्तेमाल कर रहे हैं। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, शुक्रवार देर रात और शनिवार सुबह कर्विल काउंटी में 5 से 10 इंच बारिश हुई, जिसकी वजह से टेक्सास में ग्वाडालूप नदी का जलस्तर कुछ ही घंटों में 7 फीट से बढ़कर 29 फीट हो गया।

# सभी वक्फ संपत्तियों का होगा ऑनलाइन पंजीकरण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट रूल्स, 2025 का नोटिफिकेशन जारी किया है। ये नियम वक्फ संपत्तियों के पोर्टल और डेटाबेस, उनके पंजीकरण, ऑडिट और खातों के रखरखाव से जुड़े हैं। नए नियमों के तहत एक केंद्रीकृत पोर्टल और डेटाबेस बनाया गया है, जिसमें देशभर की वक्फ की पूरा रिकॉर्ड दर्ज होगा। इसमें वक्फ संपत्तियों की सूची अपलोड करना, नया पंजीकरण, वक्फ रजिस्टर का रखरखाव, खातों की जानकारी देना, ऑडिट रिपोर्ट प्रकाशित करना और बोर्ड के आदेशों को दर्ज करना शामिल है। वक्फ संपत्ति का प्रबंधक (मुतवल्ली) अपने मोबाइल नंबर और ई-मेल के जरिए ओटीपी से लॉगिन करके पोर्टल पर रजिस्टर करेगा। इसके बाद वक्फ और उसकी संपत्ति का विवरण अपलोड कर सकेगा। नई वक्फ संपत्ति को बनने के तीन महीने यानी 90 दिन के अंदर पोर्टल पर फॉर्म 4 में पंजीकरण कराना होगा। नए नियम वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के तहत बनाए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

**केंद्र सरकार ने जारी की नए नियमों की नोटिफिकेशन**

## प्रोटेस्ट

## प्रदर्शनकारियों ने की तोड़फोड़, 'टूरिस्ट मेक्सिको से बाहर जाओ' के लगाए नारे

# मेक्सिको में बढ़ते टूरिज्म के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन

**एजेंसी, मेक्सिको सिटी**



मेक्सिको सिटी के कई शहरों में शुक्रवार को टूरिज्म और जेंट्रीफिकेशन (शहरीकरण) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ। कोंडेसा और रोमा जैसे टूरिस्ट एरिया में शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुआ प्रदर्शन बाद में हिंसक हो गया। कुछ नकाबपोश प्रदर्शनकारियों ने कई दुकानों में लूटपाट, तोड़फोड़ और आगजनी की। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने 'टूरिस्ट मेक्सिको से बाहर जाओ', 'हमारे घर चुराना बंद करो' जैसे नारे लगाए।

प्रदर्शनकारियों ने शहर में टूरिज्म को कंट्रोल करने और आवास नियमों को सख्त करने की मांग की। बाद में प्रदर्शनकारी अमेरिकी दूतावास के बाहर पहुंचे और शहर की मेट्रो में नारेबाजी की। पुलिस ने दूतावास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी, और शहर में चेतावनी के लिए सायरन बजाय गए। (अनंत ज्ञान)

**स्थानीय लोगों को बेदखल कर रहा बढ़ता टूरिज्म**

**मेक्सिको** में 2020 से अमेरिकी टूरिस्ट काफी बढ़े हैं, जिनके आने से यहां घरों के किराये में काफी बढ़ गए हैं, जिससे स्थानीय लोग अपने ही इलाकों से बेदखल हो रहे हैं। अमेरिकी कम किराये और मेक्सिको संस्कृति से आकर्षित हुए। इससे स्थानीय संस्कृति और सामुदायिक संरचना पर दबाव पड़ा। विदेशी पर्यटकों और प्रवासियों की वजह से शॉर्ट-टर्म रेंटल प्लेटफॉर्म्स की मांग बढ़ी। इसके कारण किराया आसमान छूने लगा, जिससे स्थानीय लोग बेदखल हो रहे हैं।



## स्पोर्ट्स विंडो

### पाल्मेरास को हराकर चेल्सी क्लब विश्व कप के सेमीफाइनल में



**एजेंसी, फिलाडेल्फिया।** चेल्सी ने मालो गुस्टो के 83वें मिनट में लगाए गए शॉट पर आत्मघाती गोल होने से पाल्मेरास को 2-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली। कोल पामर ने शुक्रवार की रात को खेले गए मैच में 16वें मिनट में गोल करके चेल्सी को बढ़त दिला दी, लेकिन 18 वर्षीय एस्टेवाओ ने 53वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। शॉर्ट कॉर्नर किक के बाद गुस्टो का शॉट डिफेंडर अगस्टिन गिया और गोलकीपर वेवर्टन से टकराकर गोल में चला गया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। फीफा ने इसे वेवर्टन का आत्मघाती गोल करार दिया। चेल्सी सेमीफाइनल में मंगलवार को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी में फ्लूमिनेंस का सामना करेगा। (अनंत ज्ञान)

### भारत-ए के कप्तान संजय बोले- यूरोप दौरे से तैयार होगी बेंच स्ट्रेंथ

**एजेंसी, बेंगलुरु।** भारत-ए पुरुष हॉकी टीम के कप्तान संजय का मानना है कि यूरोप के आगामी दौरे में खिलाड़ियों को खुद को परखने का मौका मिलेगा और इससे सीनियर टीम के लिए अच्छी बेंच स्ट्रेंथ तैयार करने में मदद मिलेगी। भारत-ए' पुरुष टीम आठ से 20 जुलाई तक होने वाले दौरे के लिए शनिवार सुबह नीदरलैंड्स के आइंडहोवन के लिए रवाना हुई। संजय ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''इस दौरे से हमें अपने मजबूत और कमजोर पक्षों को समझने का मौका मिलेगा। हमारे पास अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। इससे हमें यह आकलन करने का मौका मिलेगा कि हमारे खिलाड़ी किस स्थिति में हैं।'' उन्होंने कहा, ''इस तरह के अंतरराष्ट्रीय अनुभव से हमें टीम को मजबूत बनाने और सीनियर टीम के लिए अच्छी बेंच स्ट्रेंथ तैयार करने में मदद मिलेगी।'' भारतीय टीम अपने इस दौरे में यूरोप के तीन शहरों में कुल आठ मैच खेलेगी। वह आयरलैंड, फ्रांस और नीदरलैंड्स के खिलाफ आइंडहोवन में दो-दो मैच, जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ क्रमशः एम्सटेलवीन (नीदरलैंड्स) और एंटवर्प (बेल्जियम) में एक-एक मैच खेलेगी। (अनंत ज्ञान)



### जैसिम लॉरा का हॉट स्टाइल

**वेस्टइंडीज।** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार क्रिकेटर आंद्रे रसेल को फैंस काफी पसंद करते हैं, लेकिन रसेल की पत्नी जैसिम लॉरा भी काफी खूबसूरत और हॉट हैं। जैसिम को शॉपिंग, ट्रैवलिंग और पार्टी करना बेहद पसंद है। लॉरा के इंस्टाग्राम पर लगभग 4 लाख फॉलोअर्स हैं।



## भारत-इंग्लैंड दूसरा टेस्ट चौथा दिन
### एक टेस्ट में शतक और दोहरा शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय

# गिल की दोहरे शतक के बाद धमाकेदार सेंचुरी

**एजेंसी, बर्मिंघम**

बर्मिंघम टेस्ट में भारत ने दूसरी पारी में 4 विकेट खोकर 330 रन बना लिए हैं। टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड के खिलाफ भारत की लीड 484 रन हो गई है। कप्तान गिल ने पहली पारी में 269 रन बनाए थे। वे एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने सुनील गावस्कर के 344 रन का रिकॉर्ड तोड़ा है। गिल अब तक 380 से ज्यादा रन बना चुके हैं। पहली पारी में भारत 587 और इंग्लैंड 407 रन पर ऑलआउट हुआ। भारत को पहली पारी में 180 रन की बढ़त मिली थी। चौथे दिन टीम इंडिया ने शनिवार सुबह 64/1 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ओपनर बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने अच्छी शुरुआत की। जायसवाल 22 गेंदों में 28 रन बनाकर पगबाधा आउट हो गए। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए करुण नायर ने राहुल के साथ पारी को संभाला और वह भी 46 गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें कार्स ने स्मिथ के हाथों कैच करवाया। उसके बाद कप्तान गिल ने राहुल के साथ अच्छी साझेदारी की। राहुल ने 84 गेंदों में 55 रन बनाए। उन्हें जोश टंग ने बोल्ड किया। उसके बाद ऋषभ पंत ने भी अच्छी बल्लेबाजी की और 58 गेंदों में 65 रन बनाकर आउट हो गए। समाचार लिखे जाने तक भारत ने 70 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 330 रन बना लिए थे। कप्तान गिल (117) और रवींद्र जडेजा (33) रन बनाकर खेल रहे थे। (अनंत ज्ञान)



शॉट खेलता भारतीय कप्तान शुभमन गिल।

### भारत के खिलाफ टी20 मैचों से इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट बाहर

**एजेंसी, मैनचेस्टर।** इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान नैट सिवर-ब्रंट शनिवार को भारतीय महिला टीम के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के शेष दो मैचों से चोटिल होने के कारण बाहर हो गईं। इंग्लैंड टीम प्रबंधन ने बताया कि टैमी ब्यूमोंट सीरीज के बाकी दोनों मैचों में टीम की कमान संभालेंगी। ब्यूमोंट ने ब्रिस्टल में तीसरे मैच के दौरान भी सिवर-ब्रंट के मैदान से बाहर रहने के दौरान टीम की अगुवाई की थी। सिवर ब्रंट की जगह टीम में शीर्ष क्रम की बल्लेबाज माइया बाउचियर को शामिल किया गया है। ईसीबी से जारी बयान के मुताबिक, ''स्कैन (जांच) से पता चला है कि ब्रिस्टल में लगी चोट के कारण नैट सिवर-ब्रंट भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के शेष मैचों को नहीं खेल पाएंगी।'' सिवर-ब्रंट के तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए फिट होने की उम्मीद है। ईसीबी के मुताबिक, ''उनकी अनुपस्थिति में टैमी ब्यूमोंट कप्तानी करना जारी रखेंगी। सिवर-ब्रंट की जगह माइया बाउचियर को टीम में शामिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## मैं शतक बनाने के लिए था बेताब : हैरी ब्रूक

**एजेंसी, बर्मिंघम**

इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने कहा कि वह भारत के खिलाफ यहां चल रहे दूसरे टेस्ट में शतक बनाने के लिए बेताब थे, क्योंकि लीड्स में पहले मैच में अपनी टीम की पांच विकेट की जीत के दौरान वह दूसरी पारी में खाता भी नहीं खोल पाए थे।

दूसरे टेस्ट मैच में भारत के पहली पारी के 587 रन के जवाब में जब इंग्लैंड की टीम 84 रन पर पांच विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, तब ब्रूक (158) और जेमी स्मिथ (184) ने 303 रन की साझेदारी करके उसे संकट से उबारा। ब्रूक ने कहा, ''मैं पहले टेस्ट की दूसरी पारी में खाता भी नहीं खोल पाया था और इसलिए मैं अच्छी शुरुआत करना चाहता था।''



इंग्लैंड का यह युवा बल्लेबाज पहले टेस्ट की पहली पारी में 99 रन पर आउट होने के बाद शतक से चूक गया था। उन्होंने कहा, ''मैं आज निश्चित रूप से शतक बनाने के लिए बेताब था। जाहिर है कि खेल की स्थिति को देखते हुए हम पीछे थे और स्मज (स्मिथ) के साथ मिलकर लय को अपने पक्ष में लाने का प्रयास करते हुए बड़ी साझेदारी निभाकर अच्छा लगा।''

मैच में अब भी भारत का पलड़ा भारी है। ब्रूक ने कहा, ''हम अभी वापसी करने में सक्षम हैं और उम्मीद है कि हम इसमें सफल रहेंगे। अगर मैं आउट नहीं होता तो स्थिति अच्छी होती, लेकिन हमने पहले टेस्ट मैच में देखा की स्थिति किस तरह से बदल जाती है।'' (अनंत ज्ञान)

## सिराज बोले-घोड़े की तरह है गेंदबाज आकाशदीप



**एजेंसी, बर्मिंघम**

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में छह विकेट लेने वाले भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इसका श्रेय साथी तेज गेंदबाज आकाशदीप को दिया और बंगाल के इस तेज गेंदबाज को घोड़े की संज्ञा देते हुए कहा कि वह केवल मौके का इंतजार कर रहा था।



सिराज ने 70 रन देकर छह विकेट, जबकि आकाशदीप ने 88 रन देकर चार विकेट लिए। इन दोनों ने एक-दूसरे का अच्छी तरह से साथ दिया, जिससे भारत ने इंग्लैंड को 407 रन पर आउट करके पहली पारी में 180 रन की मजबूत बढ़त हासिल की। भारत ने अपनी पहली पारी में 587 रन बनाए थे। सिराज ने कहा, ''आकाशदीप घोड़े की तरह है। वह मौके का इंतजार कर रहा था और जब उसे मौका मिला तो उसने दिखा दिया कि वह कितना बेताब था। ईमानदारी से कहूं तो मुझे उसके साथ गेंदबाजी करने में काफी मजा आया।'' उन्होंने कहा, ''मुझे जब जिम्मेदारी दी जाती है तो मैं खुश रहता हूं। मेरा एकमात्र लक्ष्य अपनी तरफ से रन नहीं देना था। मैंने हरसंभव नियंत्रण के साथ गेंदबाजी करने और बल्लेबाजों को दबाव में रखने की कोशिश की।''

जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिए जाने के कारण अंतिम एकादश में जगह बनाने वाले आकाशदीप ने भी सिराज को श्रेय दिया और कहा कि उन्हें उनके साथ नई गेंद साझा करने में बहुत मजा आया।

आकाशदीप ने कहा, ''पहली नई गेंद से मुझे दो विकेट मिले लेकिन मियां (सिराज) ने बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने एक छोर से दबाव बनाए रखा।'' उन्होंने कहा, ''सिराज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमने नई गेंद के साथ गेंदबाजी करके एक दूसरे का अच्छा साथ दिया। इसमें बड़ा मजा आया। जिस तरह से हमने दूसरी नई गेंद के साथ वापसी की वह विशेष था। ''आकाशदीप पहली बार पांच विकेट लेने से चूक गए, लेकिन उन्हें इसका कोई अफसोस नहीं है। उन्होंने कहा, ''पांच विकेट लेने का भविष्य में भी मौका मिलेगा। मैं कभी इन चीजों के बारे में नहीं सोचता।'' (अनंत ज्ञान)

## आयरिश ओपन : दीक्षा कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय

**किल्डारे (आयरलैंड)।** दीक्षा डागर दूसरे दौर में 73 का स्कोर बनाकर यहां केपीएमजी महिला आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी रहीं। दीक्षा पहले दो दौर के बाद संयुक्त 56वें स्थान पर थीं। यह लगातार 11वां मौका था जबकि उन्होंने किसी टूर्नामेंट के कट में जगह बनाई। इससे उनके प्रदर्शन में निरंतरता का पता चलता है। आयरिश ओपन में भाग लेने वाली भारत की अन्य तीन खिलाड़ी कट में जगह बनाने में असफल रहीं। इन खिलाड़ियों में अवनि प्रशांत (74) एक स्ट्रोक से चूक गई और त्वेसा मलिक (78) और हिताशी बख्शी (83) काफी पीछे रहीं।



### शर्मा, अहलावत जर्मनी में कट से चूके





**एजेंसी, म्यूनिख।** भारत के शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत गोल्फ क्लब म्यूनिख ईचेनरीड में बीएमडब्ल्यू इंटरनेशनल ओपन में कट से चूक गए हैं। शर्मा ने दो राउंड में 74-68 के साथ कुल दो अंडर का स्कोर बनाया, लेकिन एक शॉट से कट में जगह नहीं बना पाए। अहलावत ने भी इतना ही स्कोर बनाया और वह भी एक शॉट से कट से चूक गए। यह लगातार सातवां टूर्नामेंट है, जिसमें शर्मा कट में जगह बनाने में नाकाम रहे। अहलावत पिछले छह टूर्नामेंट में तीसरी बार कट में जगह नहीं बना पाए। इस बीच डेविस ब्रायंट ने 63 का शानदार नौ अंडर पार स्कोर बनाकर दो शॉट की बढ़त बना ली।

### भुल्लर-अजीतेश ने कट में बनाई जगह

**एजेंसी, रबात (मोरक्को)।** भारतीय खिलाड़ियों में गगनजीत भुल्लर और अजीतेश संधू ही 20 लाख डॉलर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को में कट में जगह बना पाए, जबकि नौ अन्य खिलाड़ी आधे चरण में ही बाहर हो गए। एशियाई टूर पर सबसे सफल भारतीय गोल्फ खिलाड़ी भुल्लर ने अपने शुरुआती राउंड में 72 के बाद पार 73 का कार्ड बनाया और 36 होल के बाद उनका स्कोर एक अंडर 145 है, जिससे वह पार-73 रॉयल गोल्फ डार एस सलाम कोर्स पर संयुक्त 36वें स्थान पर हैं। संधू ने पहले दो राउंड में 74 और 73 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर एक ओवर हो गया और वह संयुक्त 61वें स्थान पर पहुंच गए। कट एक ओवर पर ही गया।





## सबालेंका ने स्थानीय दावेदार राडुकानु को दी शिकस्त

**एजेंसी, लंदन**

शीर्ष रैंकिंग वाली एरीना सबालेंका ने विम्बलडन में स्थानीय दावेदार एम्मा राडुकानु के शानदार सफर को विम्बलडन में 7-6(6) 6-4 की जीत के साथ रोक दिया। ऑल इंग्लैंड क्लब में दो बार की सेमीफाइनलिस्ट सबालेंका ने शुक्रवार रात को दोनों सेटों में 2021 यूएस ओपन चैंपियन के खिलाफ जोरदार वापसी की। राडुकानु 18 साल की उम्र में यूएस ओपन में एक क्वालीफायर के रूप में अपने खिताब के बाद से अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेल रही थीं।




राडुकानु 74 मिनट के पहले सेट में एक समय 4-2 से आगे थी, लेकिन सबालेंका ने अगले 12 में से 11 अंक हासिल कर 5-4 की बढ़त बना ली। राडुकानु इसके बाद टाईब्रेकर में भी 6-5 से आगे थी, लेकिन सबालेंका ने शानदार वापसी कर अंतिम तीन अंक को जीत कर बढ़त कायम की। तीन बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका ने इसके बाद दूसरे सेट में ब्रिटेन की खिलाड़ी को ज्यादा मौके नहीं दिए।

सबालेंका पिछले लगातार तीन ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचीं, जिसमें उन्होंने पिछले साल सितंबर में यूएस ओपन जीता था। वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मैडिसन कीज से और जून में फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ से हार कर उपविजेता रही थीं।

## कनाडा ओपन : चोउ टिएन चेन को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे श्रीकांत

**एजेंसी, कैलगरी**

भारत के किदाम्बी श्रीकांत ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए यहां कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीय चोउ टिएन चेन पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



विश्व चैंपियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता और इस साल मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाले श्रीकांत ने शुक्रवार रात को 43 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चेन को 21-18, 21-9 से हराया। वर्तमान में विश्व में 49वें स्थान पर काबिज श्रीकांत का फाइनल में जगह बनाने के लिए अब जापान के तीसरे वरीय केंटा निशिमोटो से मुकाबला होगा।

इससे पहले 2022 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम ने 79 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में निशिमोटो से 15-21 21-5 17-21 से हारने से पहले उनके सामने कड़ी चुनौती पेश की। महिला एकल में श्रीयांशी वलिशेट्टी का प्रभावशाली प्रदर्शन डेनमार्क की अमाली शुल्ज से हारने के बाद समाप्त हो गया। श्रीकांत ने चेन के खिलाफ शानदार शुरुआत करते हुए 5-0 की बढ़त हासिल की लेकिन चीनी ताइपे के खिलाड़ी ने वापसी करके स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। श्रीकांत ने हालांकि, अगले छह में से पांच अंक लेकर गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में श्रीकांत ने इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली और इसके बाद भी अपना दबदबा कायम रखते हुए 19-7 की बढ़त बनाकर मैच आसानी से अपने नाम कर लिया। (अनंत ज्ञान)

## महिला टी20 सीरीज में अजेय बढ़त से चूक गईं भारत की बेटियां

# इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत को 5 रन से हराया

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड महिला टीम ने भारतीय महिला टीम को तीसरे टी-20 में 5 रन से हरा दिया। इसी के साथ 5 मैचों की टी-20 सीरीज में पहले 2 मैच हारने के बाद इंग्लिश विमेंस ने वापसी की। अब सीरीज में भारत की लीड 2-2 की है।

स्टैंड-इन कप्तान टैमी ब्यूमोंट ने टॉस जीतकर भारत के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले और डेनियल व्याट हॉज ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 137 रन की पार्टनरशिप हुई। सोफिया ने 53 गेंदों का सामना कर 75 रन और डेनियल व्याट हॉज ने 42 गेंदों का सामना कर 66 रन बनाए। इंग्लैंड ने 9 विकेट के नुकसान पर केवल 171 रन बनाए थे।

वहीं गेंदबाजी में भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी और दीप्ति शर्मा ने 3-3 इंग्लिश बल्लेबाजों को आउट किया।



मैच जीतने के बाद खुशी मनाती इंग्लैंड की महिला खिलाड़ी।

इसके अलावा श्री चरनी ने अपने 4 ओवरों में 43 रन देकर दो विकेट लिए। जवाब में भारतीय टीम 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 166 रन ही बना पाई। टीम से स्मृति मंधाना ने सबसे ज्यादा 56 रन बनाए। भारतीय टीम को जीत के लिए आखिरी ओवर में 12 रन चाहिए थे, पर वह नहीं बना सकी। हरमनप्रीत कौर और अमनजोत कौर मिलकर सिर्फ 6 रन ही बना पाईं। (अनंत ज्ञान)

### मंधाना रही भारत की टॉप स्कोरर

**ओपनर** स्मृति मंधाना भारत की टॉप स्कोरर रहीं। उन्होंने 49 गेंदों में 56 रन बनाए। मंधाना ने शेफाली वर्मा के साथ मिल कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी हुई। शेफाली वर्मा ने 25 गेंद में 47 रन बनाए।



अपनी इस पारी में उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के भी जड़े। इन दोनों की पार्टनरशिप टूटते ही इंग्लिश गेंदबाज हावी हो गए। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज बड़ा स्कोर नहीं बना पाया। जेमिमा रोड्रिग्स (20) और हरमनप्रीत कौर (23) ने जरूर 100 के ऊपर की स्ट्राइक रेट से छोटी-छोटी पारियां खेलीं, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सकीं।